ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' ... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 22 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-66 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### पलामू सांसद वीडी राम ने नियम 377 के तहत संसद में उठाया मामला



**मेदिनीनगर।** सांसद वीडी राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू के नगर ऊंटारी श्रीवंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नगर ऊंटारी झारखंड का प्रमुख तीर्थ स्थान है। में विश्व की अनोखी 32 मन सोने की भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा है। इसे देखने के लिये देश के कोने-कोने से लोग श्रीवंशीधर नगर आते हैं। नगर ऊंटारी को देश में दूसरे मथुरा-वृंदावन का दर्जा प्राप्त है। प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर तो यहां लाखों भक्तों का जमावड़ा होता है। क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा लंबे अरसे से स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की जाती रही है। ऐसे में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध है कि नगर ऊंटारी स्टेशन में राजधानी के ठहराव का तत्काल आदेश दिया जाये।

### दहेज हत्यारोपी पति व सास को 10 वर्ष सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पलामू जिला अंतर्गत तरहसी थाना के ओझापतरा निवासी पति निरंजन साव व सास मनीता देवी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में रांची जिला अंतर्गत खेलाड़ी मोहननगर निवासी दिलीप साव ने 8 अप्रैल 2018 को निरंजन साव समेत 9 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी तरहसी थाना में दर्ज करायी थी। आरोप था कि दहेज में दो लाख रुपये की मांग को लेकर आरोपियों ने वादी की पुत्री खुशबु कुमारी को जला दिया था। गंभीर रूप से जली खुशबु को सदर अस्पताल डालटनगंज में मृत घोषित कर दिया गया। मौजूद साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए कोर्ट ने पति व सास को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### दम घुटने से चार लोगों की मौत तीन की हालत गंभीर

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सिरसी गांव में तेज ठंड से राहत पाने के लिए कमरे में चुल्हा जला कर सोए चार युवकों की मौत विषैले धुएं से दम घुंटने से बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात को हो गई। वहीं तीन अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी एक ही परिवार के बताये जा रहे हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कोयला जलाने से पैदा हुए धुएं से मृतकों का दम घुंट गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त राहुल कुमार (20), अखिलेश कुमार (21), प्रिंस कुमार (20) और अरमान अली (19) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि ये सभी बिहार के बक्सर जिले से थे और सिरसी में एक संस्थान से कंप्यूटर कोर्स कर रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इन लोगों ने तेज ठंड से बचने के लिए बुधवार को अपने किराए के कमरे में कोयले का चुल्हा जलाया था और धुंए की वजह से दम घुटने से इनकी मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि पिछले 10 दिन से हजारीबाग सहित राज्य के कई हिस्सों में शीत लहर चल रही है। पुलिस ने बताया कि कोई आहट नहीं मिलने पर स्थानीय लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और पाया कि ये युवक बेसुध पड़े थे। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का प्रदर्शन, लाठीचार्ज, तीन घायल

**रांची।** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों पर गुरुवार को विधानसभा के निकट धरना प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज किया गया। इसमें तीन स्वयंसेवक घायल बताए जा रहे हैं। मालूम हो कि संघ के कर्मचारी पिछले 4 दिनों से विधानसभा के नजदीक स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन कर रहे थे। विधानसभा सत्र के आखिरी दिन इन्हें उम्मीद थी कि कई विधायक-मंत्री इनसे मुलाकात करने पहुचेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, जिसकी वजह से पंचायत स्वयं सेवक प्रदर्शन के दौरान उग्र हो गए। लाठीचार्ज से पहले उनपर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और वाटर कैनन का भी प्रयोग किया गया। लाठीचार्ज में घायल तीन लोगों को इलाज के लिए नजदीक के पारस अस्पताल भेजा गया है। घायलों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। लाठीचार्ज के बाद पंचायत स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने घोषणा कि जबतक स्वास्थ्य मंत्री आकर इनसे वार्ता नहीं करेंगे तब तक इनका प्रदर्शन जारी रहेगा। बताते चलें कि ये अपनी मांगों को लेकर पिछले 167 दिनों से राजभवन के सामने धरना दे रहे थे।

---

### लोहरदगा के कैरो में पीएलएफआई नक्सलियों ने मचाया उत्पात, इलाके में दहशत का माहौल

# निर्माण कार्य स्थल पर पोकलेन व ट्रैक्टर में लगाई आग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के कैरो थाना क्षेत्र में वर्षों बाद फिर से एक बार आपराधिक तत्वों ने अपनी दस्तक देते हुए भय का माहौल बना दिया है। पीएलएफआई नक्सलियों ने एक बार फिर उत्पात मचाते हुए निर्माण कार्य स्थल पर लगी पोकलेन व ट्रैक्टर में आग लगा दी। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार कैरो थाना क्षेत्र में नंदिनी डैम के तीन नहर के पक्कीकरण और मरम्मती का कार्य लॉर्ड्स इंफ्रा कान प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा 39 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। नक्सलियों ने बुधवार की रात्रि को नंदनी जलाशय से निकलने वाली तीन नहरों के पक्कीकरण कार्य में से पुरबे







नहर में कैरो नवाटोली और एडादोन के बीच नहर पुलिया के सामने कार्य में लगी पोकलेन मशीन व एक ट्रैक्टर को आग लगा दी, जिसमें पोकलेन मशीन पूरी तरह जल गई जबकि ट्रैक्टर को जलने से बचा लिया गया। इस घटना को अंजाम देने के बाद पीएलएफआई के उग्रवादी वहां से चलते बने। सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही पीएलएफआई के उग्रवादियों ने धमकी देते हुए लेवी की मांग की थी। इसके बाद घटना को लेकर कैरो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी बीच, बुधवार की रात पीएलएफआई के एरिया कमांडर हार्डकोर कृष्णा यादव के हथियारबंद दस्ता ने आधा दर्जन की संख्या में नहर मरम्मत और पक्कीकरण योजना स्थल पर पहुंचकर वहां सो रहे निर्माणकारी एजेंसी के कर्मियों को जगाया। इसके बाद कर्मियों से कहा कि वे मशीनों में आग लगा रहे हैं। किसी ने भी आग को बुझाने की कोशिश की तो उसे गोली मार दी जाएगी। इसके बाद पीएलएफआई के उग्रवादियों ने योजना स्थल पर खड़े दो पोकलेन मशीन और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। इसके बाद किसी प्रकार से मजदूरों ने घटना की सूचना कैरो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

---

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री का विपक्ष पर प्रहार, कहा

# हमारी सरकार कार्यकाल पूरा करेगी, 24 में भी हम ही आयेंगे

- **सरकार बनने के कुछ घंटे बाद ही हमारी सरकार गिराने का शुरू हो गया था प्रयास**
- **राज्यपाल भी सरकार हिलाने-डुलाने में जुटे रहे**
- **हमारी सरकार करायेगी जातिगत गणना**
- **ओबीसी आरक्षण बिल की मंजूरी के लिए मिलेंगे राज्यपाल से**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र विधानाध्यक्ष अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो और सदन नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाषण के साथ अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। मुख्यमंत्री ने अपना संबोधन शायराना अंदाज में करते हुए कहा 'हमारे कदम चलते रहेंगे जब तक सांस हैं, हम वो मुसाफिर नहीं की बाधा देख कर चलना छोड़ दें'। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य के विपक्ष पर जमकर हमला बोला। कहा, इनकी आदत न सच बोलने की है और न सच ही सुनने की है। हमे पूर्ण बहुमत देकर राज्य की जनता ने हमारी सरकार बनायी। मगर सरकार गठन के कुछ ही घंटे बाद से हमारी सरकार को गिराने का षडयंत्र शुरू हो गया। कभी राजभवन के जरिए तो कभी खरीद-फरोख्त के जरिए। जब इसमें ये सफल नहीं हुए तो ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को हमारे पीछे लगा दिया। राज्यपाल कहीं न कहीं केंद्र का प्रतिनिधि होने के नाते वह केंद्र से प्रभावित रहते हैं। उनके जरिए भी हमें अस्थिर करने का प्रयास हुआ। मगर मैं सदन को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और आने वाले 2024 में फिर हम ही सरकार बनाएंगे।

**ओबीसी आरक्षण बिल की स्वीकृति के लिए राज्यपाल से मिलेंगे :** मुख्यमंत्री कहा कि हमारी सरकार जातिगत गणना कराएगी। हमारी सरकार ने ओबीसी आरक्षण बिल पास करके राज्यपाल के पास भेजा है। मगर राज्यपाल इसको लेकर अब तक कुछ नहीं कर रहे हैं। शीतकालीन सत्र के बाद हम सभी राज्यपाल से मिलने जाएंगे और इसे जल्द से जल्द स्वीकृति देने की गुहार लागाएंगे।

**क्या हम 25 साल के युवा झारखंड को सशक्त कह पाएंगे :** सीएम ने कहा कि ऐसे वक्त में राज्य का मुझे बागडोर मिला जब चंद सालों में ही यह युवा राज्यों की गिनती में आ गया। सबसे अधिक विपक्ष को ही सरकार चलाने का मौका मिला। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### विपक्ष से सच्चाई सुनी नहीं जाती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को बताना चाहिए कि सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर इन्होंने क्या किया। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्षी विधायकों ने वॉकआउट किया। सीएम हेमंत ने कहा कि यही दिक्कत है। उनसे सच्चाई सुनी नहीं जाती। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 4 साल में सभी समस्याओं के समाधान का दावा नहीं कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यह मजदूर पैदा करने वाला राज्य नहीं रहेगा।

---

# लोकसभा से निलंबित सांसदों का शतक पूरा

### कांग्रेस सदस्य दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ किए गए निलंबित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना करने को लेकर गुरुवार को कांग्रेस के तीन सदस्यों- दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। सदन की अवमानना के मामले में अब तक लोकसभा के कुल 100 सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है। इससे पहले गत सप्ताह गुरुवार को 13 सदस्यों, इस सोमवार को 33, मंगलवार को 49 और बुधवार को दो विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। सदन में प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ को सदन की अवमानना करने के मामले में निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभा ने ध्वनिमत से मंजूर कर लिया। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल समाप्त होते ही तीनों सदस्यों का नाम लेते हुए कहा, आप बार-बार सदन की कार्रवाई बाधित कर रहे हैं, तख्तियां दिखा रहे हैं, नारेबाजी कर रहे हैं और कागज फाड़कर लोकसभा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक स्थगित सत्र में पारित हुए 18 विधेयक

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में गुरुवार दो विधेयक पारित किए गए । इन्हें मिलाकर इस सत्र में आपराधिक न्याय व्यवस्था से जुड़े तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयक पारित किए गए। लोकसभा के इस सत्र की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 4 दिसंबर को प्रारंभ हुए 17वीं लोकसभा के 14वें सत्र में 14 बैठकें हुई और 61.50 घंटे काम हुआ। सत्र की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। कुल 12 विधेयक पेश किए गए और 18 विधेयक पारित किए गए। प्रमुख विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

---

# पलामू में रेस्क्यू की गईं 18 लड़कियां

### छानबीन में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने छापेमारी कर 18 लड़कियों का रेस्क्यू किया है। जिन लड़कियों का रेस्क्यू किया गया है, उनमें कुछ नाबालिग भी हैं। रेस्क्यू की गई लड़कियां किन कारणों से यहां लाई गई थी। मानव तस्करी या कोई अन्य कारण है। इस बिंदु पर पुलिस छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि पलामू पुलिस को यह सूचना मिली थी कि रांची के इलाके से गायब दो नाबालिग लड़कियां सदर थाना क्षेत्र के गुरियाही के इलाके में हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। इस छापेमारी में दोनों नाबालिगों को बरामद किया गया, जबकि मौके से 16 अन्य लड़कियों का भी रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू की गई सभी लड़कियों से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। सभी लड़कियां गुरियाही इलाके में एक घर में मौजूद थीं। बरामद सभी लड़कियां रांची, खूंटी और उसके आसपास के इलाके की हैं। पुलिस सभी लड़कियों के नाम और पते का सत्यापन कर रही है। उनके परिजनों को भी सूचित किया जा रहा है। सभी लड़कियों को महिला और आहातू थाना में लाया गया है और उनसे जानकारी ली जा रही है। पुलिस ने मामले में बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से भी संपर्क किया है। कुछ लड़कियों ने पुलिस को बताया है कि वह विभिन्न तरह का प्रोडक्ट बेचने के लिये इलाके में आयी हैं। पुलिस यह पता लगा रही है कि लड़कियां किसके माध्यम से आई हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि छानबीन की जा रही है।

---

### रोते हुए साक्षी मलिक ने कुश्ती से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक अब कुश्ती खेलती नजर नहीं आएंगी। उन्होंने संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का नया अध्यक्ष चुने जाने के विरोध में रोते हुए भारी मन से कुश्ती से संन्यास ले लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी बताए जाते हैं। साक्षी इस फैसले से काफी निराश थी और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने फैसले की जानकारी दी। बता दें कि 21 दिसंबर को कुश्ती महासंघ के चुनाव हुए और इसके तुरंत बाद आए परिणाम में संजय के नाम पर मुहर लग गई थी।

---

# शीतलहर की चपेट में पलामू, सभी विद्यालय 31 तक बंद

### कहीं जलकर बुझे तो कहीं जले ही नहीं अलाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू शीतलहर की चपेट में है। कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आम लोगों की दिनचर्या बदल गई है। ठंड के कारण लोग देर से घरों से निकल रहे हैं और शाम होते घरों में दुबकने को विवश हो रहे हैं। बाजारों की चहल-पहल मंद पड़ गई है। शाम ढलते सड़कें सूनी हो जा रही है। ठंड से सबसे अधिक दिहाड़ी मजदूर प्रभावित हो रहे हैं। ठंड से मजदूर, फुटपाथी व अन्य राहगीरों को राहत के लिए अलाव जलाने की प्रशासनिक कवायदे ठंडी पड़ गई है। चार दिन पूर्व शहर के कुछ



फाइल फोटो

सार्वजनिक स्थानों व चौराहों पर अलाव जले पर दूसरे दिन ही बुझ गये। ग्रामीण इलाकों का तो ठंड से और हाल बेहाल है। पलामू में गुरुवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा। आसमान में आंशिक बादलों के कारण धूप की गर्मी भी नर्म रही। धूप भी ठंड से राहत नहीं दे सकी। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक ठंड से राहत के आसार नहीं हैं।

#### सभी विद्यालय 26 से बंद होंगे

शीतलहर के प्रकोप को देखते हुये झारखंड के सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक विद्यालयों सहित समस्त शिक्षण संस्थानों को 26 से 31 दिसंबर तक बंद कर दिया गया है। प्रदेश के अपर सचिव कुमुद सहाय ने इस संबंध में सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है।

---

# एससी के फैसलों से ईडी की गिरफ्तारी की शक्तियां बढ़ेंगी या ?



**सुनील बादल**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन की अनदेखी कर दी है। एक बार फिर ईडी के बुलाए जाने के बाद भी केजरीवाल पेशी के लिए नहीं गए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन पर सवाल उठा चुके हैं । पूर्व मंत्री सरयू राय ने तो उनकी तारीफ भी की है वे ईडी से बहादुरी से लड़ रहे हैं । इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय गिरफ्तारी के समय किसी आरोपी को उसकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में मौखिक रूप से सूचित करना पर्याप्त है। हालांकि, 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी के आधार को लिखित रूप में देना होगा। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट का ही गिरफ्तारी को लेकर दिया एक आदेश इससे कुछ अलग था। दो फैसलों की खास बात यह है कि शीर्ष अदालत ने एक ही सवाल पर कानून की व्याख्या दो तरह से की है। दोनों ही मामलों में आरोपी को गिरफ्तारी के आधार का लिखित दस्तावेज मुहैया नहीं कराया गया। इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने कहा कि बिना लिखित प्रमाण के गिरफ्तारी शक्तियों का मनमाना और निरंकुश इस्तेमाल है। हालांकि, दूसरे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को सही ठहराया। अपने फैसले में शीर्ष अदालत ने ईडी की शक्तियों की अहम व्याख्या की। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने कहा, गिरफ्तारी से पहले प्रवर्तन निदेशालय अगर आरोपी को मौखिक सूचना भी देता है तो इसे पर्याप्त माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक किस आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया जा रहा है, इसकी जानकारी मौखिक रूप से देने के बाद की गई कार्रवाई को मनमाना नहीं माना जाएगा। हालांकि, 24 घंटे के भीतर आरोपी को ग्राउंड की लिखित प्रति मुहैया कराना अनिवार्य होगा। 15 दिसंबर को पारित इस फैसले के बाद तीन अक्टूबर का फैसला निष्प्रभावी हो गया है। अक्टूबर के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी अगर किसी को गिरफ्तार करना चाहती है तो गिरफ्तारी के बुनियादों की प्रति आरोपी को लिखित रूप में मुहैया कराना अनिवार्य शर्त होगी। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग पर नकेल कसने के लिए पीएमएलए कानून के तहत कार्रवाई करती है। इस कानून की धारा 19 के तहत ईडी को गिरफ्तारी के अधिकार दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि आरोपी को ईडी 'जल्द से जल्द' लिखित रूप से बताएगी कि किन आधारों पर उसे अरेस्ट किया गया है। इसकी व्याख्या करते हुए शुक्रवार को जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश शर्मा की पीठ ने कहा, 'जल्द से जल्द' को 'यथाशीघ्र' या जितनी जल्दी संभव हो समझा जाए।अदालत ने साफ किया कि यथाशीघ्र का अर्थ 'देरी की न्यूनतम गुंजाइश' है। कितना समय लग सकता है? इस पर भी शीर्ष अदालत की खंडपीठ ने स्पष्ट व्याख्या की। पीठ ने कहा, 'उचित रूप से सुविधाजनक' या 'जितना उचित रूप से अपेक्षित हो' उतनी अवधि के भीतर ईडी को लिखित दस्तावेज आरोपी को मुहैया कराने होंगे। दो दशक पहले बनाए गए कानून- धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए 2002) की धारा 19 ईडी को अधिकार देती है। इसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता है। अधिकृत ईडी अधिकारियों को सबूतों या संदेह के आधार पर गिरफ्तारी की ताकत मिलती है। इस धारा के तहत लगे आरोप के बाद ईडी भरोसा कर सकती है कि आरोपी ने इस कानून के तहत दंडनीय अपराध किया है। कानून में स्पष्ट किया गया है कि ईडी को संदेह और गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। गिरफ्तारी के आधार के बारे में आरोपी को 'जितनी जल्दी हो सके' जानकारी दी जाएगी। गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर आरोपी को विशेष अदालत, न्यायिक मजिस्ट्रेट या मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के पास ले जाया जाएगा। विजय मदनलाल चौधरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार, जस्टिस एएम खानविलकर (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने ईडी की शक्तियों की स्पष्ट व्याख्या की थी। अदालत ने पीएमएलए के प्रावधानों की वैधता बरकरार रखी थी। 27 जुलाई को कोर्ट ने 540 पेज का विस्तृत आदेश पारित किया। लगभग हर पहलू पर सरकार की दलीलों को स्वीकार कर शीर्ष अदालत ने कहा, पीएमएलए कानून की धारा 19 असंवैधानिक नहीं है। अदालत ने माना कि प्रावधान का पीएमएलए के उद्देश्य के साथ उचित संबंध है। कानून को चुनौती देते हुए याचिकाकताओं ने कहा था,वित्त अधिनियम (फाइनांस एक्ट) के तहत मनी बिल के रूप में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

---

# पुंछ में भारतीय सेना की दो गाड़ियों पर आतंकी हमला, तीन जवान घायल

### सैनिकों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकियों से मुठभेड़ शुरू

**नई दिल्ली।** जम्मू के पुंछ इलाके में गुरुवार को आतंकवादियों ने भारतीय सेना की दो गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया है, जिसमें तीन जवान घायल हुए हैं। इसके बाद सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की, जिस पर आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हो गई है। दरअसल, पुंछ पुलिस और भारतीय सेना ने बुधवार रात एक खुफिया इनपुट साझा किया था, जिसके बाद 20 दिसंबर की रात से सामान्य क्षेत्र डेरा की गली (डीकेजी), थानामंडी, राजौरी में एक ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान जम्मू के पुंछ में बफलियाज और थानामंडी रोड के बीच आतंकियों ने भारतीय सेना की दो गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया है, जिसमें सेना के तीन जवानों के घायल होने की खबर है। सेना ने इस आतंकी हमले की पुष्टि करते हुए एक बयान में बताया है कि कल देर रात शुरू हुए ऑपरेशन के बाद आज कुछ घंटे पहले आतंकियों से संपर्क स्थापित हो गया। गुरुवार को लगभग 03:45 बजे सेना के दो वाहन सैनिकों को लेकर ऑपरेशनल साइट की ओर बढ़ रहे थे, जिन पर आतंकवादी ने गोलीबारी की। इसके बाद भारतीय सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और इसी के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई है। इस चल रहे ऑपरेशन में तीन सैनिक गंभीर रूप से हताहत हुए हैं। फिलहाल ऑपरेशन जारी है और आगे की जानकारी का पता लगाया जा रहा है।

## गागर में सागर

### चोरों ने विधवा के घर से नगदी व जेवरात उड़ाया

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलरा गांव में एक विधवा महिला के घर से अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात्रि नगदी सहित जेवरात चुरा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले पड़ोस में लालजी यादव के घर का भी चोर ताला तोड़ चुके हैं। कुछ नहीं मिला तो भागरती कुंवर के घर में घुस कर संदूक में रखा चार थान गहना तथा 6 हजार रूपए नगद लेकर चलते बने। घर से आवाज आने पर जब महिला ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो बाहर से दरवाजा बंद पाया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गये। वहीं गुरुवार की सुबह चोरी हुये संदूक का और सामान बटाने नदी किनारे बिखरा पड़ा मिला।

### कंबल व गर्म वस्त्रों का वितरण

**सतबरवा।** प्रखंड के बदलाया गांव में गुरुवार को नारायण सेवा समिति द्वारा गरीब ,लाचार, वृद्ध व बच्चों के बीच कंबल व गरम वस्त्र का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि वस्त्र वितरण में सतबरवा प्रखंड के साथ -साथ पलामू जिले के कई गणमान्य लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सामूहिक सहयोग से ही यह कार्य सफल हो रहा है। आयोजन में बेलवाटीका निवासी राष्ट्रीय स्वयं संघ के स्वयंसेवक महेश प्रसाद, नीरज जी,संतोष कुमार, कुलेश्वर भुईयां, रविंद्र सिंह, रूपेश कुमार, बुधन भुईयां, राहुल भुईयां, विजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने कंबल का किया वितरण

**पाटन।** पाटन में ठंड का कहर जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने ग्राम संडा, सदपुर, हुरुहासा गांव में गरीबों व असहायों के बीच बीस कंबल का वितरण किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी। मौके पर विनीत सिंह, आकाश सिंह, दीनदयाल सिंह उपस्थित थे।

### पूर्व मुखिया के वयोवृद्ध बाबा के निधन से शोक

**पाटन।** उताकी पंचायत के पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह के बाबा राजेंद्र सिंह के निधन पर नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उम्र संबंधी बीमारियों से ग्रस्त राजेंद्र सिंह की मृत्यु 95 साल की उम्र में उनके आवास पर हुई। वे अपने पीछे अपने पांच बेटों का भरा-पूरा परिवार छोड़कर गये हैं। इनका अंतिम संस्कार सदाबह नदी के मांझीगांव घाट पर किया गया। मौके पर ललन सिंह, विरेंद्र सिंह, अजय सिंह,कमल सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह मौजूद थे।

### सिरमा पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**पाटन।** वृहस्पतिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सिरमा पंचायत भवन मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सिरमा मुखिया विंध्यवासिनी देवी, पूर्व मुखिया राकेश दुबे, मण्डल मंत्री अर्जुन तिवारी समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन को लेकर डीडीसी ने की बैठक

# पीवीटीजी परिवारों के विकास के लिए चलेंगी कई योजनायें

**जिले के 167 गावों में पीवीटीजी के कुल 4604 परिवार हैं : डीडीसी**

**योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना है**


बैठक करते उप विकास आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने गुरुवार को विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग संयुक्त बैठक कर प्रधानमंत्री जनमन योजना से पीवीटीजी परिवारों के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। श्री आनंद ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के 167 गावों में पीवीटीजी के कुल 4604 परिवार हैं। इन परिवारों के लिये विशेष कार्ययोजना तैयार करें। कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। इसके लिए योजना के तहत विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के माध्यम से कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। उप विकास आयुक्त श्री आनंद ने कहा कि इन गतिविधियों में पक्के घर का प्रावधान, संपर्क सड़क, नल से जल, समुदाय आधारित पेयजल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहु-उद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण ग्रिड सोलर पावर के माध्यम से, वनधन केन्द्रों की स्थापना,इंटरनेट तथा मोबाईल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना को मिशन मोड में क्रियान्वित किया जाएगा। जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

बैठक में मुखिया संघ के पदाधिकारियों ने बुलंद की मांग

# चापा नलों की स्थापना में मुखिया की सहमति जरूरीः मुखिया संघ


बैठक करते मुखिया संघ के पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड मुखिया संघ की बैठक गुरुवार को अर्बन अस्पताल हुसैनाबाद परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम ने की। जबकि संचालन दंगवार मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर ने किया। बैठक में मुखिया संघ ने सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड के प्रत्येक पंचायतों में पेयजल स्वच्छता विभाग के माध्यम से दस- दस नये चापनल लगवाने का आदेश दिया है, परंतु विभाग द्वारा सिर्फ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की स्वीकृति की बात कही गई है। जबकि पंचायत के जनप्रतिनिधियों को इससे उपेक्षित रखा गया है। जिसके चलते पंचायत के जरूरी स्थानों पर चापानल नहीं लग पा रहा है। मुखिया संघ सरकार के इस फैसले के खिलाफ गोलबंद हो रहे हैं। अगर सरकार द्वारा इस दिशा में पहल नहीं की गयी तो मुखिया संघ सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे।

श्रद्धालुओं के जयघोष से वातावरण भक्तिमय

# शिव मंदिर से भगवती मंडप में आया पूजित अक्षत

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूजित अक्षत गुरुवार को शिव मंदिर से भगवती मंडप में लाया गया। नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत सुदूर डगरा अंतकाला शिव मंदिर से पूजित अक्षत लाने के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा किये जा रहे जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। पदाधिकारियों ने बताया कि अक्षत सह कलश को शुक्रवार पूर्वाह्न 11.00 बजे तक भगवती मण्डप में ही रहेगा। तत्पश्चात इसे किसी दूसरे धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं के पूजा-अर्चना के लिए रखा जायेगा। मौके पर डा. रमेश कुमार, डा. अनिल साहू, नरेंद्र कुमार,उपेंद्र कुमार, राधेश्याम सिंह, प्रताप कुमार सिंह, मंटू कुमार सिंह,पवन कुमार सिंह,मंजीत कुमार सिंह,अनुज कुमार सिंह, लालबिहारी यादव,अरुणजय सिंह,धीरज कुमार सिंह, संजय गुप्ता,लल्लू साहू उपस्थित रहे।


जयकारे लगाते श्रद्धालु

19 तालाबों का माड्यूल का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश

# चैनपुर का कोयल आजीविका पार्क होगा अपग्रेड

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के चैनपुर प्रखंड में जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित कोयल आजीविका पार्क को और विकसित किये जाने की दिशा में प्रशासनिक कवायदें शुरू हो गई है। इस कोयल आजीविका पार्क को अपग्रेड करने के लिए उपायुक्त ने प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश पीएमयू (डीएमएफटी) को दिया है। इसके अलावे डीएमएफटी मद से जिले में कई महत्वकांक्षी व कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करने की तैयारी की जा रही है। इसका निर्णय डीएमएफटी के बैठक में लिया गया था। इस आलोक में उपायुक्त ने नीति आयोग एवं डीएमएफटी के अभिसरण से तालाब निर्माण के लिए प्राप्त लक्ष्य के अनुसार स्वीकृति हेतु 19 माड्यूल का प्रस्ताव तैयार करने का भी निर्देश पीएमयू को दिया है। बताया गया है कि पूरे जिले में 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। जिन्हें 15 दिनों के अंदर पूर्ण कर लाभुकों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। जिले में सिंचाई व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से जमींदारी बांधों की मरम्मति की योजनाएं पूर्ण हो चुकी है। इससे कृषि कार्य हेतु किसानों को सिंचाई करने में काफी सहुलियत होगी। इसके अलावे भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को मेदनीनगर के विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष, शौचालय, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र समेत अन्य योजनाओं में प्राक्कलन के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।


फाइल फोटो

# पेनाल्टी शूटआउट में अमही ने मंझौली को हराया

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को अमही का सामना मंझौली से हुआ। दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक- एक गोल की बराबरी पर रहीं। उसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें अमही ने मंझौली को 3-2 से हराकर विजय हासिल की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन मेहता व जमुआ के समाजसेवी ओमप्रकाश कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। क्लब के संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने दोनों टीमों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों से संयम के साथ खेलने का आह्वान किया। मैच के दौरान मशहूर फुटबॉलर जयकुश सिंह, भर्दुल सिंह, आलोक कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम, पसिंह, ताक्की रिजवी, सगीर अहमद उपस्थित थे। प्रतियोगिता में शुक्रवार का मैच सडेया बनाम विश्वसीया के बीच खेला जाएगा।

भाजयुमो कमेटी का विस्तार अगली बैठक में

# बैठक में मंडल सशक्तिकरण पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजयुमो की बैठक गुरुवार को अविनाश कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन भाजयुमो नगर मंडल मंत्री राजीव ठाकुर ने किया। इस बैठक में बतौर प्रभारी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन मेहता ने नगर मंडल युवा मोर्चा को सशक्त कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने और केंद्र में पुनः भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर है। युवा राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इसी से देश व समाज का कल्याण संभव है। उन्होंने भाजयुमो के सभी सदस्यों से मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने की अपील की। अविनाश कश्यप ने आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि भाजयुमो हुसैनाबाद नगर मंडल का विस्तार आगामी बैठक में किया जायेगा। इस मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, अमित कुमार सिंह,नीरज सिंह, विनोद पासवान, वीर बहादुर सिंह, पिन्टु कुमार सिंह, विजय प्रजापति, शुभम सिंह, निखिल, प्रिंस, राजू मौजूद थे।

### जीएम की पहल पर 18 घंटे बाद मिली बिजली, लोगों को राहत

**हुसैनाबाद।** जीएम की पहल पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति 18 घंटे के बाद बहाल की गई। इससे लोगों को राहत मिली। मालूम हो की हुसैनाबाद शहर के दातानगर के समीप 33 केवीए के रेलवे अंडर पास से गुजरी केबुल तार में मंगलवार की देर रात अचानक टेक्निकल फॉल्ट होने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट हो गया। इसकी सूचना मिलते ही विभाग के महाप्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता ने इस मामले को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए एक टेक्निकल टीम हुसैनाबाद भेजा। टेक्निकल टीम और जपला विद्युत विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद बुधवार की देर शाम तक फॉल्ट को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। कड़ाके की ठंड में 18 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। बिजली बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने महाप्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता व स्थानीय कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद आलम सहित भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी जुल्फिकार अली, बैजनाथ सिंह, फरीद खान, घूरा प्रसाद पाल, जेएमएम युवा नेता मुन्ना कुमार देव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### डीएसओ ने छतरपुर के एसएफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, एसडीओ छतरपुर हीरा कुमार ने छतरपुर स्थित एसएफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि वर्तमान में क्रियाशील गोदाम की भण्डारण की स्थिति गुणवत्तापूर्ण है, लेकिन पूर्व में संचालित गोदाम जिसमें चीनी, नमक और चना दाल का भण्डारण किया गया था। उसकी स्थिति जर्जर है। जिस कारण काफी दिनों से इस गोदाम को उपयोग में नहीं लिया जा रहा है। बताया गया कि छतरपुर प्रखंड में नया गोदाम का निर्माण अंतिम चरण में है। जल्द उसे प्रारम्भ कर खाद्यान्न प्राप्ति एवं निर्गमन का कार्य शुरू किया जाएगा। इस गोदाम में भण्डारित सामग्री का 24 घंटे के अंदर क्रियाशील गोदाम में भण्डारण करने का निर्देश सम्बंधित सहायक गोदाम प्रबंधक और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया।


## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा
वी0जे0 इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा
Email Id- deo-chatra@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना**

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष DMFT, चतरा के स्वीकृत्यादेश के आलोक में जिले के 22 उॅच्च/उत्क्र उॅच्च विद्यालयों में बेंच डेस्क की आपूर्ति हेतु GEM निविदा संख्या GEM/2023/B/4319591 दिनांक 12.12.2023 के माध्यम से निविदा प्रकाशन किया गया है। उपायुक्त महोदय से प्राप्त स्वीकृति के उपरांत अपरिहार्य कारणो से इस निविदा को निरस्त किया जाता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा

PR 313998 School Education and Literacy(23-24)#D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) गुड्डू खेरवार, पिता–शंकर खेरवार, ग्राम–मनिनगर, नहर पार, थाना–डेहरी नगर, जिला–रोहतास, राज्य–बिहार, आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–451/2018, दिनांक–04.11.2018, धारा–302/34/ भा0द0वि0 एवं 27 शस्त्र अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त है, आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय–मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। जिसका विधिवत तामिला दिनांक–13.12.2023 को आपके घर पर इश्तिहार चिपकाकर किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता ग्राम–मनिनिगर, नहर पार, थाना–डेहरी नगर, जिला–रोहतास, बिहार से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय–मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 313955 Police(23-24).D

## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा।
**आम सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांक 812/मनरेगा दिनांक 18.12.2023 से मनरेगा अन्तर्गत विभिन्न पदों यथा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के पद हेतु संविदा पर नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति दर्ज करने के लिए चतरा जिले के वेबसाइट www.chatra.nic.in पर सभी आवेदनों में दर्ज विवरणी अपलोड किया गया है ।

ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि साईबर ठगो द्वारा माबाईल नम्बर– 8142096592, 9064678179, 9341089563, 8436269517 एवं अन्य नम्बरों से अभ्यर्थियों से फोन कर राशि की मांग की जा रही है, जो साईबर अपराध है ।

अतः आमजनों को सूचित किया जाता है कि ऐसे किसी भी फोन नम्बर से मांगी गई राशि का भुगतान नहीं करें एवं इसकी सूचना जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा को अविलम्ब दें। पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त संविदा नियुक्ति में किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाती है ।

उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक चतरा ।

PR 314003 Rural Development(23-24)D

## कार्यालय– जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त, लातेहार
(जिला नजारत शाखा)

**-: अति अल्पकालीन निविदा :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 3632/रा0, दिनांक 24.06.2016 द्वारा अरूणोदय अतिथिगृह–सह–उपायुक्त कैम्प कार्यालय, नेतरहाट के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जाने का निदेश प्राप्त है। उक्त निदेश के अलोक में अरूणोदय अतिथिगृह–सह–उपायुक्त कैम्प कार्यालय, नेतरहाट के सफल संचालन हेतु आवश्यक शर्तो के साथ झारखण्ड राज्य के विभिन्न संचालन संस्था/प्रतिष्ठानों से दिनांक 05.01.2024 को अपराहन् 12:30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 05.01.2024 को अपराहन् 03:00 बजे निविदा खोला जायेगा। निविदादाता को उपायुक्त, लातेहार के पद नाम से मो0 50000/– पचास हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्ते इस जिले के वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार।

PR 313933 (District) 23-24 (D)

## झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।
**ई– निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा संख्या:- 12/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA    दिनांक:–20.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आइडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाखों) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/ STPKG-11/ 2023-24 | डुमरी से करमडोन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.400 कि0मी0)<br>डुमरी से पकरीटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.500 कि0मी0)<br>अकासी से करमडोनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.200 कि0मी0)<br>आर0ई0ओ0 रोड़ जैरागी से डहकुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.500 कि0मी0)<br>ताती से बमहनडीपा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0)<br>बानडुआ से महुआडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.200 कि0मी0)<br>आर0ई0ओ0 रोड़ बाधमरिया से बनडुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.662 कि0मी0)<br>पी0डब्लू0डी0 रोड़ कानजी से बतसपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.650 कि0मी0)<br>चिरैया से खुँटकोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.200 कि0मी0) | 1550.148 | पन्द्रह करोड पचास लाख चौदह हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 09 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 29.12.2023
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–09.01.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 11.01.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 313974 Rural Work Department(23-24)D

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा।
(जिला आपूर्त्ति शाखा )
(Email Id- dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

**–:आदेश:–**

मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए चावल मध्यम, चना मध्यम एवं सोयाबड़ी मध्यम दाल–भात केन्द्र संचालकों को उपलब्ध कराने के लिए अतिअल्पकालीन निविदा संख्या 01/2023–24 आमंत्रित किया गया था। इसका प्रकाशन जिला आपूर्ति कार्यालय, चतरा के आदेश ज्ञापांक–398/आ0, दिनांक–18.03.2023 द्वारा किया गया था।

निविदा निश्पादन हेतु गठित निविदा समिति की अनुशंसा के आलोक में न्यूनतम दरदाता (L1) के रूप में चयनित मे0वी0के0 एजेन्सी, चतरा को कार्यालय ज्ञापांक–459/आ0, दिनांक–05.04.2023 द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया। निविदा संख्या–01/2023–24 की समीक्षा हेतु अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा जॉंच दल का गठन किया गया।

जॉंच दल के द्वारा समर्पित संयुक्त जॉंच प्रतिवेदन एवं उनके द्वारा की गई अनुशंसा के क्रम में अतिअल्पकालीन निविदा संख्या–01/2023–24 के कंडिका 16 में अंकित शर्त्त के आलोक में उक्त निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए कार्यालय द्वारा निर्गत कार्यादेश ज्ञापांक–459/आ0, दिनांक–05.04.2023 को विलोपित किया जाता है।

उपायुक्त, चतरा।

PR 314032 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D

## गागर में सागर

### कड़ाके की ठंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने की पहल

**मेदिनीनगर।** कड़ाके की ठंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने जहां बुधवार को बेसहारा लोगों सहित सीडब्ल्यूसी के बच्चों को कंबल प्रदान किया। वहीं शहर स्थित रैन बसेरा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सचिव श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। शहर में कई निराश्रित ऐसे हैं। जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। ऐसे में सभी का दायित्व बनता है कि अपने आसपास रह रहे असहायों व गरीब लोगों को ठंड से बचाव के लिये मदद करें। उन्होंने बुधवार की रात में शहर स्थित रैन बसेरा में जाकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। सचिव ने बताया कि जरूरतमंदों को चिन्हित कर प्राधिकार द्वारा कंबल वितरण किया जायेगा। इस मौके पर पीएलवी विनय प्रसाद, भागीरथी दुबे, मुनेश्वर राम, डीएलएसए कर्मी संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

### चियांकी में जागरूकता शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मेदिनीनगर के चियांकी पंचायत अंतर्गत हवाई अड्डा के पास भारत सरकार, झारखंड सरकार, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके एवं पशुपालन विभाग के पशु विशेषज्ञों द्वारा पशुधन जागृति अभियान व पशु बांझपन शिविर सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. प्रभाकर सिन्हा व सदर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. अनूप विलियम ने किया। उपाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि इस शिविर में विशेषज्ञों एवं पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं की जांच कर पशुपालकों को उचित चिकित्सा व परामर्श भी दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुओं के बांझपन के बारे में अवगत भी कराया जाएगा। साथ ही अनुपूरक पोषण, कृमिनाशक, खनिज मिश्रण एवं दवाईयों का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा। मौके पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डा. बसंत कुमार, डा. उमेश कुमार,जिला सहायक कुटकुट पदाधिकारी डा. उदय सिन्हा, लेस्लीगंज प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. दिलीप महतो, एआइ वर्कर सुधीर,विकास, पवन सिंह, दिव्यांशु दुबे, सुरेश विश्वकर्मा, दुर्गेश पाल उपस्थित थे।

### संत मरियम के छह कराटेकार नेशनल स्पोर्ट्स में लेंगे भाग

**मेदिनीनगर।** स्थानीय संत मरियम विद्यालय के छह बाल कराटेकार 23 दिसम्बर से आसनसोल वेस्ट बंगाल में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श ने बताया कि स्कूल के आर्यन राज, आशीष कुमार, अंकित कुमार, आसिफ खान, अंकुश कुमार तथा आर्यन कुमार सिंह नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के कराटे इवेंट में फाइट करेंगे। यह कार्यक्रम ब्लैक बेल्ट एक्शन मार्शल आर्टस ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। इसमें पश्चिम बंगाल के अलावा झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, गुजरात, नागालैंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा इत्यादि राज्यों के मार्शल-आर्टस खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह टीम मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में 22 दिसंबर को वेस्ट बंगाल के लिए रवाना होगी।

### पलामू के छात्र का आईआईटी रोपड़ में पीएचडी के लिए चयन

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड के सखुआ गांव निवासी शिक्षक कमलनाथ तिवारी के पुत्र अमिताभ त्रिपाठी का चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग अंतर्गत कंप्यूटर विजन विषय में पीएचडी के लिए हुआ है। अमिताभ के पिता प्रधानाध्यापक हैं और माता गृहिणी हैं। उनका परिवार वर्तमान में न्यू एरिया हमीदगंज में रहता है। उनके भाई अमितेश भी एनआईटी कुरूक्षेत्र से एमटेक करके निजी कंपनी में कार्यरत हैं। जबकि छोटा भाई अभिनव बीसीए की पढ़ाई कर रहा है। परिवार वालों ने बताया की अमिताभ व उनके दोनों भाईयों की दसवीं तक पढ़ाई हमीदगंज स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से हुई है। एमकेडीएवी डालटनगंज से उन्होंने 12वीं उत्तीर्ण की। अमिताभ के बचपन के सहपाठी रहे उमेश ने बताया कि वे बचपन से ही मेधावी थे।

---

हाई कोर्ट के आदेश पर 31 दिसंबर तक खाली करनी है भूमि

## रेलवे के अतिक्रमित जमीन की सरकारी अमीन ने की नापी



जमीन की नापी करते सरकारी अमीन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शासन के निर्देश पर गुरुवार को सरकारी अमीन श्रवण तिवारी ने रेड़मा रोड स्थित ओवरब्रिज के किनारे रेलवे की अतिक्रमित भूमि की नापी की। उन्होंने बताया कि आदेश के आलोक में भूमि नापकर रेलवे की जमीन का सीमांकन कर इसकी रिपोर्ट शासन को सौंपी जायेगी। बताते चलें कि पिछले दिनों सेक्टर मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी सदर मेदिनीनगर अमरदीप सिंह बल्होत्रा व आरपीएफ निरीक्षक बनारसी यादव की उपस्थिति में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लकड़ी कारोबारियों को आगाह किया गया था। इस दौरान 31 दिसंबर रेलवे की भूमि से बकाया किराया अदा कर अतिक्रमण हटाने पर सहमति बनी थी। उसी दौरान निर्णय लिया गया था कि दो दिन बाद सरकारी अमीन द्वारा नापी कर रेलवे की भूमि का सीमांकन किया जायेगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार दिसंबर 2023 तक अतिक्रमणकारियों पर बतौर किराया रेलवे का चार करोड़ रूपये बकाया है। जिसका भुगतान कर उन्हें भूमि खाली करनी है।

---

पलामू परिसदन की बैठक में बोले पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी

## शिक्षा से ही चेरो समाज में बदलाव संभव: गंगेश्वर सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चेरो समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उप्र के दूद्धी विधानसभा के पूर्व विधायक हरिराम सिंह चेरो की अध्यक्षता में पलामू के परिषदन भवन मे बैठक की गई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी गंगेश्वर सिंह उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि संगठनात्मक मजबूती के लिये जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्तर पर बैठक कर अधिकाधिक कार्यालय खोलें। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य कैसे खुशहाल हो इस पर भी चिंतन मनन करने की जरूरत है। समाज के लोगों को अशिक्षा, अंधविश्वास व नशाखोरी के प्रति जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा से ही बदलाव लाया जा सकता है। नई ऊर्जा के साथ महापुरुष राजा मेदिनीराय के विचारधारा पर चल कर चेरो समाज को ऊंचाई तक ले जाना है। धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी हदया सिंह ने किया। बैठक में मनिका विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार उर्फ पिन्टू, प्रदेश समन्वयक अर्जुन सिंह, समाजसेवी भरदुल सिंह, उपाध्यक्ष सिंह, रविन्द्र सिंह, उमेश सिंह, विजयबहादुर सिंह, ठकुराइ सिंह, संजय सिंह, मनोज सिंह, अनिल सिंह, गुड्डू कुमार सिंह, अधिवक्ता नन्दलाल सिंह, राजू सिंह, रमेश सिंह, संतोष सिंह, अजीत सिंह, अभिषेक सिंह उपस्थित थे।

**संगठनात्मक मजबूती के लिये जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्तर पर बैठक कर अधिकाधिक कार्यालय खोल : श्री सिंह**



राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते चेरो समाज के पदाधिकारी

---

चिकित्सकों ने दी शीत लहर में सावधानी बरतने की सलाह

## ठंड से बच्चों-बुजुर्गों में बढ़ा बीमारियों का खतरा

**ठंड बढ़ते ही जिले में सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है**

**इन दिनों सदर अस्पताल में सुबह से दोपहर तक सर्दी, खांसी व बुखार के मरीज पहुंच रहे है**





सदर अस्पताल में मरीजों की कतार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इसमें विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इसके अलावा लोगों को गर्म कपड़े पहनने और विशेषकर शाम और सुबह के वक्त कान ढंककर रखने, जूते पहनने, गर्म पानी व गर्म दूध पीने की सलाह दी गई है। ठंड बढ़ते ही जिले में सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सदर अस्पताल में ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले सामान्य मरीजों की संख्या हालांकि कम हुई है, लेकिन सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। इन दिनों सदर अस्पताल में सुबह से दोपहर तक सर्दी, खांसी व बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इलाज के लिये अस्पताल पहुंच रहे है। सबसे ज्यादा प्रभावित वृद्ध और बच्चे हो रहे हैं। बच्चों में सर्दी, खांसी और हल्के बुखार के लक्षण मिल रहे है। वहीं दवा की दुकानों में भी ठंड प्रभावित लोग दवा खरीदने पहुंच रहे हैं।

**क्या कहते हैं चिकित्सक :**

सदर अस्पताल के अधीक्षक डा. डीके सिंह ने कहा कि अचानक ठंड में इजाफा हुआ है। इसको लेकर सभी सावधान रह कर गर्म कपड़ा पहनें। कान, गला व पांव को विशेष कर ढंक कर रखें। बाहर खाने से परहेज करें। सर्दी, खांसी व बुखार होने पर बिना देर किए चिकित्सक से परामर्श लें। बाइक चलाते समय पूरी तरह सावधानी बरतें। खासकर बुजुर्ग व बच्चों को सावधान रहने की जरूरत है।

**मौसमी बीमारियों ने पसारे हाथ-पांव**



मौसम के मिजाज में बदलाव के साथ बच्चों और बुजुर्गों को मौसमी बीमारियों ने जकड़ना शुरू कर दिया है। ठंड बढ़ने से मौसमी बीमारियों का छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर प्रकोप बढ़ गया है। खांसी, जुकाम जैसी आम सी दिखने वाली बीमारी रात में बच्चों और बुजुर्गों को बेचैन कर रही है। मौसमी बीमारियों में शुमार खांसी, जुकाम और सांस लेने में तकलीफ के कारण कार्डियक अटैक और स्ट्रोक का भी खतरा बढ़ गया है।

---

योध सिंह नामधारी महिला कालेज में फेयरवेल

## आल द बेस्ट के साथ जूनियरों ने सीनियरों को दी विदाई



फेयरवेल में प्राचार्या के साथ छात्रायें

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियरों को आल द बेस्ट के साथ विदाई दी। इस दौरान छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को तिलक लगाकर फाइनल ईयर में सफलता की मंगल कामना करते हुए उन्हें उपहार भेंट किये। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर मोहिनी गुप्ता और प्रोफेसर मशरिक जहान ने केक कटिंग करके किया। विदाई समारोह में बेस्ट विद्यार्थी का अवार्ड सना नबी को मिला। मिस फेयरवेल वर्षा पाठक चयनित की गयीं। प्राचार्य व प्रवक्ताओं ने सभी को जीवन का महत्व समझने के लिये प्रेरित किया। निशा कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

---

क्षेत्र के विकास में शासन के साथ जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रमंडलीय आयुक्त

## विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में करें सहयोग: आईजी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास और शांति व्यवस्था में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने में सभी के सहयोग से ही सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के मुखिया का जुड़ाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक होता है। उन तक विकास योजनाओं को पहुंचाने में मुखिया सहयोग करें। आयुक्त गुरुवार को गढ़वा जिले के रंका प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का भ्रमण सह निरीक्षण के उपरांत रंका क्षेत्र के प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में सभी लोग अपनी भूमिका निभाएं और विकास योजनाओं में आ रही बाधाओं को आपसी समन्वय से दूर करें। वहीं आयुक्त के साथ मौजूद पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे प्रखंड व अंचल कार्यालय के संपर्क में रहकर विकास योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाएं। सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं। आपसी समन्वय से विकास में आने वाली कठिनाईयों को दूर करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की मांग पर थाना दिवस के आयोजन का भरोसा दिया। इस दौरान गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि गढ़वा विकास के लिए सरकार की प्राथमिकता में है। जनप्रतिनिधियों को सरकार की योजना एवं क्षेत्र के जरूरतमंद व्यक्तियों की जानकारी होने से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर हो रहा है। इसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजनों को मिलना ही कार्यक्रम की सफलता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाना सुनिश्चित कराने की अपील की। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए सड़क पर सावधानियां बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि नाबालिग वाहन न चलाएं। व्यस्क हेलमेट लगाकर एवं यातायात के नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं, ताकि अपनी सुरक्षा बनी रहे। विधि व्यवस्था संधारण को पुलिस प्रशासन तत्पर हैं। निर्भीक एवं भयमुक्त होकर विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में सहयोग करें। उन्होंने शराब के सेवन से बचने की भी अपील की। इसके पूर्व गढ़वा के उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने सभी का परिचय करवाते हुए बैठक का विषय प्रवेश कराया। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, आदिम जनजातियों के लिए संचालित योजनाएं एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई और इन योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने की अपील की गई। मौके पर आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार रंका के प्रमुख हेमंत लकड़ा, उप प्रमुख अनुभा सिंह, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचल अधिकारी शिवपुजन तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित आईजी व कमिश्नर

---

गणेश लाल अग्रवाल क्रिकेट ग्राउंड पर कल होगी खिताबी भिड़ंत, खेल प्रेमियों में उत्साह

## डाली क्रिकेट क्लब व साउल टेकर्स पलामू कप के फाइनल में

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पलामू कप क्रिकेट कप का खिताबी मुकाबला डाली क्रिकेट क्लब व साउल टेकर्स के बीच खेला जायेगा। जीएलए क्रिकेट ग्राउंड पर शनिवार को दोनों टीमें कप के लिये भिड़ेंगी। इससे पूर्व खान एकादश को हराकर डाली क्रिकेट क्लब व बीडी फिटनेस को हराकर साउल टेकर्स सुदना की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में साउल टेकर्स की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये बीडी फिटनेस के बल्लेबाजों ने 86 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए सातवें ओवर में ही साउल टेकर्स ने जीत दर्ज कर ली। आलराउंडर राकेश मैन ऑफ द मैच बने। मुख्य अतिथि केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल सिन्हा, लीलावती हॉस्पिटल के अधिष्ठाता आर्यन एवं तुषार धवल ने उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्राफी दी। इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 31 हजार और उप विजेता टीम को 15 हजार की राशि के साथ ट्राफी दी जाएगी। आयोजन को सफल बनाने में मुकेश चौधरी, अंपायर मिंटू तिवारी, छोटू तिवारी, स्कोरर नवनीत तिवारी, कमेंटेटर एपी लकी, रंजीत, राजू शुक्ला, बबलू की भूमिका अहम रही।



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि

---

## एमएमसीएच में मॉकड्रिल कर पुख्ता की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने को जिला प्रशासन तैयार है। आपदा में फंसे व घायलों को त्वरित स्वास्थ्य व अन्य सुविधायें प्राप्त हो इसकी पुख्ता व्यवस्था की गई है। इसे लेकर गुरुवार को एमएमसीएच में मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। आपदा प्रबंधन व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने आपदा के दौरान लोगों को रेस्क्यू कर बचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। अभ्यास के लिए टीम ने आपदा के दौरान अस्पताल में फंसे 8 लोगों को बचाने का एक ड्रामा क्रिएट किया। एक्सरसाइज में घटनास्थल से लोगों को सुरक्षित निकालने, राहत शिविर तक लाने, मेडिकल सुविधाएं व भोजन पानी की व्यवस्था शामिल रहीं। इसमें लोगों को आपदा के समय बचने और सावधानी बरतने के तरीके भी बताए गये। इस दौरान अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला आपदा पदाधिकारी एवं अग्निशमन विभाग के प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित थे।





मॉकड्रिल करते स्वास्थ्य कर्मी

---

5 जनवरी तक जवाब नहीं तो प्रशासन को देना पड़ेगा रु. 25000 जुर्माना

## पलामू में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हनुमंत कथा कार्यक्रम की संयोजक अरुणा शंकर तथा बागेश्वर धाम कार्यक्रम के व्यवस्थापक नितेश सिंह ने बताया कि

**उच्च न्यायालय ने पूछा अनुमति क्यों नहीं दी जा रही**

उच्च न्यायालय में समिति के सचिव दीनाराम द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने जिला प्रशासन से 5 जनवरी तक जवाब मांगा है कि जब पूजा, पाठ, कथा कराना नागरिकों का मूल अधिकार है तो फिर बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम को अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। इस मामले में 5 जनवरी तक जवाब दाखिल करें वरना प्रशासन को हनुमंत कथा समिति को रु. 25000 जुमार्ना के रूप में देना पड़ेगा। अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार जिद छोड़े। हिंदुओं की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए लाखों लोगों के आस्था के केंद्र स्वामी धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को पलामू आने की अनुमति प्रदान करे।



---

**प्रदर्शन**

नारेबाजी कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

## उपराष्ट्रपति के अपमान पर बिफरे, राहुल का फूंका पुतला

**इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उपराष्ट्रपति का अपमान कर सदन की गरिमा को तार-तार करने का काम किया है : जिला अध्यक्ष**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निलंबित विपक्षी सांसदों द्वारा संसद के बाहर उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ का अपमान करने का आरोप लगाते हुये भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को छहमुहान पर विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया । स्थानीय गीता भवन के पास एकत्रित भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी व सोनिया गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये छहमुहान पहुंचे। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उपराष्ट्रपति का अपमान कर सदन की गरिमा को तार-तार करने का काम किया है। किसी भी कीमत पर यह मान्य नहीं है। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि इस तरह की अभद्रता लोकतंत्र में घोर निंदनीय है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा बार-बार संवैधानिक पदों पर बैठे वरिष्ठ लोगों का अपमान किया जाता रहा है। इसके पूव कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा देश के राष्ट्रपति के संदर्भ में अनर्गल बातें कहीं गई थीं। इस मौके पर परशुराम ओझा, दुर्गा जौहरी, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, श्वेतांग गर्ग, राहुल अग्रवाल, पंकज शर्मा, विकास विश्वकर्मा, नंदलाल प्रसाद, रिंकू रंजन, मुन्ना मिश्रा, उमा पांडे मौजूद रहे।



पुतला दहन करते भाजपाई

---

### आज गुरु सिंह साहब गुरुद्वारा आयेगा पूजित अक्षत

**मेदिनीनगर।** श्रीराम जन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पवित्र पूजित अक्षत व कलश शुक्रवार को बेलवाटीका स्थित गुरु सिंह साहब गुरुद्वारे में आयेगा। विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि गुरुवार को पूजित अक्षत नामधारी गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिये रखा गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे इसे सनातन धर्मावलंबियों के दर्शन-पूजन के लिये गुरु साहब गुरुद्वारे में लाया जायेगा। विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने में तन्मयता के साथ जुटे हैं। कार्यकर्ता श्रीराम के जयकारे के साथ पूजित अक्षत व कलश को नावाटोली से बेलवाटीका ले जायेंगे। पूजित अक्षत व कलश के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह व्याप्त है।

## गागर में सागर

### एआरडीपीएस में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**गढ़वा।** अवधराज देवी ट्रस्ट की ओर से संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल मे गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक पीके दूबे व प्राचार्या आणिमा पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक पी के दूबे ने कहा की खेल से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ साथ बौद्धिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा की आजकल के बच्चे जहां मोबइल तक ही सिमट कर रह गए हैं, वहीं बच्चों के समुचित विकास के लिए इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं बहुत ही जरूरी है। वहीं प्राचार्या आणिमा पांडेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय मे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें स्कूली बच्चों को कई ग्रुपों में बांटकर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में छुक - छुक गाड़ी, मटका फोड़, बिस्किट रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, मैथ्स रेस, थ्रेड निडल रेस, कबड्डी, स्लो साईकल रेस, स्पून रेस, इन आउट गेम सहित लगभग एक दर्जन खेल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आयोजित इस तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को शनिवार को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**महुआडांड़।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को प्रखंड की सभी पंचायतों में किया गया। उपस्थित जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंद्र डांग, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख अभय मिंज, मुखिया महुआडांड़, मुखिया अमवाटोली, इढट तेजू सिंह, सुजीत कुमार क्लस्टर कॉर्डिनेटर आदि उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**लातेहार।** प्रखंड की जालिमखुर्द पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, मुखिया व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से 2 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 4 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 11 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, जेएसएलपीएस से 5 लाभुकों को आई कार्ड, 6 लाभुकों को पौधा, 11 जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया गया।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को 25 वर्ष कैद

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह स्पेशल न्यायाधीश, पोक्सो एक्ट अमित कुमार की अदालत ने अभियुक्त राजेश उरांव उर्फ विपिन पासवान के मामले की सुनवाई करते हुए आरोप को सत्य पाया। स्पेशल पोक्सो अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार दास के अनुसार गत 17 जनवरी 2020 को लातेहार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें बताया गया था कि पीड़िता के साथ चार माह पूर्व आरोपी ने खुखड़ी चुनने के बहाने जंगल में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया था। अशोक कुमार दास ने अदालत में कुल 10 गवाहों को पेश किया। गवाही के दौरान पाया गया कि पीड़िता दुष्कर्म के बाद गर्भवती हो गई थी। बाद में उसने बच्चे को भी जन्म दिया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषी को 25 वर्ष सश्रम कारावास और 25000 रुपये जुर्माना भुगतान करने का आदेश दिया। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा दी है।

### सूर्य मंदिर निर्माण के लिए दिए 11 हजार



**लातेहार।** शहर के चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पर बन रहे सूर्य मंदिर निर्माण के लिए श्री छठ पूजा फल वितरण समिति, बाइपास चौक के द्वारा 11 हजार रुपये की सहयोग राशि दी गयी है। समिति के संरक्षक आशीष टैगोर, राज मोहन प्रसाद, संजय दास, संजय प्रसाद, सुनील प्रसाद व रूपेश प्रसाद आदि ने श्री सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह को उक्त राशि सौंपी। मौके पर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, दीपक विश्वकर्मा, राजू रंजन सिंह मौजूद थे।

### ग्रामीणों को मिला पशुपालन का प्रशिक्षण

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत भवन में जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर ने ग्रामीणों को पशुपालन का प्रशिक्षण दिया। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी सागर ने मुख्य रूप से गाय पालन, गाय के विभिन्न नस्लों की जानकारी, गाय के रखरखाव, चारा-भोजन एवं गाय को लगने वाले वैक्सीन आदि की जानकारी दी। मौके पर पशु चिकित्सा पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह मौजूद थे।

### बिलैती खैर व राजबांस में कई घर तोड़े, अनाज को किया सफाचट

# हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात







**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घूम-घूम कर लगातार खपरैल घरों को ध्वस्त कर रहे हैं। घर के अंदर रखे अनाज को भी सफाचट कर रहे हैं। बुधवार रात हाथियों ने दर्जनों की संख्या में बिलैती खैर गांव में पहुंचकर रोहन सिंह व ब्रह्मदेव सिंह के खपरैल घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि घर के अंदर रखे अनाज को भी सफाचट कर दिया गया। इसके बाद हाथियों ने राजवांस गांव पहुंचकर बलराम सिंह के खपरैल घर को ध्वस्त कर दिया, जबकि शिव साह के घर के अंदर रखे अनाज को निकाल कर हाथियों द्वारा सफाचट कर दिया गया।

बताते चलें कि हाथियों के आतंक से क्षेत्र के लोग त्राहिमाम हैं। क्षेत्र में लगभग 3 महीने से लोग डर के साये में जीने को मजबूर हैं, लेकिन हाथियों को भगाने के लिए विभाग द्वारा अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। इसका खामियाजा आम ग्रामीण व किसान को अपनी जान व माल देकर चुकाना पड़ रहा है। हाथियों द्वारा अब तक एक दर्जन से अधिक पशुओं को पटक कर मौत का घाट उतारा जा चुका है। वहीं वन विभाग लगातार सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की बात कर रहा है, जबकि पिछले साल भी हाथियों ने क्षेत्र में कई किसानों व गरीब परिवारों को काफी नुकसान पहुंचाया था, लेकिन पिछले साल का मुआवजा अभी तक कई लोगों को नहीं मिला है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि बीती रात हाथियों द्वारा बिलैती खैर गांव व राजवांस गांव में मकान तोड़ने व घर के अंदर रखे अनाज को खाने की जानकारी मिली है। सभी पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा।

# गढ़वा में 5 करोड़ की लागत से होगा 7 चेक डैम का निर्माण

### 290 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित, किसानों की समस्या होगी दूर, हर खेत को मिलेगा पानी : मंत्री मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा के किसानों के लिए नई खुशखबरी है। जिले में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से सात नए चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। जिसने 290 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। लघु सिंचाई विभाग झारखंड सरकार ने इसके निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में सात चेक डैम के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि गढ़वा प्रखंड के हरबरवा नाला पर 75 लाख 77 हजार 100 रुपये, बिरहा नाला पर 64 लाख 12 हजार रुपये की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही रंका प्रखंड के मरघटवा नाला पर 63 लाख 45 हजार सात सौ रुपये, लुकफुचिया नाला पर 67 लाख 45 हजार तीन सौ रुपये की लागत से चेक डैम का निर्माण, धुरकी प्रखंड के यूरिया नदी पर 80 लाख 88 हजार 400 रुपये की लागत से, कुडेश नाला पर 60 लाख 86 हजार 100 रुपये की लागत से तथा भवनाथपुर प्रखंड में कहवा घाटी नाला पर 67 लाख 88 हजार 900 रुपये की लागत से चेक डैम का निर्माण किया जाएगा।



मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार किसानों की हर समस्या दूर करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र के लोग कृषि के लिए पूरी तरह से वर्षा पर आश्रित है, परंतु यहां कम वषार्पात के कारण किसानों को कृषि कार्य में काफी समस्या होती है। मंत्री ने कहा कि किसानों की हर समस्या दूर होगी। हर खेत को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इसके लिए वे पूरी तरह से प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि जब किसान समृद्ध होंगे, तभी राज्य समृद्ध होगा। झारखंड सरकार इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। आने वाले समय में अन्य नदी, नालों पर आवश्यकता के अनुसार चेक डैम का निर्माण कराया जाएगा।

# पाल्हे कलां शाखा में मना सेंट्रल बैंक का 113वां स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पाल्हे कलां शाखा में गुरुवार को बैंक का 113वां स्थापना दिवस मनाया गया। शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडे व कर्मियों ने पोचखावाला की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात बैंक में ग्राहकों के बीच मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया को देश का प्रथम स्वदेशी वाणिज्य बैंक होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की स्थापना 21 दिसंबर 1911 को सर सोराबजी पोचखावाला ने प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में की थी। सेंट्रल बैंक देश का पहला वाणिज्यिक बैंक है, जिसका पूर्ण स्वामित्व एवं प्रबंधन स्थापना के समय भारतीयों के हाथ में था। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के पहले अध्यक्ष फिरोज शाह मेहता थे। सोराबजी पोचखानवाला ने इस बैंक को राष्ट्र की संपत्ति घोषित कर दिया। पिछले 112 वर्षों के इतिहास में बैंक ने कई उतार - चढ़ाव देखे तथा कई चुनौतियों का सामना किया। बैंक ने प्रत्येक आशंका को व्यवसायिक अवसर में बदला तथा बैंकिंग उद्योग में अपने समक्ष को से उत्कृष्ट रहा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राहकों का स्वागत किया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। मौके पर बैंक स्टॉफ सहायक शाखा प्रबंधक मनोज आइंद, अप्रेंटिस अमित कुमार, प्रधान खदांची निर्मल राही, कलर्क मेवालाल बिरुवा, सीबीआई बीसी विजेद्र कुमार चौबे, अमित कुमार चौबे, अनूप कुमार,शशि कुमार तिवारी ग्राहक चंद्रभूषण चौबे, अब्दुल अंसारी, शाहिद अंसारी, आनंद कुमारआदि मौजूद थे।

# हरादाग कला में सीओआई की शाखा का उद्घाटन

### किसानों, स्कूली बच्चों व आम लोगों को बैंक कार्य के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा दूर

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**



रमना प्रखंड के हरादाग कला में गुरुवार को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की नई शाखा का उद्घाटन रीजनल मैनेजर सुनील कुमार, शाखा प्रबंधक आलोक राज ग्रामीण भोला साह मुखिया सहदेव चौधरी आदि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि आज बैंक के संस्थापक सर सोरोबाजी पोचखानावाला की 113वीं जयंती के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा खोली गई है ताकि इस क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सेवा के साथ-साथ व्यवसाय करने में सुविधा मिल सके। विदित हो कि तत्काल हरादागकलां पंचायत भवन के ऊपरी तल्ला पर बैंक का खोला गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग बैंक नहीं रहने के कारण लोग बचत तथा पूंजी के अभाव में व्यवसाय नहीं कर पाते हैं। वैसे लोगों को बचत के साथ-साथ ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस गांव में नई शाखा खोली गई है। अब आप लोगों को बैंक का लाभ लेने के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा तथा समय की बचत होगी।

शाखा प्रबंधक आलोक राज ने कहा कि इस नए शाखा खुलने से इलाके के किसानों, स्कूली बच्चों तथा सरकारी लाभ पाने वाले लोगों को दूर दराज बैंकों का सफर तय नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने लोगों को अस्वस्थ किया कि बैंक द्वारा आपको कम से कम परेशानी में बैंक की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। शाखा प्रबंधक ने मुझे ज्ञात है कि इस क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सुविधा के लिए करीब 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर रमना, मेराल, गढ़वा जाना पड़ता था। मौके पर उपस्थित बंशीधरनगर के पाल्हे कलां के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित थे उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए आया शाखा वरदान साबित होगा। लोग आसानी से बैंकिंग सुविधा प्राप्त कर सकेंगे तथा यह ब्रांच इस क्षेत्र के लोगों को विकास के लिए नया मार्ग प्रशस्त होगा। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे जिन्होंने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि आसपास के क्षेत्र में बैंक नहीं होने के कारण हम लोगों को काफी परेशानी होती थी। अब स्थानीय स्तर पर बैंक खुल जाने से हम लोगों को काफी सुविधा होगी।

मौके पर पुरैनी शाखा प्रबंधक दिलीप किंडो, चंदरी शाखा प्रबंधक प्रवीण पांडेय, गढ़वा शाखा प्रबंधक सतीश राणा, सुरक्षा अधिकारी रवि भूषण, श्री बंशीधर नगर पाल्हे कलां शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय, सगमा शाखा प्रबंधक रविशंकर, एलडीएम एके मांझी, गांव के वरिष्ठ नागरिक भोला साव, पूर्व उप प्रमुख रविंद्र चौधरी, प्रभारी मुखिया सहदेव चौधरी, सीएसपी संचालक सतेंद्र कुमार साह, प्रदीप शाह, अनुज पाठक, विजय साव, धनंजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, विकी गुप्ता, रौशन गुप्ता, कमलेश यादव, रविरंजन चंद्रवंशी, विजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

### जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा-झामुमो सरकार में त्राहिमाम कर रही जनता

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में भाजपा ने गुरुवार को आक्रोश मार्च किया, जो जिला कार्यालय से चलकर समाहरणालय तक गया। इस दौरान हेमंत सरकार को बर्खास्त करो, भ्रष्ट हेमंत सरकार वापस जाओ आदि नारे लगाए गए। भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है, चारों ओर लूट मची हुई है। सत्ता में बैठे मंत्री, विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक की गर्दन भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। वहीं वरिष्ठ नेता कन्हैया चौबे ने कहा कि मंत्री गढ़वा को लूटने में लगे हुए हैं और जनता बालू-पानी के लिए हाहाकार कर रही है। युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सुरक्षा देने में सरकार विफल रही है। पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं, महिलाओं को धोखा देने का काम किया है। होम गार्ड से लेकर सभी विभागों के लोग हर दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने रोजगार देने का काम किया था, लेकिन झामुमो सरकार रोजगार छीन रही है। भाजपा नेता बिनय चौबे ने कहा कि सत्तासीन हेमंत सरकार युवाओं के हित में नियोजन नीति नहीं बना पाई है। रोजगार के लिए युवा भटक रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे, विकास स्वदेशी, भगत सिंह साहु, शिवधारी राम, सुरज गुप्ता, मुरली श्याम सोनी, उमेंद्र यादव, रामाशीष तिवारी, संजय भगत, राजीव तिवारी, हरेंद्र द्विवेदी, ठाकुर महतो, गौरी बिंद, मधुलता, रवीन्द्र पासवान, मनोज जायसवाल, अंजली गुप्ता, कंचन जायसवाल, उदय कुशवाहा, उदय प्रजापति, पार्वती सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, रामलला दुबे, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, आईटी सेल संयोजक गुड्डू तिवारी, बजरंग प्रसाद, बृजेन्द्र पाठक, संजीत तिवारी, अरुण, ओमप्रकाश पासवान, विकास तिवारी, कन्हाई प्रसाद, अरूण तिवारी, जयंत पांडेय, मनउअर खां, अनित तिवारी, मुरारी यादव, संतोष तिवारी, संजय आदि मौजूद थे।

# 'भारत को विकसित बनाने के लिए शिक्षित व आत्मनिर्भर होना होगा'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



जिले के चिनिया प्रखंड की डोल व खुरी पंचायत व रंका प्रखंड की सिरोइ खुर्द व कटरा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय कार्यक्रम में शामिल हुए। पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई प्रकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दे रहे हैं। इसमें 80 करोड़ लोगों को राशन आदि का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के पैमाने पर गढ़वा अभी भी बहुत पीछे है। गढ़वा को अभी भी 2047 तक विकसित बनने के लिए सभी गढ़वा वासियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। साथ ही सभी लोगों को विकसित भारत 2047 तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। पांडेय ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। मौके पर चिनिया बीडीओ कालिदास मुंडा, कपिल प्रसाद, विजय यादव, चंद्रिका सिंह, विश्वास प्रसाद, मनोज तिर्की, कमलेश नंदन सिंह, प्रमोद चौबे, कृषि वैज्ञानिक अमरेश चंद्र पांडेय, कोआर्डिनेटर सुनील पांडेय, बुद्धेश्वर सिंह, पवन सिंह, त्रिभुवन सिंह, कमलेश्वर मिश्रा, योगेंद्र सिंह, कपिल प्रसाद, विजय यादव, चंद्रिका सिंह, विश्वास प्रसाद, मनोज तिर्की, कमलेश नंदन सिंह, प्रमोद चौबे, कृषि वैज्ञानिक अमरेश चंद्र पांडेय, रोशन दुबे, मुकेश चौधरी, सत्येंद्र राम आदि उपस्थित थे।

**विडंबना** कहा-कई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाया, लेकिन नतीजा शून्य रहा

# 80 साल का बुजुर्ग पेंशन सुविधा से वंचित

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने कि राज्य सरकार भले ही ढिंढोरा पीट रही है लेकिन हकीकत है कि उनकी योजनाएं आज भी प्रदेश के अंतिम पायदान तक नहीं पहुंच पा रही है। राज्य की विलुप्तप्राय जाति के लोग आज भी इसके उदाहरण हैं। उक्त समाज के लोग पेंशन की राशि पाने से वंचित रह जाते हैं तो सरकार पर सवाल उठना स्वाभाविक है।



प्रखंड के बेला झगड़ा गांव निवासी विश्वनाथ परिया उर्फ चलहवा परिया (80) को अभी तक वृद्धा पेंशन की राशि नसीब नहीं हो सका है, जबकि उक्त समाज के लोगों को 18 वर्ष की अवधि पूरा होते ही वृद्धा पेंशन की राशि मिलनी शुरू हो जाती है। क्षेत्र में पड़ रहे कड़ाके की ठंड के बीच विश्वनाथ परहिया पेंशन की राशि को लेकर गुरुवार अहले सुबह पैदल पाव मुखिया धनवंती देवी के घर के लिए अपने घर से निकला। वहीं मुखिया के घर पहुंचने से पहले ही बीच रास्ते में वह कई जगहों पर गिर गया। उक्त घटना से उसके शरीर में कई जगह जख्म हो गए। वह खून से पूरी तरह लथपथ हो गया। इस दौरान वह चलने से असमर्थ हो गया। बावजूद अपनी हार नहीं मानते हुए यथास्थिति में किसी तरह पैदल चलकर मुखिया के घर पहुंच गया। विश्वनाथ परहिया को खून से लथपथ देख मुखिया धनवंती देवी परेशान हो गई। इसी बीच, मुखिया ने विश्वनाथ परहिया को एक कंबल दिया। वहीं उक्त रास्ते से गुजर रहे गांव के चिकित्सक वशी अहमद खान ने मानवता का परिचय दिया और उसे अपने साथ अपनी क्लीनिक पर ले आया। प्राथमिक उपचार करने के बाद दर्द के साथ-साथ घाव सूखने की दवाइयां देकर अपने घर भेज दिया। इससे पहले चोटिल अवस्था में ही जानकारी देते हुए विश्वनाथ परहिया ने बताया कि पेंशन को लेकर एक दो नहीं हजारों बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाया, लेकिन उसका परिणाम शून्य रहा।

संबंधित विभाग के पदाधिकारी को कोसते हुए कहा कि उनके कहने पर कई बार आवेदन भी उनके हाथों में दिया लेकिन उस आवेदन का भी आज तक कोई आता पता नहीं चला। विश्वनाथ ने कहा कि हम उम्र के गांव के कई लोगों को पेंशन मिल रही है। इस संबंध में बीडीओ राहुल कुमार सानू ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। उन्होंने कहा कि बिना देर किए वृद्ध व्यक्ति को पेंशन की स्वीकृति देने का काम करूंगा।

# 1031 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

कुशदंड पंचायत स्थित मध्य विद्यालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार, एसडीओ बिजली विभाग दीपक कुमार, मुखिया रेखा कुमारी ने सयुक्त रूप से किया।



कार्यक्रम में कुल 2354 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 1031 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 1323 आवेदन लंबित रहे। विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों पर अबुआ आवास योजना के लिये 1210, आयुष्मान कार्ड के 23, पंद्रहवें वित्त आयोग के 1, मनरेगा के नये कार्य के 21, नये जॉबकार्ड के 19, बिरसा हरित सिचाई कूप के 3, राशन कार्ड के 47, धोती, साड़ी, लुंगी वितरण के 6, कम्बल वितरण के 12, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 4, किसान क्रेडिट कार्ड के 4, आधार पंजीकरण के 8, पेयजल एवं स्वच्छता के 16, स्वास्थ्य जांच किया गया 73, आजीविका के 20, एसएचजी आई कार्ड 886 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय, पंचायत समिति सदस्य लालो खातून, पृथ्वीनाथ तिवारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, प्रधान सहायक अनिल सिंह, ब्लॉक कोआर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, सीएचओ सौम्या कुमारी, एएनएम सोना कुमारी, दिलीप कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार, बिरेन्द्र सिंह, बाल विकास पर्यवेक्षिका माया कुमारी, संजीव कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, प्रकाश कुमार, संजय राम, नागेंद्र कुमार, अनुज कुमार, पल्लवी चौबे रोहित कुमार, विक्रम कुमार, उषा कुमारी, ललिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### गंभीर बीमारी का शिकार हुआ चंदवा का युवक मोख्तार, मदद की अपील

**चंदवा।** शहर के तिलैयाटांड़ निवासी मोख्तार आलम पिता स्व जमरुल मिंया बीते दिनों गंभीर बीमारी का शिकार हो गया। उसके कमर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण वह चल फिर पाने में पूरी तरह से असमर्थ हो गया है। परिजनों ने उसे बेंगलुरु के मनीपाल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज का खर्च लगभग तीन लाख रुपये बताया जा रहा है। मोख्तार के घर की माली हालत भी खराब है। मोख्तार के भाई मोकिम ने लोगों से मदद की अपील की है।

### रैयतों ने निकाली न्याय यात्रा, सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को सभी रैयतों ने जोगना टांड़ से भूमि अधिकार न्याय यात्रा निकाली, जो मेन रोड होती हुई समाहरणालय पहुंच कर समाहरणालय घेराव किया। न्याय यात्रा में शामिल भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों और रैयतों ने अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। पांच सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया, जिसमें 2016-17 तक कटे रसीद को ऑनलाइन करने एवं फोरलेन निर्माण में जमीन का मुआवजा बाजार मूल्य के आधार पर तय करने आदि मांगें शामिल हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष गुंजर उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, परसही मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, रामदेव सिंह, सुरेंद्र पासवान, लक्ष्मण यादव, विजय यादव, राजमणि राम, प्रमोद पांडे, आबिद अंसारी, रमेश उरांव, विजय यादव, बसंत यादव, मंटु राम, वीरेंद्र, गणेश सिंह, दिनेश सिंह, संयोजक बीरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, हीरा यादव, बसंत यादव, रंजित यादव, रमेश उरांव, मिथिलेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, हरिशंकर यादव, मुखिया अनीता देवी, प्रमोद पांडे आदि उपस्थित थे।

### चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की मांग

टंडवा। प्रखंड क्षेत्र में शीतलहर को देखते हुए चौक चौराहों में अलाव हेतु लकड़ी या कोयले की व्यवस्था कराने की मांग की जा रही है। पंसस विकास पांडेय ने गुरुवार को सीओ राजेंद्र दास को पत्र सौंप कर चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### सांसद के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर हाई स्कूल मोड़ के पास पीएचडी विभाग एवं बैगा टोला का जला हुआ ट्रांसफार्मर चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रयास से लगाया गया। विगत कुछ दिन से यहां के ट्रांसफार्मर के जल जाने से एक ओर जहां पीएचडी द्वारा जलापूर्ति कार्य बाधित था, वहीं आसपास के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी द्वारा सांसद सुनील सिंह की अनुशंसा पर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को गुरुवार को बदल दिया गया। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, भाजयुमो मंडल महामंत्री पवन गुप्ता, महामंत्री चंद्रदीप सिंह, अरुण प्रसाद, विजय प्रसाद, विद्या कुमार मिश्रा, दिनेश प्रसाद, जयप्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

### राजद के बोदा पंचायत अध्यक्ष बने कमल

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल की बैठक गुरुवार को प्रखण्ड महासचिव तपवन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कमल गंझू को बोदा पंचायत अध्यक्ष चुना गया, वहीं महासचिव पद के लिए जुगल गंझू और कोषाध्यक्ष के लिए बाबूलाल मुंडा का चयन किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रसीद खान,जगेश्वर गंझू,रविन्द्र गंझू,युगल गंझु, मनोज गंझू,दीवाली गंझु,दिनेश गंझू,राजेंद्र गंझू रूपलाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कोयला लदा हाइवा व स्कॉर्पियो जब्त

**बारियातु।** वाहन चेकिंग अभियान चलाकर थाना गेट के सामने अवैध कोयला लदा 16 चक्का हाइवा को एवं एक स्कॉर्पियो को पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी के मुताबिक कोल माफियाओं द्वारा 16 चक्का हाइवा 40 टन अवैध कोयला लेकर मुख्य मार्ग होते चतरा की ओर जा रहा था। इसी बीच, एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बारियातु पुलिस गेट के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर उक्त कार्रवाई की गई। अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुअनि बिंदेश्वर महतो आदि शामिल थे।

### पीडीएस संचालक 1 से रहेंगे हड़ताल पर, संघ ने एमओ को सौंपा ज्ञापन

**पत्थलगड़ा।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के तत्वावधान में पत्थलगड़ा प्रखंड के पीडीएस संचालक चार सूत्री मांगों को लेकर आगामी 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इस संबंध में पीडीएस संचालकों ने गुरुवार को बैठक की। चार सूत्री मांगों को प्रखंड अध्यक्ष सीताराम दांगी, सचिव राजेन्द्र रजक व विजय दांगी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### जेएमएम प्रखंड कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पत्थलगड़ा प्रखड कमिटी का पुनर्गठन पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत लेमबोईया पहाड़ी पर किया गया। इस अवसर पर झामुमो सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार चंद्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चुनाव प्रभारी सलिम अख्तर की अध्यक्षता में पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुधीर कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल दांगी, उपाध्यक्ष कमलेश सिंह, सचिव मनराज दांगी, मीडिया प्रभारी संतन कुमार दांगी को मनोनीत किया गया। इसके अलावा प्रखंड के सभी विंग का गठन किया गया।

## उपायुक्त ने किया टंडवा का दौरा प्रखंड अधिकारियों संग की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा/सिमरिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने गुरुवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सिमरिया व टंडवा प्रखंड में किए गए कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त सर्वप्रथम नव निर्मित अनुमंडल कार्यालय सिमरिया पहुंच सम्पूर्ण कार्यालय का निरीक्षण करने के उपरांत अनुमण्डल सभा कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ नितु सिंह समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी के साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

#### मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

की। वहीं प्रखण्ड कार्यालय कक्ष, अंचल कार्यालय कक्ष, कम्प्यूटर ऑपरेटर कक्ष, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कक्ष, कर्मियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था समेत अन्य का निरीक्षण कर कार्यालय प्रधान से कहा कि सुनिश्चित किया जाय कि सभी कार्यालय कर्मी एवं पदाधिकारी समय पर उपस्थित रहकर कार्यों का निष्पादन करेंगे। बिना अनुमति के अगर कोई भी पदाधिकारी, कर्मी कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं तो उनके उपर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

### 3.85 लाख की लागत से रतनपुर में बना जलमीनार कई वर्षों से खराब

## शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे ग्रामीण

**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर**

प्रखंड के गिद्धौर पंचायत अंतर्गत रतनपुर भुइयां टोली में वर्ष 2019-20 में 14वीं वित्त आयोग की राशि से सोलर आधारित जल मीनार का निर्माण किया गया था। इसमें करीब 3.85 लाख रुपये खर्च किए गए थे, परंतु ग्रामीणों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि निर्माण के समय करीब दो तीन माह तक जल मीनार ठीक-ठाक चला था, परंतु दो-तीन माह के बाद से सबमर्सिबल, स्टाटर, सोलर प्लेट सहित अन्य



सामान खराब हो गया। इसकी सूचना पंचायत के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी को कई बार दी गई, परंतु डेढ़ वर्ष बीतने को हैं, पर आज तक खराब जलमीनार को दुरुस्त नहीं किया गया। ऐसे में शुद्ध पेयजल के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। गांव के भीखो भुइंया व दिनेश्वर भुइंया ने बताया कि संवेदकों द्वारा काफी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। यही वजह की चंद दिनों में ही जलमीनार में लगा सभी पार्ट्स खराब हो गया। यहां तक कि संवेदकों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों का छरी बालू का भी इस्तेमाल किया गया, परंतु आज तक ग्रामीणों को सामग्री की राशि का भुगतान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने उपयुक्त से जांच करते हुए संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल

### 20सूत्री अध्यक्ष व बीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दोनों काफी बदहाल व बीमार चल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी उक्त केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी नदारद दिखे, जबकि ओपीडी सीएचओ के सहारे संचालित हो रहे थे। जांच के क्रम में पाया गया कि मरीजों का सीएचओ द्वारा जांच की जा रही है। चिकित्सक की कमी के कारण में ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवाएं सीएचओ द्वारा ही संचालित हो रही हैं। पाया गया कि बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 30 से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण एनजीओ के माध्यम से कराया गया, परंतु पूरे कार्यक्रम के दौरान एक भी प्रखंड में पदस्थापित चिकित्सा अधिकारी मौजूद नहीं रहा और न ही स्वास्थ्य विभाग में



पदस्थापित बीपीएम मौजूद था। ओपीडी में चिकित्सक की जगह सीएचओ को काम करता देखकर बीडीओ ने नाराजगी जताई। इसके बाद तत्काल प्रखंड विकास अधिकारी ने पूरे मामले की जानकारी सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह को दी। प्रखंड के एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र की लचर व्यवस्था से अवगत कराया। उधर बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय की चिकित्सा व्यवस्था का लाचार होना काफी चिंताजनक है और इसकी शिकायत लगातार मिल रही है कि चिकित्सक प्रखंड मुख्यालय में रहने के बजाय सीएचओ के सहारे छोड़ मुख्यालय से नदारद रहते हैं। 20सूत्री अध्यक्ष ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से इसकी शिकायत करते हुए प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति में सुधार कराने की बात कही।

### मैन पावर कर्मचारी संघ ने की पीएफ व बकाया देने की मांग

**चंदवा।** प्रखंड के चकला बाना स्थित वर्षों से बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के मैन पावर कर्मचारी संघ की बैठक गुरुवार को हुई। संघ के कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी द्वारा वेतन और अन्य बकाया रोक कर रखा गया है। कई आंदोलनों के बाद मात्र बकाया राशि का बीस प्रतिशत ही भुगतान किया गया है। इसके साथ ही स्क्रैपर द्वारा प्लांट का फेज वन का लूज सामान स्क्रैप के रूप में उठा लिया गया और स्क्रैप ठेकेदारों द्वारा फेज वन एरिया से भी लोहा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। मैन पावर कर्मचारी संघ के लोगों ने स्क्रैप उठाव पर रोक लगा दी है। बैठक की अध्यक्शता चंद्रदेव उरांव ने की। बैठक में पीएफ और बकाया भुगतान की मांग से संबंधित ज्ञापन कंपनी प्रबंधन को सौंपा गया। मैनपावर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चन्द्रदेव उरांव ने कहा कि कंपनी जब तक कर्मचारियों का बकाया राशि का भुगतान व संघ से वार्ता नहीं करती है तब तक प्लांट के फेज वन एरिया से स्क्रैप के नाम पर लोहे का एक नट भी कर्मचारी संघ उठाने नहीं देगा।

## एमडीएम में अनियमितता व शिक्षक की मनमानी का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**



प्रखंड की सिबला पंचायत स्थित उत्क्रमित माध्य विद्यालय भाटचतरा में मध्याह्न भोजन व शिक्षक की मनमानी का गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध किया। अभिभावक कामेश्वर यादव, सुरेंद्र तुरी, अजय तुरी, नरेश राम, प्रमोद तुरी, लीलू लोहरा, दिलीप यादव, भगलाल यादव, बिनोद तुरी, संदीप पाण्डेय, विकास यादव, संतोष यादव, मोति तुरी आदि ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। शिक्षक नियमित नहीं पढ़ाते हैं और इधर-उधर घूमते रहते हैं। ऑनलाइन हाजिरी बनाकर शिक्षक नरेश साव गप मारते रहते हैं और घर चले जाते हैं, जिससे पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षक अजय सिंह कभी-कभी विद्यालय आते हैं और हाजिरी बनाकर गायब हो जाते हैं। शिक्षक पंकज कुमार, मनोज तुरी, ऋषि सिंह नियमित विद्यालय में रहते हैं। बुधवार को विद्यालय में भोजन नहीं बनाया गया, जिससे पढ़ने वाले सभी बच्चे भूखे घर वापस चले गए। विद्यालय में मध्याह्न भोजन का घोटाला किया जा रहा है। कोरोनाकाल में दिए जाने वाले चावल आज तक विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किसी बच्चे को नहीं दिया गया और ना पैसा दिया गया है। इस संबंध में विद्यालय में उपस्थित शिक्षक से बात किए जाने पर कहा कि 20 दिसंबर को एक रासोईया इलाज के लिए रांची रिम्स चले गई थी। घर जाकर पता किया तो अन्य रासोईया धान काटने गई थी, जिसके कारण भोजन नहीं बनाया गया था।

### 'वाहन चेकिंग अभियान में जुर्माना वसूलने की प्रखंड में हो व्यवस्था'

**बरवाडीह।** पुलिस कप्तान के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह एवं छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की देखरेख में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में नए साल के आगमन को देखते हुए प्रखंड के पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। ऐसे में दोनों थाना क्षेत्रों में बुधवार से एक बार पुनः वाहन चेकिंग अभियान हो गया है। इस दौरान प्रतिदिन बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस आदि कागजातों की कमी को लेकर कई वाहनों को पकड़ा जा रहा है,लेकिन प्रखंड मुख्यालय में चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए वाहनों को जुर्माना लेकर छोड़ने की व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी अली हसन अंसारी ने उपायुक्त एवं जिला परिवहन पदाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए प्रखंड मुख्यालय में वाहन जब्त किए जाने के साथ ही ऑफलाइन या ऑनलाइन जुर्माना वसूलने की व्यवस्था करने की मांग की है, जिससे वाहन जब्त होने के बाद तत्काल जुर्माना देकर छुड़ाया जा सके। अली हसन अंसारी ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान में गाड़ियां पकड़े जाने के बाद लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सभी वाहन मालिक अपने किसी न किसी जरूरी से काम से ही घर से निकलते हैं। ऐसे में गाड़ियां पकड़े जाने के बाद जिला मुख्यालय में जुर्माना राशि जमा करने के बाद गाड़ी छोड़े जाने से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजद नेता व झारखंड आंदोलनकारी ने जिला प्रशासन से वाहन मालिकों की परेशानियों को देखते हुए प्रखंड में ही तत्काल जुर्माना वसूलने की व्यवस्था मांग की है।

### आठ बकायेदारों का काटा गया विद्युत कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड के रतनपुर गांव में गुरुवार को अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में विद्युत विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर 8 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया। बकायेदारें का विद्युत कनेक्शन काट कर जल्द बिल जल्द जमा करने की हिदायत दी गई। बैगर बिजली बिल जमा किये बिजली जलाते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी गई। दल में विद्युत सहायक संतोष कुमार, पंकज कुमार, विकास कुमार, ऊर्जा मित्र छोटेलाल शर्मा आदि शामिल थे।

## भाजपाइयों ने हेमंत सरकार के विरुद्ध किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को आक्रोश मार्च किया। इस दौरान राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की गई। तत्पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला उपायुक्त सौंपा गया। जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हेमंत की सरकार झूठे वादे कर राज्य की सत्ता पर काबिज बैठी है। युवाओं के साथ धोखा, आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार, राज्य में विधि व्यवस्था चौपट, तुष्टिकरण की राजनीति ने सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। कार्यक्रम में जिला



महामंत्री पंकज सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा, प्रदेश कर समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, ज्योति सिंहा, उषा देवी, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला मंत्री संतोष यादव, रेणु देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष सीतामढ़ी तिर्की, सुशील कुमार अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रियंका कुमारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीला देवी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राजू रंजन पांडे, पंकज यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, दिशा की सदस्य रानी देवी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह, मोती सोनी, मनोज प्रसाद, राम गणेश, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पांडे, रघुवीर यादव, जिला कार्य समिति सदस्य भानु सिन्हा, आशा देवी, मंजू देवी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, राकीकला पंचायत समिति विकास तिवारी, मुकेश कुमार, शैलेश सिंह, दिलीप यदुवंशी, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी, पवन गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, पवन कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जुनैद आदि मौजूद थे।

## लापरवाही बरतने वाले दो रोजगार सेवकों को नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड सभागार में गुरुवार को बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा, आवास एवं राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें राजस्व वसूली, शुद्धीकरण, दाखिल खारीज से संबंधित बीडीओ सह सीओ ने राजस्व उप निरीक्षक को ससमय निपटारा करने का निर्देश दिया। इस वर्ष राजस्व वसूली में 53 प्रतिशत गिरावट पर सुधार लाने हेतु राजस्व संग्रहण के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके

#### बीडीओ ने की मनरेगा व राजस्व कार्यों की समीक्षा

अलावा डीले प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पंचायत सचिव व कर्मियों को दिया गया। मनरेगा योजना द्वारा संचालित पूर्ण योजनाओं को एमबी संधारण कर जिओ टैग करते हुए बंद करने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। वहीं कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पेटादेरी रोजगार सेवक धर्मेंद्र यादव व फुलांग रोजगार सेवक शंभु राम को जवाब मांगा गया।


**न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।**

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई **दिनांक 28.12.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न** में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | वनवाद संख्या/थाना कांड संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ एवं अन्य | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | चिनियाँ थाना कांड संख्या 70/2022 | 25/2023 | (1) ट्रैक्टर इंजन नं0– PY3029D261074, चेचिस नं0– PY5036C001698, पंजीयन संख्या– JH14C – 1553, तथा उस पर लदा कच्चा सखुआ लकड़ी का बोटा – 20 पीस एवं कच्चा सलई लकड़ी– 8 पीस (2) लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर चेचिस नं0– RAE00771698, पंजीयन संख्या– BR44G - 0846 तथा उस पर लदा सखुआ लकड़ी का बोटा– 15 पीस एवं पतला–पतला सखुआ का सुखा लकड़ी– 30 पीस | ग्राम चपकली के भट्ठादामर टोला, थाना – चिनियाँ, जिला– गढ़वा |
| 02 | चिनियाँ थाना कांड संख्या 12/2023 | 28/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर मॉडल नं0– 415 DI DLX, चेचिस नं0– MBNABAVGAMJGO4009, इंजन नं0– NMF4YPJ0052, तथा उस पर लदा लकड़ी | डोल से गुरूसिंधु जाने वाला रास्ता में डोल जंगली क्षेत्र के पास |
| 03 | रंका थाना कांड संख्या 130/2023 | 29/2023 | पिकअप JH03AB - 1830 एवं 33 बोटा मोटा चौपहल | बान्दु सुरक्षित वन |
| 04 | रंका थाना कांड संख्या 123/2023 | 30/2023 | पिकअप JH03AC - 2031 एवं 3 पीस चौपहल एवं 16 पीस चौखट लकड़ी | कटरा सुरक्षित वन |
| 05 | C 2469/2019 एवं रंका थाना कांड संख्या 235/2019 | 31/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर संख्या– CG15A-1076 | अनहर सुरक्षित वन |
| 06 | C 676/2023 | 32/2023 | साल वृक्ष (बोटा)– 05 पीस | लिदकी सुरक्षित वन |
| 07 | C 802/2023 | 33/2023 | साल सूट– 30 पीस | जमौती सुरक्षित वन |
| 08 | C 796/2023 | 34/2023 | जलावन– 02 टन (लगभग) | चुतरू सुरक्षित वन |
| 09 | C923/2023 | 35/2023 | साल सूट का जलावन– 03 क्विंटल लगभग | करचाली सुरक्षित वन |
| 10 | C 750/2023 | 36/2023 | शीशम बोटा– 02 पीस | होन्हेकला सुरक्षित वन |
| 11 | C 1061/2023 | 37/2023 | जलावन – 02 टन लगभग | जोलंगा सुरक्षित वन |
| 12 | C 1198/2023 | 38/2023 | साल चौपहल – 06 पीस एवं साईकल– 04 पीस | पाल्हे सुरक्षित वन |
| 13 | C 1365/2023 | 39/2023 | साल बोटा– 09 पीस | बिन्दा आरक्षित वन |
| 14 | C 1535/2023 | 40/2023 | यूकेलिप्टस वृक्ष का बोटा– 05 पीस | बैरिया सुरक्षित वन |
| 15 | C 1497/2023 | 41/2023 | साल बल्ली– 05 पीस | रोदो सुरक्षित वन |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 314034 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)


### आयोजन | बरवाडीह के संत कलारेट स्कूल परिसर में मनाया गया वार्षिकोत्सव

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लूटी महफिल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के लेदगाई स्थित संत कलारेट स्कूल परिसर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन फादर साबू जॉर्ज, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार, थाना प्रभारी श्री निवास सिंह, फादर सीबी, फादर संजय गिद्ध आदि ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। पर्यावरण की रक्षा को लेकर भी कई कार्यक्रम पेश किए गए। पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ भी ली गई।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर एसडीपीओ ने अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह विद्यालय एक छोटे से पौधे से विशाल पेड़ का रूप ले चुका है जो क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को दबाव देने के बजाय उन्हें एक दोस्त की तरह समझाते हुए शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने का मौका दें। संतोषी ने कहा कि संत कलारेट स्कूल के माध्यम से रांची, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में मिलने वाली शिक्षा हम सभी के लिए प्रखंड क्षेत्र में उपलब्ध है जो एक बड़ी उपलब्धि है। फादर साबू जॉर्ज ने कहा कि एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है और इसी उद्देश्य से संत क्लोरेट संस्था पूरे देश में शिक्षा की अलख जगाने का प्रयास कर रही है। मौके पर मुखिया कालो देवी, मुखिया जितेंद्र सिंह, मुखिया पूनम देवी, दिलीप कुमार सिंह, पूर्व पंचायत समिति सुनीता पाल, प्रिंसिपल फादर जॉर्ज, वाइस प्रिंसिपल फादर केविन प्रेम, फादर जोशी, कुमारी रश्मि, गीता सिन्हा, नेहा शर्मा, अन्ना सिद्दकी, इम्तियाज आलम, नेहा रानी लकड़ा, मनोज बेक, रेणु बेक आदि उपस्थित रहे।

## गागर में सागर

### प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था

**भंडरा।** बढ़ती ठंड के मद्देनजर भंडरा आंचल के भंडरा भौरों मोड़ व थाना मोड़ पर प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था की है। अलाव से लोगों को कनकनी वाली ठंड से थोड़ी राहत मिली है। प्रखंड प्रशासन ने पंचायत के माध्यम से जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले दिनों सीओ दिनेश प्रसाद ने भंडरा, बड़ागाई, आकाशी मुखिया को अपने-अपने क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। सीओ के निर्देश के बाद भंडरा मुखिया इंदरदेव उरांव ने भंडरा भौरों मोड़ एव थाना मोड़ पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। सीओ ने सभी प्रखंड वासियो को ठंड से बचाव को लेकर सतर्क रहने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है। बताते चलें कि वर्तमान समय में प्रखंड के क्षेत्रों का तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच पहुंच गया है। तापमान में गिरावट आने से ठिठुरन बढ़ी है। लेकिन प्रखंड के शैक्षणिक संस्थानों के विद्यालय प्रबंधन ने समय में परिवर्तन नहीं किया है, जिसकी वजह से छात्रों को परेशानी होती है। प्रखंड मुख्यालय में पढ़ रहे छात्र सुबह छह बजे ही साइकिल व अन्य साधनों से निर्धारित समय पर विद्यालय के पहुंचना पड़ता है।

### 'पर्यावरण की सुरक्षा से मानव की सुरक्षा'

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से एक संक्षिप्त उद्बोधन का आयोजन हुआ। उत्तर पूर्व क्षेत्र के पर्यावरण प्रमुख उत्तम मुखर्जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। उत्तम मुखर्जी के द्वारा भैया बहनों को छोटी-छोटी बातों जैसे कि अनावश्यक पानी को नहीं बहाये, बाहर निकलते वक्त कमरे की बिजली बंद कर देना, प्लास्टिक की थैली का इस्तेमाल बंद करना, बाजार जाते वक्त घर से थैला लेकर जाने को बताया। पानी में गंदी चीजे को फेंक कर पानी को दूषित न करने की सलाह दी तथा भैया बहनों को अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाने को कहा। ईको ब्रिक्स निर्माण करने की विधि को बात कर भैया बहनों से बनाने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य ने कहा जल, वायु, आकाश, पृथ्वी, अग्नि इन पांच तत्वों के शुद्ध रहने से ही हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा तथा अनेक प्रकार के रोगों से मुक्ति मिल सकेगी।

### सोन के आगमन को लेकर डीसी की बैठक

**लोहरदगा।** कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के 23 दिसंबर को लोहरदगा आगमन की तैयारी को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम नीति आयोग अंतर्गत प्राप्त अवार्ड मनी से ली गई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें कुडू प्रखंड में डेयरी यूनिट, बीएस कॉलेज में ई-लाईब्रेरी अधिष्ठापन, कुडू व सदर प्रखंड में दीदी कैफे निर्माण की स्थिति व उसके लिए समूह निर्माण, किस्को में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय की मरम्मति समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में 7 जुलाई को केके सोन की अध्यक्षता में हुई बैठक व दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं जल संरक्षण, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल एवं स्वच्छता, समाज कल्याण, कौशल विकास आदि इंडिकेटर्स शामिल थे। संबंधित पदाधिकारियों को डेटा अपडेट करने और उपलब्धि में सुधार किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, पीपीआईए फेलो, टीम लीड पीरामल आदि उपस्थित थे।

### संकुल साधन सेवियों को मिला प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश के आलोक में जिले के सभी विद्यालयों प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक में इको क्लब गठन हेतु जिले के सभी संकुल साधन सेवियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण अभिलाष सभाकक्ष, लोहरदगा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षणचार्य का उद्घाटन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा सरिता एक्का के द्वारा अभियान गीत के साथ किया गया। प्रशिक्षक निशांत कुमार, बीआरपी भंडरा के द्वारा सभी सीआरपी को ईको क्लब का गठन सभी विद्यालयों में किया जाए, इससे संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। सरिता एक्का के द्वारा बतलाया गया इको क्लब के द्वारा विद्यालयों के छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और इसमें आने वाली समस्याओं के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध कराना और छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक करना, पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने, महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जागरूक करने, हमारे प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के उपाय को समझने और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देने का अवसर का माध्यम है। जिले के प्रत्येक विद्यालयों में बाल संसद का गठन किया गया है। ज्ञात हो इको क्लब बाल संसद की उपसमिति है। इसमें प्राथमिक स्तर पर, मध्य स्तर पर और उच्च स्तर पर ईको क्लब का गठन किया जाना है। प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यालयों में इको क्लब की स्थापना सदस्यों की जिम्मेवारियां, इको क्लब के संभावित कार्य, पहचान चिन्ह एवं प्रतिज्ञा, वार्षिक पर्यावरण कैलेंडर, प्रशिक्षण, पर्यावरण की रणनीति विद्यालयों को सहयोग आदि विभिन्न विषय की जानकारी दी गई। धर्मेंद्र सोनी, संतोष कुमार, निशांत कुमार, जीतेन्द्र मित्तल, बनवारी उरांव, जावेद अंसारी, इम्तियाज अहमद आदि मौजूद थे।

### नारों के सहारे सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

# 'ट्रैफिक रूल्स की पालना में होगी सख्ती, तो मिलेगी हादसों से मुक्ति'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



बिना हेलमेट पहने, सीट बेल्ट, ड्रंक एंड ड्राइव, रफ ड्राइविंग, ट्रिपल राइड, नाबालिग, वाहनों के बीच कम दूरी रखना, स्पीड ड्राइविंग आदि कारणों से लोहरदगा की सड़कों पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से हो रही मौत/ घायलों पर शहर के सामाजिक, राजनीतिक, अधिवक्ता व प्रबुद्ध लोगों ने सड़क में उतरकर वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, ड्रंक एंड रफ ड्राइविंग न करने आदि की नसीहत तथा ट्रैफिक रूल के पंपलेट देकर समझने का प्रयास किया। शहरी क्षेत्र के बीएस कॉलेज के समीप बर्म्मन हाईवे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सड़क पर जो वाहन चालक बगैर हेलमेट, बगैर सीट बेल्ट लगाए एवं तेज गति चालकों को गुलाब का फूल व माला पहना कर सड़क सुरक्षा के कायदे बताए गए।

वहीं हेलमेट पहने व सीट बेल्ट लगाए लोगों को कैडब्रिज व ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित भी किया गया। पंपलेट के स्लोगन मे 'कुछ छोटी सावधानियां आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती है', 'यातायात नियमों में बरते सखती तभी मिलेगी दुर्घटनाओं से मुक्ति', 'वन मिस्टेक गेम ओवर', 'स्पीड थ्रिल बट कील', 'गाड़ी चलाएं शौक से शोक से नहीं' आदि लिखकर जागरूक करने का प्रयास किया गया। मौके पर समाजसेवी सह भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि एक एक्सीडेंट से पूरा परिवार तबाह हो जाता है तथा हमें ट्रैफिक रूल को अपनाना चाहिए। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने कहा कि 78 प्रतिशत मौत बगैर हेलमेट पहनने के कारण खासकर युवाओं की संख्या तथा शराब सेवन बड़ा कारण है, अभिभावक भी जिम्मेवार हैं जो बच्चों के जिद के कारण भारी वाहन तो खरीद देते हैं पर सुरक्षा का ज्ञान नहीं देते। अधिवक्ता देवाशीष कार व अनुप राय कहा कि सड़क सुरक्षा अब एक बड़ा मुद्दा बनते जा रहा है तथा सभी राजनीतिक, सामाजिक आदि संगठनों को इस पर चिंता करनी चाहिए तथा जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। यह सिर्फ प्रशासन की जवाबदेही नहीं है। कार्यक्रम में देशराज गोयल, राजमोहन प्रियदर्शी, सुधीर अग्रवाल, सत्यकेतु प्रजापति, अरुण राम, सुबोध साहू, तरुण देवघरिया उन्नत उरांव, आकाश उरांव, अमित सोनी, उन्नत उरांव आदि उपस्थित थे।

# शिविर में 491 आवेदनों का ऑन द स्पॉर्ट निदान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तीसरे चरण में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़ागाई पंचायत के कुंदो खेल मैदान में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिप सदस्य राजमनी उरांव,प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, मुखिया कइली उरांव ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। इसमें आपूर्ति विभाग में नया राशन कार्ड व नया नाम जोड़ने, मनरेगा योजना, आय, जाति, आधार कार्ड में सुधार व नया, भूमि से जुड़े मामले, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्य मंत्री पशुधन योजना, जन्म, मृत्यु, अबुआ आवास आदि योजनाओं के लिए गए। वहीं वृद्ध गरीब असहायों बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। वहीं दो महिला मंडल को 12 लाख का ऋण दिया गया, जबकि साड़ी 30 और धोती 40, लुंगी 52 लोगों को दिया गया। वहीं आंगनबाड़ी सेविका द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। स्वास्थ्य विभागने सैकड़ों लोगों का इलाज कियाा। शिविर में 1592 आवेदन लिए गए, जिनमें 491 आवेदनों का ऑन द स्पॉर्ट निदान किया गया। बाकी आवेदनों का पंजीकरण प्रखंड कार्यालय में किया जाएगा। मौके पर महिला प्रसार पदाधिकारी नीता सरकार,बीपीएम विजय प्रसाद, डॉक्टर ओम कुमार आदि मौजूद थे।

# किस्को व कुडू में मनरेगा व पीएम आवास की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में किस्को और कुडू प्रखण्ड में संचालित मनरेगा योजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम किस्को प्रखंड की समीक्षा की गई, जिसमें मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, योजनाओं की पूर्णता, दीदी बाड़ी योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आधार आधारित भुगतान, सोलिड वेस्ट व लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट आदि योजनाओं की समीक्षा की गई और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत को सुधार करने का निर्देश दिया।

# भाजपा का सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में भाजपा ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। उपायुक्त को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि हेमंत सोरेन की 4 वर्ष की नाकामी और वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान दलित आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। राज की जनता ने सिर्फ सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही है बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है। आए दिन हत्या, लूट, अपहरण बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुरक्षा बनी हुई है। अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा है कि वह जेल में भी हत्या करने में सफल हो रहे हैं। सरकार व्यापारियों को मांगने पर भी सुरक्षा उपलब्ध नहीं कर रही है, उनकी हत्या हो जा रही है, पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं है। धरने में पूर्व विधायक रमेश उरांव, पूर्व अध्यक्ष, ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सूरजमोहन साहू, नवीन कुमार टींकू, महामंत्री बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, हरशनाथ महतो, नजीर आलम खान, राजेश महतो, दीपेश्वर भगत, दुखहरण साहु, दिलीप पटनायक, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, मुन्नी देवी, बेबी देवी, शोभा देवी, मनिषा देवी, कंचन देवी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने किया प्रदर्शन, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा ने नगर के मुख्य मार्ग से लेकर कचहरी परिसर तक मार्च निकाल कर आक्रोश प्रदर्शन किया। उपायुक्त को राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा ने राज्य हित में उपयुक्त परिस्थितियों के आलोक में अविलंब हेमंत सोरेन सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। इसमें कहा गया हेमंत सरकार के राज में आम जनता, युवा महिला दलित, आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। राज्य की जनता न सिर्फ बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर संकट झेल रही है बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है। अधिकारी ने आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार लोकलुभावन नारा देकर कैसे सत्ता में काबिज हो इसकी चिंता है। अबुआ आवास आदि योजनाओं का लाभ देने का झूठा वादा देकर भरमाया जा रहा है। आक्रोश रैली में मुख्य रूप से मिसिर कुजूर, किरण माला बाड़ा, रामवतार भगत, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, विनय लाल, भुपन साहू, विनोद कुमार,निर्मल गोयल, सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, किरणमाला बाड़ा, प्रदीप प्रसाद, भैरो सिंह खेरवार, लालमोहन साहू, यशवंत सिंह, शकुंतला उरांव, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, दिनेश्वर प्रसाद, हरिहर कुमार, कौशलेंद्र जमुआर, मंगल सिंह भोक्ता, सोनमणि उरांव, खुशमन नायक, निरंजन सिंह, आफताब आलम लाडले, दामोदर कसेरा, शैल मिश्रा, चितरंजन मिश्रा, सुरेश सिंह, शमीम खान, अरविंद मिश्रा, रविंद्र सिन्हा, संतोष सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, श्याम किशोर पाठक, रविशंकर सिंह, सौरभ पांडे, सुमित महली, गोपाल केसरी, दिनेश सिंह, कंचन सिंह, संजीव कुमार, संतोष पंडा आदि शामिल रहे।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त चार वर्षीय बच्ची रांची रिम्स रेफर

**गुमला।** जिला के अंतर्गत रायडीह थाना क्षेत्र स्थित तुरीडीह के समक्ष सड़क पर एकाएक एक कुत्ता के दौड़ने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक से गिरकर 4 वर्षीय बच्ची आलिया टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे रांची रिम्स रेफर किया गया। बताया जाता है कि रधुनाथपुर निवासी अरविंद टोप्पो रेडी बाजार से वापस अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में उक्त हादसा हुआ। मासूम बच्ची के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं ओर उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित को-ऑपरेटिव बैंक के समक्ष एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय वृद्ध जनजातीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला के थैले से प्राप्त बैंक पासबुक और वोटर आईडी से पता चला कि वह कोरबा जनजाति की महिला है। चैनपुर थाना स्थित जेवना तबेला ग्राम निवासी तेजो देवी (पति- शनि कोरबा ) के रूप में उसकी पहचान हुई है। पीसीआर वाहन द्वारा उक्त महिला को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

आवश्यक सूचना
(मृत अज्ञात व्यक्ति के शव का फोटो, उम्र करीब–45 वर्ष)



रमना थाना कांड सं0–117/23 दिनांक–29.10.2023 धारा–279/304(A) भा0द0वि0 में दिनांक–24.10.2023 को ग्राम–मड़वनियां मुख्य सड़क पंचायत भवन के पास TVS SPORT मोटरसाईकिल नं0–JH14H-4110 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक अज्ञात व्यक्ति को धक्का मार दिया गया जिससे व्यक्ति घायल हो गया था।

जिसकी सूचना थाना को प्राप्त होने पर उक्त व्यक्ति को ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया जहाँ ईलाज के क्रम में चिकित्सक के द्वारा उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। उक्त व्यक्ति का पहचान कराया गया परन्तु पहचान नहीं हो पाने के कारन उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव को मुक्तिधाम संस्था के द्वारा अंतिम दाह संस्कार करा दिया गया। उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव का पहचान अबतक नहीं हो सकी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी या पहचान हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR313954 (Police)23-24*D

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत जताई गई हत्या की आशंका

**भरनो।** प्रखंड के बनटोली गांव निवासी महादेव लोहरा का 18 वर्षिय पुत्र सुखदेव लोहरा की उत्तर प्रदेश के जसलोंन थाना के ललितपुर में ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। उसका शव को बुधवार को लाया गया। मृतक के परिजनों ने सुखदेव की हत्या की आशंका जाहिर की है। परिजनों ने बताया कि बीते बुधवार को बनटोली आश्रम के पूर्व सुरक्षा गार्ड श्रीकांत गिरी उर्फ गोलू द्वारा मृतक को कार्य दिलाने का प्रलोभन देकर बिहार ले जा रहे हैं कहकर घर से ले गया था, परन्तु उसे बिहार नहीं ले जाकर गुजरात की एक दवा कंपनी ले गया, परन्तु वहां वह कार्य नहीं कर वापस लौटने लगे और उसकी मौत हो गई। इधर परिजनों का कहना है कि जो कार्य करने बाहर जाएगा और सप्ताह भर में ही क्यों लौटेगा? गुरुवार को ग्रामीण और उसके परिजन भरनो थाना पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। थाना प्रभारी कृष्ण तिवारी ने कहा कि घटना जहां होती है वहीं प्राथमिकी दर्ज होती है। आवेदन मिलने पर जीरो एफआईआर कर घटना स्थल वाले थाना को भेजा जाएगा।

## राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर होंगे कार्यक्रम, उपायुक्त ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को 29 दिसंबर को राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोहरदगा जिला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की ओर से कार्यक्रम में बांटी जानेवाली परिसंपत्ति पर चर्चा की गई। जिला स्तर पर विकास मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम की बेहतर तैयारी हेतु सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। राची जिला स्थित मोरहाबादी मैदान में होनेवाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लोहरदगा जिला में कार्यक्रम स्थल पर कराये जाने का निर्देश दिया गया।

**झारखण्ड सरकार,
कल्याण विभाग,उप निदेशक, कल्याण कार्यालय,
पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**नामांकन सबंधी सूचना वर्ष –2024**

पलामू प्रमण्डल, अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्नलिखित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–2025 के रिक्ति के अनुसार वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 23.02.2024 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र सम्बन्धित विद्यालयों में कार्यदिवस को जमा किये जायेगें।

| जिला | विद्यालयों का नाम | नामांकन का वर्ग |
|---|---|---|
| पलामू – | अनु0 जाति आवासीय उ0वि0, कौआखोह, पलामू। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय, लेस्लीगंज, पलामू। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| | अनु0जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय, डूमरी, छत्तरपुर, पलामू। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| लातेहार – | अनु0जन–जाति आवासीय मध्य विद्यालय, डोमाखाड़, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जन–जाति आवासीय मध्य विद्यालय, छिपादोहर, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जन–जाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेन्देहास, बरवाडीह, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, होटबाग, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, हड़गड़वा, चन्दवा, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | आदिम जन जा0 आ0 प्राथमिक विद्यालय, ऑवराटॉड़, मनिका लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | आदिम ज0जा0 बालिका आवासीय प्रा0 विद्यालय, कुटमू, लातेहार। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| | आदिम ज0जा0 बालिका आवासीय प्रा0 विद्यालय, नेतरहाट, लातेहार। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| | अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, बालूमाथ, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जा0 आवासीय प्रा0 विद्यालय, बनियों, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनुसूचित जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय, गारू, लातेहार। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| गढ़वा – | राजकीय अ0ज0जा0 आवासीय उ0वि0, कुदरूम, गढ़वा। | वर्ग प्रथम, |
| | अनु0 जाति आवासीय मध्य विद्यालय, रमकण्डा, गढ़वा। | वर्ग प्रथम |

1. आवेदन–पत्र प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपराहन 05.00 बजे तक संबंधित उपर्युक्त किसी भी विद्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है, परन्तु जमा जिस विद्यालय में नामांकन चाहते है उसी विद्यालय में नामांकन फार्म जमा किया जायगा।
2. अनूसचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईयाँ जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा। उसी प्रकार अनुसूचित जन–जाति के सभी उप जातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित आदिम जन–जातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि के आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नही होते है तो प्रमण्डलीय उपनिदेशक कल्याण का अनुमोदन लेकर मेंधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जन–जाति की अन्य उपजातियों के बच्चों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
3. वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु मौखिक परीक्षा 26.02.2024 को सम्बन्धित विद्यालयों में प्रातः 10.00 बजे से होगी।
4. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची विद्यालयों के सूचनापट पर प्रकाशित की जायेगी।
5. नामांकन हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 23.02.2024 निर्धारित है।
6. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को जाति प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण–पत्र, बी0पी0एल0 कार्ड एवं जन्मतिथि आधार कार्ड प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. वर्ग 01 में नामांकन हेतु उम्र सीमा दिनांक 01.04.2024 को न्यूनतम 06 वर्श अधिकतम 07 वर्श होनी चाहिए।
8. जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। इस आशय का घोशण –पत्र आवेदक के माता–पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन–पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
9. असत्य एवं फर्जी घोशण–पत्र देने वाले माता–पिता/अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानुनी कर्रवाई की जायेगी।
10. आवेदन का प्रारूप www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह/0
उप निदेशक, कल्याण,
पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR314002 (District)23-24*D

## कार्यक्रम

### बीएस बनाम गोस्सनर कॉलेज व मारवाड़ी बनाम एसएस कॉलेज होगा मुकाबला

# एसएस मेमोरियल व मारवाड़ी कॉलेज सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



स्थानीय बीएस कॉलेज में चल रही रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले गए। एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज अपने-अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गए।

बीएस कॉलेज लोहरदगा और गोस्सनर कॉलेज पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। पहला क्वाटर फाइनल मुकाबला एसएस मेमोरियल कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें डोरंडा कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.3 ओवर में 94 रन बनाए। जवाब में एसएस मेमोरियल की टीम ने 13.5 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुकाबले में शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिए एसएस मेमोरियल के अभिषेक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे क्वाटर फाइनल मुकाबले में आरएलएसवाई कॉलेज ने मारवाड़ी कॉलेज के खिलाफ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 104 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में मारवाड़ी कॉलेज ने 12.4 ओवर में केवल 2 विकेट खोकर 105 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में शुक्रवार को सेमीफाइनल के मुकाबले खेले जाने हैं। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में स्थानीय बीएस कॉलेज की टीम गोस्सनर कॉलेज की टीम से भिड़ेगी।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 23 दिसंबर को खेला जाएगा। मैचों के दौरान बी एस कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसकेपी गुप्ता, रांची विवि के कोच व चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी वसुदेव हस्सा और आनंद मांझी आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### तृणमूल विधायक के घर से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 19 घंटे में निकाले 70 लाख

**बंगाल।** आयकर विभाग ने कथित कर चोरी के मामले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक बायरन बिस्वास के आवास पर तलाशी के दौरान करीब 70 लाख रुपये नकद बरामद किये हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज स्थित विधायक के आवास पर बुधवार को सुबह शुरू हुई तलाशी करीब 19 घंटे बाद देर रात खत्म हुई। अधिकारी ने कहा, हमने बायरन बिस्वास के आवास पर छापेमारी के दौरान 70 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि इतनी बड़ी रकम वहां क्यों रखी गई थी। पीटीआई-ने जब विधायक से इस मामले पर संपर्क किया तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### पीड़ितों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई : योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित है कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

### हलाल सर्टिफिकेट से जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल आतंकवाद में

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नितेश राणे ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में 'हलाल-प्रमाणित' उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध की तरह, महाराष्ट्र में भी हलाल-प्रमाणित भोजन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बीजेपी नेता ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के लिए इकट्ठा किया गया पैसा आतंकवाद के लिए इस्तेमाल किया गया। हलाल, जिहाद, लव जिहाद बड़ी चिंताएं हैं। भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के नाम पर जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल आतंकवाद में किया जाता है। इसका इस्तेमाल हिंदू धर्म के खिलाफ किया जाता है। हमारे पास इससे जुड़े सारे सबूत हैं। जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट पर रोक लगाई है, उसी तरह महाराष्ट्र में भी इस पर रोक लगनी चाहिए। मैं इसके बारे में बात करूंगा। उन्होंने कहा कि दो कंपनियां हैं जो हलाल सर्टिफिकेट देती हैं और वे भी महाराष्ट्र से हैं।

### ताज महल से भी खूबसूरत होगी मस्जिद

# अयोध्या में बनेगी देश की सबसे बड़ी मस्जिद



**एजेंसी। अयोध्या**
सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 9 नवंबर को अयोध्या में विवादित राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। केंद्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड को वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन आवंटित की। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नई मस्जिद, जो भारत में सबसे बड़ी होगी, में केसर रंग में दुनिया की सबसे बड़ी कुरान होगी, जिसकी ऊंचाई 21 फीट और चौड़ाई 36 फीट होगी। मस्जिद में पहली नमाज मक्का के इमाम इमाम-ए-हरम अब्दुल रहमान ऐे-सुदैस अदा करेंगे।हाजी अरफात शेख ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि यह मस्जिद ताज महल से भी ज्यादा खूबसूरत होगी। यह 'दावा और दुआ' का केंद्र होगी क्योंकि इसमें न केवल लोगों को नमाज पढ़ने की इजाजत होगी बल्कि 500 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल भी होगा जिससे लोगों को फायदा होगा। यूपी से कोई भी कैंसर के इलाज के लिए मुंबई नहीं जाएगा। इसमें डेंटल, मेडिकल और इंजीनियरिंग के विभिन्न कॉलेज भी होंगे।

### गाजियाबाद में भी मिला कोरोना का एक मरीज, कराई जा रही सैंपलिंग और ट्रैकिंग

**गाजियाबाद।** कोरोना के नए वेरिएंट जेएन। 1 की दस्तक के बाद लोगों को एक बार फिर से एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है। दिल्ली के बाद गाजियाबाद में भी कोरोना का एक मामला रिपोर्ट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामले को गंभीरता से ले रहा है। कोरोना संक्रमित मरीज की सैंपलिंग और ट्रैकिंग कराई जा रही है। हालांकि मरीज की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। जिला सर्विलांस अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता के मुताबिक गाजियाबाद में कोरोना का एक केस रिपोर्ट हुआ है। 19 दिसंबर को दिल्ली के निजी लैब में कोविड -19 की जांच कराई गई थी जिसकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई है।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बिहार दौरे पर जदयू का हमला



**एजेंसी। पटना**
आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे हैं। मोहन भागवत 21 दिसंबर से लेकर 23 दिसंबर तक बिहार में रहेंगे। जिसे लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। वहीं, मोहन भागवत के इस दौरे पर जदयू ने हमला भी बोला है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने गुरुवार को बयान जारी करते हुए भाजपा पर तंज कसा और कहा कि मोहन भागवत जी आपका बिहार दौरा और सांस्कृतिक संगठन होने का दावा करते हैं, लेकिन राजनीतिक कार्यक्रमों की समीक्षा यह बताता है कि आप फर्जी रूप से सांस्कृतिक संगठन होने का दावा करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी उम्मीद है कि आप बिहार की जनता को यह जरूर बताइएगा कि बिहार में तो मंदिरों की घेराबंदी और श्मशान का विकास होता है लेकिन बीजेपी शासित राज्यों में मंदिर की घेराबंदी भी नहीं और श्मसान का विकास भी नहीं होता है।

### माओवादियों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों के 11 नए शिविर स्थापित करने की योजना : डीजीपी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने बुधवार को कहा कि वह माओवादियों से निपटने के लिए राज्य के दूरदराज के इलाकों में 11 नए सीआरपीएफ/बीएसएफ शिविर स्थापित करेगी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुनील बंसल ने यहां वामपंथी उग्रवाद पर रणनीति सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह जानकारी दी। बंसल ने कहा, हमारी दूर-दराज के इलाकों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल/सीमा सुरक्षा बल के 11 नए सीओबी (कंपनी ऑपरेशन बेस) स्थापित करने की योजना है, क्योंकि माओवादी अपना दबदबा दिखाने के लिए हिंसा फैला सकते हैं। डीजीपी ने कहा कि बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, बुनियादी ढांचे, भवन, रसद और माओवादियों से निपटने से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नए शिविरों की स्थापना से माओवादियों के खिलाफ लड़ाई और अधिक प्रभावी हो जाएगी। बंसल ने कहा कि पुलिस का ध्यान प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के कंधमाल-कालाहांडी-बौध-नयागढ़ (केकेबीएन) और नयनपुरी संभागों की चुनौती से निपटने पर होगा।

### कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को बढ़ावा देने के आरोप पर भारत अडिग, प्रधानमंत्री ट्रुडो का बयान अस्वीकार्य : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के इस बयान को खारिज कर दिया है कि गुरुपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण में अमेरिका की कार्ररवाई के बाद भारत के रुख में बदलाव आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी नीति पूर्ववत है। हमारा मानना है कि मुख्य मुद्दा कनाडा में उग्रवादी, आतंकवादी और भारत विरोधी तत्वों को गतिविधियां चलाने का अवसर दिया जा रहा है। भारत को उम्मीद है कि कनाडा सरकार ऐसे उग्र तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगी तथा उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करने की छूट नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कनाडा प्रधानमंत्री टुड्रो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंट का हाथ होने आरोप लगाया था। हालिया बयान में उन्होंने अमेरिकी अदालत में पन्नू की कथित हत्या की साजिश के मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने का हवाला देते हुए कहा था कि इस कारण भारत के रवैये में नरमी आई है।

### लाल सागर सुरक्षा गठबंधन में शामिल होने पर फिलहाल फैसला नहीं : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने यमन के हूती विद्रोहियों की कार्रवाइयों के कारण लाल सागर और अरब सागर में व्यापारिक नौवहन को खतरे का मुकाबला करने के लिए अमेरिका की ओर से बनाए गए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में शामिल होने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची से गुरुवार को जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह एक नई पहल है। इस बारे में भारत की भूमिका पर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया गया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत स्वतंत्र नौवहन का पक्षधर है तथा समुद्री डकैती जैसे खतरों के बारे में वह अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में साझेदार रहा है। उल्लेखनीय है कि हूती विद्रोहियों ने गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में लाल सागर और अरब सागर में इजराइल से जुड़े व्यापारिक जलयानों को निशाना बनाया है। अमेरिका के नेतृत्व में 10 देशों का एक गठबंधन बनाया गया है, जिनकी नौ सेनायें इस जल क्षेत्र में जलयानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। प्रवक्ता ने इजराइल में फिलिस्तीनी कामगारों के स्थान पर भारतीय कामगारों को भेजे जाने से इनकार किया। प्रवक्ता ने संसद में सरकार की ओर से दिए गए इस बयान का हवाला दिया कि फिलिस्तीनी कामगारों के स्थान पर भारत के लोगों को भेजे जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### मृत महिला को जिंदा बताकर किया रेफर


# परिजनों ने किया हंगामा अस्पताल छोड़कर भागे कर्मचारी



**एजेंसी। कुशीनगर**
कुशीनगर जिले में तमकुहीराज कस्बे के एनएच स्थित तहसील गेट के समीप के निजी अस्पताल मे इलाज के दौरान प्रसूता (महिला) की मौत हो गई। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को गंभीर बता गोरखपुर निजी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने महिला को मृत बता दिया। इससे नाराज परिजनों ने मृत प्रसूता के शव को लेकर वापस कस्बे के निजी अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। उन्होंने लापरवाहीपूर्वक इलाज का आरोप लगाया। निजी अस्पताल संचालक और सहयोगी स्टॉफ मौके से गायब हो गए। जानकारी के बाद पहुंची तमकुहीराज पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि तरयासुजान थाना क्षेत्र के ओझवलिया निवासी मिट्ठू पटेल की पत्नी सपना देवी (22) को बुधवार रात करीब आठ बजे प्रसव पीड़ा के बाद परिजन तमकुहीराज कस्बे के एनएच स्थित तहसील गेट के समीप निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। देर रात करीब 11 बजे प्रसूता सपना देवी को सामान्य प्रसव से बेटी का जन्म हुआ। प्रसूता महिला का इलाज निजी अस्पताल में जारी रहा। बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे प्रसूता की तबियत बिगड़ी। मौके पर मौजूद डॉक्टर ने इलाज शुरू किया लेकिन प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मौत की जानकारी दिए बगैर प्रसूता को गंभीर बताकर गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

### अंजुमन ने की ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट दिए जाने की मांग

# अब तीन जनवरी को होगी सुनवाई



**एजेंसी। वाराणसी**
वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सर्वे रिपोर्ट को देने की मांग अब अंजुमन ने भी की है। ई-मेल के जरिये अंजुमन ने दो सील बंद लिफाफे में दाखिल सर्वे रिपोर्ट को देने की मांग की है। रिपोर्ट सार्वजनिक करने के मामले में अब तीन जनवरी को सुनवाई होगी। इसी दौरान फैसला आ सकता है। वहीं जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वशेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफे में दाखिल ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने पर फैसला अभी सुरक्षित रखा गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 18 दिसंबर को रिपोर्ट दाखिल की थी। हिंदू पक्ष ने जहां सर्वे रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया है, वहीं मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताई है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि रिपोर्ट की प्रति यह शपथ पत्र लेकर दी जाए कि वह लीक नहीं की जाएगी। रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर भी रोक लगाने की मांग रखी गई है।

## आय से अधिक संपत्ति मामला : मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु के मंत्री को सुनाई तीन वर्ष की सजा



एजेंसी। मद्रास
मद्रास उच्च न्यायालय ने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति मामले में बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी को तीन साल की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के साथ ही पोनमुडी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई और मंत्री पद भी चला गया। मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जयचंद्रन ने पोनमुडी की पत्नी पी. विसालाक्षी को भी तीन वर्ष की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने पोनमुडी और उनकी पत्नी दोनों पर 50-50 लाख का जुमार्ना भी लगाया। उच्च न्यायालय ने पोनमुडी और उनकी पत्नी को पहले ही दोषी करार दे दिया था, लेकिन सजा आज सुनाई। आरोपियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन आर एलांगो ने अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिका और सजा निलंबित करने के संबंध में याचिका दाखिल करने की मोहलत दी जाए। न्यायाधीश ने उन्हें 30 दिन की मोहलत दी और सजा के अमल पर 30 दिन के लिए रोक लगा दी। न्यायाधीश ने कहा कि इस अवधि के समाप्त होने पर उन्हें विल्लुपुरम में निचली अदालत के समक्ष पेश होना होगा। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, सजा सुनाए जाने के बाद पोनमुडी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई और मंत्री पद उनके हाथ से गया।

## भाजपा आवारा कुत्तों के प्रति सम्मान बहाल करने को लेकर समर्पित है: विजय गोयल



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय गोयल ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी आवारा कुत्तों के प्रति सम्मान बहाल करने को लेकर समर्पित है। भाजपा नेता ने कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और मुआवजे के महत्व पर जोर दिया। गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आवारा कुत्तों के लिए समर्पित उनके नए मंच सेंटर फॉर स्ट्रे डॉग प्रॉब्लम्स का उद्देश्य जनता से समर्थन जुटाना है। गोयल ने कहा कि सेंटर फॉर स्ट्रे डॉग प्रॉब्लम्स आवारा कुत्तों के कारण उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने, सार्वजनिक सुरक्षा और आवारा कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य आवारा कुत्तों के प्रति सम्मान बहाल करना है और साथ ही उनकी बढ़ती संख्या से उत्पन्न चुनौतियों का सक्रिय तरीके से समाधान तलाशना है।

### निर्वाचन वेयरहाउस में लगी आग, ईवीएम मशीन जली

# सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन



**एजेंसी। फरुर्खाबाद**
फरुर्खाबाद जिले में कलक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन वेयरहाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से बड़ी तादाद में ईवीएम जल गईं। बुधवार सुबह जानकारी पर पहुंची दो फायरब्रिगेड से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण व लापरवाही की जांच के लिए डीएम ने कमेटी गठित कर दी। निर्वाचन उपायुक्त ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। निर्वाचन कार्यालय के तीन मंजिल भवन के बेसमेंट में वेयरहाउस है। पिछले दिनों ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के बाद बची हुई ईवीएम वेयरहाउस में रखवाई गई थीं। इसकी सुरक्षा में एक दीवान व चार सिपाही की गार्द तैनात रहती है। वेयरहाउस में 762 बैलेट यूनिट, 78 कंट्रोल यूनिट व 338 वीवीपैट रखे थे। मंगलवार रात किसी समय वेयरहाउस में आग लग गई। बुधवार सुबह करीब सात बजे धुआं उठता देख जानकारी हुई। इससे प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र, एसडीएम सदर गजराज सिंह व कर्मचारी पहुंचने के साथ फायरब्रिगेड बुलाई गई। भवन के पीछे पंपिंग सेट (छोटी फायरब्रिगेड) से, जबकि सामने से फायरब्रिगेड से वेयरहाउस में पानी डाला गया। पूरे भवन में धुआं भरने से कोई अंदर नहीं घुस सका। आग पर काबू मिलते न देख भवन के पीछे की दीवार बेल्चा से तोड़कर पंपिंग सेट से पानी डाला गया। करीब 10 बजे आग पर काबू पाया जा सका। कर्मचारियों को लगाकर जली हुईं मशीनें, बैटरी, बक्से व अभिलेख आदि बाहर निकालकर पास ही स्थित दूसरे वेयरहाउस में रखवाए गए।

## संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में सेवानिवृत्त डीएसपी के बेटे को हिरासत में लिया गया



**एजेंसी। बंगलूर**
दिल्ली पुलिस ने संसद में सुरक्षा उल्लंघन के मामले में कर्नाटक के एक युवक को हिरासत में लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पेशे से इंजीनियर और सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के बेटे साईकृष्ण जगली को बुधवार रात जिला मुख्यालय बागलकोट के विद्यागिरी स्थित उसके घर से पकड़ा गया। जगली बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है और मैसूरु निवासी मनोरंजन डी का दोस्त बताया जाता है। जगली पिछले हफ्ते लोकसभा कक्ष में घुसपैठ करने वाले दो घुसपैठियों में से एक था। सूत्रों ने बताया कि जगली अपने कॉलेज के दिनों में मनोरंजन का रूममेट भी था, दोनों छात्रावास में एक ही कमरे में साथ रहते थे। जगली की बहन स्पंदा ने कहा कि दिल्ली पुलिस की एक टीम आई और उसके भाई को अपने साथ ले गई। स्पंदा ने कहा, यह सच है कि दिल्ली पुलिस आई थी। मेरे भाई से पूछताछ की गई। हमने पूछताछ में पूरा सहयोग किया। स्पंदा ने कहा कि उसके भाई ने कुछ भी गलत नहीं किया है। उसने कहा, मनोरंजन और साईकृष्ण जगली दोनों रूममेट थे। वर्तमान में मेरा भाई घर से काम करता है।

### दिल्ली में फुट-ओवर ब्रिज से गिरकर स्कूल के छात्र की मौत, लौट रहा था घर

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में वजीराबाद सड़क पर एक फुट-ओवर ब्रिज से गिरकर 16 वर्षीय एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर करीब पौने दो बजे हुई जब कक्षा नौ का छात्र गाजियाबाद में अपने घर लौट रहा था। गंभीर रूप से घायल छात्र को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय तिर्की ने बताया, छात्र करीब छह मीटर की ऊंचाई से नीचे गिरा जिससे उसे गंभीर चोटें आई। अधिकारी के अनुसार, घटना के दौरान छात्र के साथ मौजूद उसके सहपाठी ने पुलिस को बताया कि गिरने से पहले वह ग्रिल पर झूल रहा था। पुलिस ने संबंधित प्राधिकरण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) और 304ए (लापरवाही के कारण मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाना अनुचित

# बेफिजूल की बातों से बचे गठबंधन : मायावती



**एजेंसी। लखनऊ**
बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विपक्षी गठबंधन और विपक्षी सांसदों के निलंबन पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बसपा प्रमुख मायावती ने इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर कहा कि, इस गठबंधन में बसपा समेत जो पार्टियां शामिल नहीं है। उनके बारे में किसी भी तरह की बेफिजूल की बातें करना या टिप्पणी करना उचित नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने गठबंधन के नेताओं को इससे बचने की सलाह भी दी। बसपा मुखिया ने कहा कि, देश हित में भविष्य में कब किसको, किसकी जरूरत पड़ जाए, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लोगों और पार्टियों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। जो ठीक बात नहीं है। मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। उनके अपने अलग आस्था स्थल हैं। जिनका हमारी पार्टी सम्मान करती है। उन्होंने अयोध्या राम मंदिर में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा पर कहा कि हमारी पार्टी के इससे कोई ऐतराज नहीं है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि, कोर्ट के आदेश पर सरकार द्वारा निर्धारित की गई जमीन पर जब भी मस्जिद का निर्माण होगा उस पर भई हमारी पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सभी धर्मों के स्थलों का पूरा सम्मान करती है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सोनिया, खरगे और मनमोहन सिंह के शामिल होने पर संशय

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों को लेकर तेजी से काम चल रहा है। एक तरफ मंदिर निर्माण से जुड़े काम को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने पर जोर है, वहीं 22 जनवरी 2024 के कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों से जुड़ी तैयारियों को भी पूरा किया जा रहा है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह बेहद भव्य होगा और इसमें देश विदेश से कई खास मेहमान आमंत्रित किए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों सहित सियासी दलों के प्रमुख नेताओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह और अन्य नाम शामिल हैं। इस बीच श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी सहित अन्य इंतजाम और पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के संगठन महासचिव सोहन सोलंकी ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़ना हम सभी के लिए बहुत गर्व और सौभाग्य की बात है।

## केंद्रीय मंत्री ने हैजे से निपटने के लिए सरकार से मांगी मदद



एजेंसी। राउरकेला
केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के राउरकेला में हैजे के प्रकोप से निपटने के लिए केंद्र सरकार से मदद मांगी। राउरकेला में बीते एक सप्ताह में हैजे के 1,500 से अधिक मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान हैजे से शहर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। प्रधान ने बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे पत्र में कहा, ह्यह्यराउरकेला में हैजे का गंभीर प्रकोप और इससे लोगों की सेहत पर संभावित खतरा चिंताजनक है। शिक्षा मंत्री ने कहा, राउरकेला और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, मैं प्रकोप को नियंत्रण में लाने और इसपर कदम उठाने के लिए राउरकेला तथा ओडिशा के अन्य प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय सहायता प्रदान करने में आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग करता हूं। अधिकारियों के अनुसार मरीजों को राउरकेला सरकारी अस्पताल (आरजीएच), इस्पात जनरल अस्पताल, सुंदरगढ़ के मेडिकल कॉलेज और शहर के अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इससे पहले दिन में ओडिशा की स्वास्थ्य सचिव शालिनी पंडित और आवास एवं शहरी विकास सचिव जी. मथिवथानन ने अस्पतालों का दौरा किया था। पंडित ने कहा कि अब मामलों में बढ़ोतरी नहीं हो रही है और स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, इसे लेकर जागरुकता उपाय किए गए हैं।

**समय रहते खुद को बदल लेना चाहिए क्योंकि अगर समय बदले तो बहुत तकलीफ होती है : अज्ञात**

# हौसले को मिला पंख

झारखण्ड में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में सरकार के द्वारा कई कदम उठाये जा रहे हैं। बावजूद इसके सकारात्मक प्रभाव कम ही देखने को मिल रहे हैं। इसके पीछे की वजहों की पड़ताल जरूरी है। बहरहाल पिछले दिनों राज्य के पालीटेक्निक संस्थानों में सभी रिक्त पदों को भरने की कवायद की गई थी। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। साथ ही नियुक्ति की प्रक्रिया का नहीं होना यह दर्शाता है कि राज्य सरकार इस दिशा में सकारात्मक कदम नहीं उठा पा रही है। ऐसे में राज्य गठन के बाद पहली बार इन संस्थानों के लिए अनुदेशक एवं प्रयोगशाला सहायक संवर्ग के पदों पर नियुक्ति के लिए नियमावली गठित कर दी है। लेकिन वह जमीन पर नहीं दिख रही है। ऐसे में समय गवाया नहीं करते इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल राज्य के सरकारी स्कूलों में बदलाव के लिए और शिक्षा में सुधार के लिए कागजी रूप में तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन जमीन पर वह दिख नहीं रही हैं। प्राइवेट स्कूलों के प्रति लोगों का रूझान लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में एक बदलाव की बात उर्जा प्रदान करती है। कारण आर्थिक कठिनाईयों की वजह से कई मेधावी स्टूडेंट्स बेहतर तरीके से उच्च शिक्षा नहीं हासिल कर पाते थे। इन गरीब मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार ने अपने खर्चे पर उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने का निर्णय स्वागत योग्य कदम है। विदेशों में पढ़ाई कर रहे झारखंड के ये स्टूडेंट्स काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ये युवा शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहें हैं। ऐसी ही प्रतिभा का प्रदर्शन पूर्वी सिंहभूम निवासी अजय हेंब्रम ने दिखाई है। अजय ने लंदन के यूनिवर्सिटी में डिस्टींक्शन के साथ डिग्री प्राप्त की।अजय हेंब्रम खुश है। वे कहते हैं- भले ही डिग्री के लिए मैंने पढ़ाई की लेकिन इसका श्रेय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंत्री चंपई सोरेन को जाता है, जिन्होंने हम जैसे युवाओं को वैश्विक मंच पर छा जाने का अवसर छात्रवृत्ति योजना के जरिए दिया। अब हमलोग यहां के लोगों के बीच अपने समाज, राज्य और देश की और भी बेहतर छवि बनाने का प्रयास करेंगे। झारखंड के 50 युवक-युवती ब्रिटेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, या कर रहें हैं। जिन्होंने पढ़ाई पूरी कर ली है उनमें से कुछ विदेश में ही नौकरी कर रहे हैं और कुछ देश में ही उच्च संस्थानों में नौकरी कर रहे हैं। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र - छात्राएं शामिल हैं। इन सभी को राज्य सरकार शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। देश भर में पहली बार मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस तरह की छात्रवृत्ति योजना झारखण्ड में लागू की गई है। यह खुशी की बात है। इस कार्य से जहां एक ओर अपने राज्य का नाम रौशन हुआ है,वहीं मेधावी छात्रों को हौसले के पंख लग गये हैं।

> **राज्य के सरकारी स्कूलों में बदलाव के लिए और शिक्षा में सुधार के लिए कागजी रूप में तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन जमीन पर वह दिख नहीं रही हैं। प्राइवेट स्कूलों के प्रति लोगों का रूझान लगातार बढ़ता जा रहा है। कारण आर्थिक कठिनाईयों की वजह से कई मेधावी स्टूडेंट्स बेहतर तरीके से उच्च शिक्षा नहीं हासिल कर पाते थे। इन गरीब मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार ने अपने खर्चे पर उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने का निर्णय स्वागत योग्य कदम है। विदेशों में पढ़ाई कर रहे झारखंड के ये स्टूडेंट्स काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।**

# गतिरोध व उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करना दुर्भाग्यपूर्ण

**इन दिनों**


ललित गर्ग



***लोकसभा*** एवं राज्यसभा में सत्तापक्ष या विपक्ष का अनुचित एवं अलोकतांत्रिक व्यवहार न केवल अशोभनीय, अनुचित एवं मर्यादाहीन है बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आदर्श परम्पराओं को धुंधलाने वाला है। शीतकालीन सत्र से लोकसभा के अब तक 95 एवं राज्यसभा के 46 कुल 141 सांसदों को सस्पेंड किये जाने के बाद विपक्षी सांसद संसद परिसर में धरना दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारकर मिमिक्री की, निश्चित ही इस तरह का अपमानजनक एवं अशालीन व्यवहार भारत के लोकतंत्र को कलंकित करने की चिन्ताजनक घटना है। उपराष्ट्रपति सर्वोच्च एवं सम्मानजनक पद है, इसकी गरिमा को आहत करना एवं उस पर आंच आने का अर्थ है राष्ट्र की अस्मिता एवं अस्तित्व को धुंधलाने की कुचेष्टा। तभी उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मेरी मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे अपनी परवाह नहीं है, मैं ये बर्दाश्त कर सकता हूं, लेकिन मैं कुर्सी का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस कुर्सी की गरिमा बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है। मेरी जाति, मेरी पृष्ठभूमि, इस कुर्सी का अपमान किया गया है। यहां बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने और हमारे संवैधानिक सर्वोच्च संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। इतने अधिक सांसदों का निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति का अपमान लोकतांत्रिक इतिहास में इन्हें दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के रूप में देखा जायेगा। यह विपक्षी दलों की बौखलाहट ही है कि अपनी सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने की जुगत में वे जायज-नाजायज सभी तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं, यह भूलकर की उनकी भी कुछ मर्यादाएं एवं लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। यही विपक्ष कभी राष्ट्रपति तो कभी उपराष्ट्रपति, तो कभी प्रधानमंत्री के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। प्रधानमंत्री के लिए तो तानाशाह, हिटलर, नीच, मौत का सौदागर या कई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किये हैं। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। लोकतंत्र में असहमति एवं आलोचना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है, लेकिन हठधर्मिता, विध्वंसात्मक नीति एवं मिमिक्री करने जैसी घटनाओं से लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसे अलोकतांत्रिक विपक्ष की नींव पर कैसे साकार होगा? यहां तो सभी दल अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। हालांकि विपक्षी दलों के तमाम अलोकतांत्रिक विरोध एवं उच्छृंखल रवैये ने निराशा का ही वातावरण बनाया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूलतः पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं कि यह गंभीर मसला है। सवाल सिर्फ यह है कि आखिर इस गंभीर मसले पर सदन के अंदर चर्चा की कोई राह दोनों पक्ष क्यों नहीं निकाल पा रहे? क्यों विपक्षी दल इस बात पर अड़े हैं कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री को बयान देना चाहिए, वहीं सरकार का कहना है कि संसद के अंदर की सुरक्षा स्पीकर की जिम्मेदारी होती है और इसलिए इस पर गृह मंत्री का बयान देना उचित नहीं होगा। लोकतंत्रीय पद्धति में किसी भी विचार, कार्य, निर्णय और जीवनशैली की आलोचना पर प्रतिबंध नहीं है।

> **उपराष्ट्रपति सर्वोच्च एवं सम्मानजनक पद है, इसकी गरिमा को आहत करना एवं उस पर आंच आने का अर्थ है राष्ट्र की अस्मिता एवं अस्तित्व को धुंधलाने की कुचेष्टा। तभी उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मेरी मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे अपनी परवाह नहीं है, मैं ये बर्दाश्त कर सकता हूं, लेकिन मैं कुर्सी का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस कुर्सी की गरिमा बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है। मेरी जाति, मेरी पृष्ठभूमि, इस कुर्सी का अपमान किया गया है। यहां बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने और हमारे संवैधानिक सर्वोच्च संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। इतने अधिक सांसदों का निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति का अपमान लोकतांत्रिक इतिहास में इन्हें दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के रूप में देखा जायेगा। यह विपक्षी दलों की बौखलाहट ही है कि अपनी सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने की जुगत में वे जायज-नाजायज सभी तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं, यह भूलकर की उनकी भी कुछ मर्यादाएं एवं लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। यही विपक्ष कभी राष्ट्रपति तो कभी उपराष्ट्रपति, तो कभी प्रधानमंत्री के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं।**

## आप की बात

### सड़क पर बह रहा नाली का पानी

हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत मिश्रा कॉलोनी का रास्ता पूरी तरह से नाली में तब्दील हो चुका है। सड़क पर ही नाली का पानी बहने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शशि मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, पप्पू कुमार, बिट्टू कुमार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, ओम प्रकाश मिश्रा, जयराम साव, संजय मिश्रा आदि ने बताया कि यह रास्ता बाजार से मिश्रा कॉलोनी होते हुए टंडवा की ओर जाता है। 24 घंटे रास्ते पर आवागमन बना रहता है। ऐसे में पानी भरे होने से नागरिकों का चलना दूभर हो गया है। जन समस्या को देखते हुये युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने मौके पर पहुंचकर इस समस्या से नगर पंचायत को अवगत कराया है। सड़क पर पानी जमा होने के कारण कई बाद स्कूल जाने वाले बच्चे गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इसके साथ ही पानी का छींटा पड़ने से राहगीरों के कपड़े भी बदरंग हो चुके है। व्यापक जन समस्या को देखते हुये इस समस्या का तत्काल निराकरण कराया जाना आवश्यक है। इस संबंध में संबंधित विभाग को अवश्य से विचार करना चाहिये। यह सिर्फ मोहल्ले का ही समस्या नहीं है। प्रमुख संपर्क मार्ग होने के कारण दूरदराज के नागरिकों का भी इस सड़क से निरंतर आवागमन होते रहता है। यदि तत्काल समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो स्थिति और भी खराब हो जायेगा।

**- समाजसेवी राजीव रंजन, हरिहरगंज**

**राजनीति**

# किस तरह की विरासत छोड़ रहे हमारे सांसद


प्रियंका सौरभ

***संसद*** में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। अब समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है। पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चला कर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जायेगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाये। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीन कर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उनकी मंशा देश की विकास योजनाएं बनने देने की है।

> **हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं।**

**बोधि वृक्ष**


## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

***इसका*** प्रमाण पवित्र कबीर सागर- का सरलार्थ में कथा- मार्कंडेय ऋषि तथा अप्सरा संवाद पृष्ठ नं. 379-386 में वर्णित है और श्री मद पुराण के सचित्र मोटा टाइप के हिन्दी ,गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित के तीसरे स्कंद के पृष्ठ 123 में भी बताया गया है तथा श्री मद् भगवत गीता अध्याय 10 श्लोक 2, अध्याय 4 श्लोक 5, अध्याय 2 श्लोक 12, अध्याय 14 श्लोक 3, 4 और 5 में भी दिये गये हैं। **आइए जानें श्राद्ध की अवधारणा कहाँ से ली गई है। संक्षिप्त मार्कंडेय पुराण पेज नं 81 से कुछ झलक देखें श्राद्ध करने के लिए अपने पुत्र के साथ मंडलसा का संवाद :** मंडलसा नाम की एक महिला थी और उसने अपने बेटे को श्राद्ध करने की शिक्षा दी। आइए पढ़ते हैं मां और बेटे के बीच हुई चर्चा। मंडलसा ने कहा महाराज! जो पितर देवलोक में हैं, जो तिर्यग्योनि में पड़े हैं, जो मनुष्य योनि में एवं भूतवर्ग में अर्थात प्रेत बने हैं, वे पुण्यात्मा हों या पापात्मा जब भूख-प्यास विकल (तड़फते) होते हैं तो उन्हें पिण्डदान तथा जलदान द्वारा तृप्त किया जाता है। मनुष्य अपने कर्मों से उन्हें पिंड और जल चढ़ाकर तृप्त करता है। इस प्रकार वह देवताओं और अतिथियों को तृप्त रखता है। देवता, मनुष्य, पितृ, भूत, प्रेत, गुहाक, पक्षी, कीड़े-मकोड़े आदि भी मनुष्य से अपना भरण-पोषण करते हैं।


**विचार करने योग्यः क्या वे देवलोक में होकर भूख या प्यास से मर सकते हैं?**

इसके अतिरिक्त मार्कंडेय पुराण के पृष्ठ नं. 92 पर उल्लेख किया गया है कि नरक में रहने वाले, पशु-पक्षियों के योनि में रहने वाले , भूत-प्रेत आदि जीवों में रहने वाले, उन सभी का विधिपूर्वक श्राद्ध करने से उनकी तृप्ति होती है। **(क्रमशः)**

**फेसबुक वॉल से**




**X - से**




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# श्री निवास रामानुगंज संख्याओं के जादूगर


योगेश कुमार गोयल


***प्रतिवर्ष*** 22 दिसम्बर को भारत में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है, जो देश के महान गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे प्रतिभावान तथा गूढ़ ज्ञान वाले पुरुषों और महिलाओं का जन्म कभी-कभार ही होता है। गणित में रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान को याद रखने और सम्मान देने के लिए उसी अवसर पर रामानुजन के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाये जाने का निर्णय लिया गया था। मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाये थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बमुश्किल परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गये और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई।

> **गणित में रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान को याद रखने और सम्मान देने के लिए उसी अवसर पर रामानुजन के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाये जाने का निर्णय लिया गया था।**

**टेक वर्ल्ड**

## सैमसंग अब भारत में बनायेगा लैपटॉप

**लोकल असेम्ब्ली और कस्टमाइजेशनः** भारत में सैमसंग की विनिर्माण सुविधाएं न केवल उपकरणों को असेंबल करती हैं बल्कि उन्हें स्थानीय बाजार के लिए अनुकूलित भी करती हैं। भारत की विविध उपभोक्ता आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं ने सैमसंग को अपने उत्पादों को भारतीय दर्शकों के अनुरूप बनाने के लिए प्रेरित किया है। इस अनुकूलन में भाषा समर्थन, सॉफ़्टवेयर सुविधाएँ और मूल्य निर्धारण रणनीतियाँ शामिल हैं। ऐसे प्रयासों से सैमसंग को भारत के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने में मदद मिली है।



रिसर्च एंड डेवलपमेंटः विनिर्माण के अलावा, सैमसंग ने भारत में अनुसंधान और विकास केंद्रों में भी निवेश किया है। ये केंद्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और सॉफ्टवेयर विकास जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कंपनी देश के भीतर नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय प्रतिभाओं और शिक्षाविदों के साथ सहयोग करती है। इस रणनीतिक कदम ने सैमसंग को भारत के कुशल इंजीनियरों और सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के विशाल पूल में प्रवेश करने की अनुमति दी है।

**रिटेल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क :** सैमसंग का भारत में एक विशाल रिटेल और वितरण नेटवर्क है। कंपनी सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर्स संचालित करती है और देश भर में कई खुदरा विक्रेताओं के साथ साझेदारी करती है। यह व्यापक उपस्थिति सुनिश्चित करती है कि सैमसंग उत्पाद दूरदराज के इलाकों में भी उपभोक्ताओं के लिए आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे वे भारतीय उपभोक्ताओं के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बन गये है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 से

# दहशत में दुनिया

केरल में एक नया कोविड-19 उप-संस्करण जेएन.1, पाया गया है। केरल की एक 78 वर्षीय महिला में इसका पता चलने के बाद केरल के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं और अस्पतालों को तैयारियों के लिए सचेत किया।

केरल में एक नया कोविड-19 उप-संस्करण जेएन.1, पाया गया है। केरल की एक 78 वर्षीय महिला में इसका पता चलने के बाद केरल के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं और अस्पतालों को तैयारियों के लिए सचेत किया। कोविड के जेएन.1 वेरिएंट को ओमीक्रॉन सब-वेरिएंट बीए.2.86 या पिरोला का वंशज माना जाता है। जबकि यह पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका में सितंबर 2023 में पाया गया था, रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने 15 दिसंबर को विशेष उप-संस्करण के सात संक्रमणों का पता लगाया। हाल ही में, पिरोला भारत सहित 38 देशों में फैल रहा है, और इसे अस्पताल में भर्ती होने की हालिया वृद्धि का कारण माना जाता है।

रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, बीए.2.86 में स्पाइक प्रोटीन पर कुल 20 उत्परिवर्तन होते हैं, जो एक चिंता का विषय है क्योंकि वायरस मेजबान की कोशिकाओं पर कब्जा करने के लिए स्पाइक प्रोटीन का उपयोग करते हैं। अक्टूबर में एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि स्पाइक प्रोटीन में जएन.1 और बीए.2.86 के बीच केवल एक ही परिवर्तन होता है।

**तेजी से फैलता है कोरोना वायरल का नया वेरियंट जेएन.1 :** नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोविड टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष राजीव जयदेवन के अनुसार, जेएन.1 वैरिएंट तेजी से फैल सकता है और प्रतिरक्षा से बच सकता है। उन्होंने कहा, जेएन.1 एक गंभीर रूप से प्रतिरक्षा-रोधी और तेजी से फैलने वाला वैरिएंट है, जो एक्सबीबी और इस वायरस के अन्य सभी पूर्व संस्करणों से स्पष्ट रूप से अलग है। यह उन लोगों को संक्रमित करने में सक्षम बनाता है जिन्हें पहले भी कोविड संक्रमण हुआ था और जिन लोगों को टीका लगाया गया था, उन्हें भी संक्रमित करने में सक्षम बनाता है।

**कोविड वेरिएंट जेएन.1 के लक्षण :** एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में चेस्ट मेडिसिन के वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. उज्ज्वल प्रकाश ने बताया कि जेएन.1, विश्व स्तर पर देखे गए अन्य वेरिएंट और उप-वेरिएंट के समान, एक हल्का वेरिएंट है जो ऊपरी श्वसन संबंधी लक्षण पैदा करता है। जेएन.1 वैरिएंट के लक्षणों में हल्का



बुखार, खांसी, नाक के मार्ग में असुविधा, गले में खराश, नाक बहना, चेहरे के भीतर दर्द या दबाव, सिरदर्द और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं शामिल हैं। विशेषज्ञों ने देखा है कि अपनी संक्रामकता के कारण, जेएन.1 कोविड का एक प्रमुख तनाव बन गया है और इसकी रोकथाम के लिए उचित उपाय किए जाने चाहिए।

**निवारक उपाय :** जेएन.1 स्ट्रेन को बड़े पैमाने पर फैलने से रोकने के लिए, विशेषज्ञों ने लोगों से बूस्टर शॉट लेने, सामाजिक दूरी बनाए रखने, बार-बार हाथ धोने और सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने का आग्रह किया है।

**केरल में कोविड वेरिएंट जेएन.1 :** भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम की नियमित निगरानी गतिविधि के दौरान, एक 78 वर्षीय महिला में जेएन.1 स्ट्रेन का पता चला था। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ राजीव बहल ने कहा कि 8 दिसंबर को केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के काराकुलम से आरटी-पीसीआर पॉजिटिव नमूने की पुष्टि होने के बाद मामले का पता चला। महिला में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) के हल्के लक्षण थे और वह तब से कोविड-19 से उबर चुकी है। जबकि विभिन्न देशों में तनाव की सूचना दी गई है, केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने आश्वासन दिया कि जेएन.1 'चिंता का कारण नहीं है।'

**हम भारतीय मामले के बारे में क्या जानते हैं? :** भारत में, एक 79 वर्षीय महिला जेएन.1 मामला दर्ज करने वाली पहली महिला बनी। 8 दिसंबर को केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के काराकुलम से एक आरटी-पीसीआर-पॉजिटिव नमूने में इसका पता चला था। डॉक्टरों के मुताबिक, बुजुर्ग महिला में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) के हल्के लक्षण थे और वह तब से सीओवीआईडी से उबर चुकी हैं। मामले पर टिप्पणी करते हुए केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि संक्रमण का पता चलना घबराने की बात नहीं है। नये वैरिएंट के बारे में मीडिया से बात करते हुए, जॉर्ज ने कहा कि यह महीनों पहले उन भारतीय यात्रियों में पाया गया था जिनकी सिंगापुर हवाई अड्डे पर जांच की गई थी। उन्होंने कहा कि 'किसी भी चिंता की कोई जरूरत नहीं है। यह एक उप-संस्करण है। यह अभी यहीं पाया गया था। महीनों पहले, सिंगापुर हवाई अड्डे पर जांच किए गए कुछ भारतीयों में यह वैरिएंट पाया गया था। यह सिर्फ इतना है कि केरल ने जीनोम अनुक्रमण के माध्यम से यहां वैरिएंट की पहचान की है।

चिंता करने की कोई बात नहीं है। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हालांकि, उन्होंने लोगों से सतर्क रहने को कहा और कहा कि जिन लोगों को अन्य गंभीर बीमारियां हैं, उन्हें सावधान रहना चाहिए।

**क्या हमें चिंतित होना चाहिए? :** देश भर के विशेषज्ञों ने कहा है कि घबराने की कोई बात नहीं है और मास्क लगाना, हाथ धोना जैसे उपाय अपनाए जाने चाहिए। डॉ. अनीता मैथ्यू, डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन, फोर्टिस हॉस्पिटल, मुलुंड ने बताया, 'घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि सामान्य तौर पर, सर्दियों के दौरान सभी श्वसन संबंधी बीमारियों की संख्या बढ़ जाती है और अब तक इस बीमारी ने लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होने दी है। इसलिए, हालांकि हमें बीमारी को रोकने के लिए सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है, लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पीपुल्स हेल्थ ऑर्गनाइजेशन-इंडिया और ऑर्गेनाइज्ड मेडिसिन एकेडमिक गिल्ड-ओएमएजी के महासचिव डॉ. ईश्वर गिलाडा ने यह भी कहा कि अब तक नए सबवेरिएंट जेएन.1 में गंभीर लक्षण सामने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा, "कोई गंभीर संक्रमण नहीं है, कोई आईसीयू में प्रवेश नहीं है, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की कोई आवश्यकता नहीं है।" दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में चेस्ट मेडिसिन के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. उज्ज्वल प्रकाश ने समाचार एजेंसी को बताया कि हालांकि सतर्कता महत्वपूर्ण है, लेकिन लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। 'आपको अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। मुझे नहीं लगता कि सतर्क रहने के अलावा घबराने या कुछ अतिरिक्त करने का कोई कारण है।" इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए, स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. निरोज मिशा ने कहा कि संस्करण जेएन.1 एक हल्की बीमारी है जिसमें न्यूनतम लक्षण होते हैं और केवल 0.5 प्रतिशत को कुछ सहायता की आवश्यकता होती है। इस वेरिएंट को सबसे पहले यूएसए में घटाया गया है और अब वास्तव में सिंगापुर में इसके मामले हैं। पिछले हफ्ते सिंगापुर में 56,000 मामले सामने आए हैं। यह तेजी से फैल रहा है और यह एक हल्की बीमारी है। 56,000 में से केवल 350 को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी और नौ को आईसीयू में। भारत में नवंबर से कुछ मामले सामने आए हैं लेकिन अभी तक हम पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है। आज 312 मामलों का पता चला है लेकिन अगर यह बड़ी संख्या में लोगों में फैलता है तो भी 99.5 प्रतिशत का पता चल जाएगा और उनमें न्यूनतम लक्षण होंगे, केवल 0.5 प्रतिशत को कुछ सहायता की आवश्यकता होगी।

❖ रेनू तिवारी

# आंखों की रोशनी से लेकर स्किन तक के लिए फायदेमंद है ये जूस



गाजर सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद होती है। इसमें विटामिन ङ1, पोटेशियम, बीटा-कैरोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। वहीं गाजर के जूस के फायदे सुन आप भी दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर हो जाएंगे। सर्दियों में हम सभी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। वहीं इस मौसम में कई तरह की सब्जियां हमारी डाइट का हिस्सा होती हैं। इन्हीं में से एक सब्जी है गाजर। गाजर को ठंड के मौसम में लोग कई तरीके से डाइट में शामिल करते हैं। यह एक रूट वेजिटेबल है, जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आमतौर पर गाजर नारंगी रंग की होती है। हांलाकि यह लाल, पीली और बैंगनी भी हो सकती है। गाजर सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद होती है। इसमें विटामिन के1, पोटेशियम, बीटा-कैरोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसके साथ ही यह कम कैलोरी और लो फैट वाली होती है। लोग गाजर का अलग-अलग तरीके से सेवन करते हैं, कुछ इसे सब्जी, तो कुछ अचार तो कुछ लोग सलाद के तौर पर इसे खाते हैं। वहीं गाजर का हलवा भी लगभग सभी को पसंद होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गाजर का जूस सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। ऐसे में अगर आप गाजर के जूस के फायदों से अंजान थे, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गाजर का जूस पीने के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। गाजर के जूस के फायदे सुन आप भी दांतों तले उंगली दबा लेंगे।

> गाजर के जूस के फायदे सुन आप भी दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर हो जाएंगे। सर्दियों में हम सभी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। वहीं इस मौसम में कई तरह की सब्जियां हमारी डाइट का हिस्सा होती हैं। इन्हीं में से एक सब्जी है गाजर। गाजर को ठंड के मौसम में लोग कई तरीके से डाइट में शामिल करते हैं। यह एक रूट वेजिटेबल है, जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आमतौर पर गाजर नारंगी रंग की होती है। हांलाकि यह लाल, पीली और बैंगनी भी हो सकती है। गाजर सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद होती है। इसमें विटामिन के1, पोटेशियम, बीटा-कैरोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है।

### दिल-दिमाग के लिए लाभकारी

गाजर के जूस में पोटेशियम पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इससे आपके दिल को फायदा मिलता है। वहीं गाजर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण दिल की बीमारी के खतरे को काफी कम करता है।

### पाचन होगा बेहतर

अगर आपका पाचन तंत्र गड़बड़ है, या आप पाचन को बेहतर बनाना चाहते हैं, जो आप गाजर के जूस का सेवन कर सकते हैं। इसके जूस में मौजूद फाइबर पाचन को सुचारू तरीके से कार्य करने में मदद करता है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर मल त्याग को कंट्रोल कर कब्ज की समस्या से बचाता है।

### स्किन के लिए भी फायदेमंद

गाजर का जूस त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद है। इस जूस के सेवन से स्किन को समय से पहले बूढ़ा होने से रोका जा सकता है। इसके साथ ही यह सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी रक्षा करता है। वहीं यह जूस त्वचा को नेचुरल ग्लो देता है।

### आंखों के लिए भी लाभकारी

गाजर में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, यह आंखों की सेहत के लिए गुणकारी माना जाता है। गाजर का जूस पीने में स्वादिष्ट होने के साथ यह सेहत संबंधी कई फायदे भी पहुंचाता है।

### तनाव होगा कम

गाजर में मौजूद बीटा कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसके सेवन से व्यक्ति स्ट्रेस फ्री रहता है।

### सेहत के लिए गुणकारी

गाजर के जूस में मिनरल्स और विटामिन समेत कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में इसके सेवन से इम्यूनिटी स्ट्रांग होने के साथ सेहत संबंधी कई लाभ मिलते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# हर मौसम में शुगर लेवल होगा कंट्रोल, डायबिटीज के मरीज क्या खायें और क्या नहीं

ज्यादातर डायबिटीज के मरीज अपनी प्रॉपर डाइट चार्ट को फॉलो नहीं कर पाते हैं। जिसका सीधा असर उनकी सेहत पर पड़ने लगता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि डायबिटीज के मरीजों को क्या खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए। डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने के लिए उनको प्रॉपर और हेल्दी डाइट लेने की सलाह दी जाती है। लेकिन अधिकतर पेशेंट्स प्रॉपर डाइट चार्ट को फॉलो नहीं कर पाते हैं। जिसका सीधा असर उनकी सेहत पर पड़ने लगता है।



### डाइट में शामिल करें ये चीजें

**अंडा :** अंडे में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पायी जाती है। इसके अलावा यह ब्लड शुगर लेवल को स्टेबल रखने के साथ ही भूख लगने वाले हार्मोन्स को भी दबाकर रखता है। यह वेट लॉस में मददगार होता है।

**शकरकंद :** डायबिटीज के मरीजों के लिए शकरकंद भी एक जरूरी कार्ब्स है। एक मीडियम साइज शकरकंद में 4 ग्राम फाइबर और विटामिन सी पाया जाता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीज को अपनी डाइट में शकरकंद जरूर शामिल करना चाहिए।

**फैटी फिश :** इसके अलावा ओमेगा-3 से भरपूर चीजों का सेवन करना चाहिए। ओमेगा-3 से भरपूर मछलियां जैसे- सार्डिन, मैकेरल, सालमन, हेरिंग, ट्राउट और ट्यूना फिश से हार्ट डिजीज का खतरा काफी कम होता है। साथ ही इसके सेवन से आंख संबंधी समस्या भी कम होती है। वहीं डायबिटीज के मरीज अपनी डाइट में पालक, एवोकाडो, फलिया, बेरीज और दही आदि शामिल कर सकते हैं। इससे आपका डायबिटीज कंट्रोल में रहता है।

**इन चीजों से करें परहेज :** डायबिटीज की बीमारी होने पर मरीज को अपनी डाइट का बहुत ध्यान रखना होता है। ऐसा नहीं करने पर यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। बता दें कि बहुत सारी चीजें ऐसी होती हैं, जिनके सेवन से शुगर लेवल बढ़ सकता है। इसलिए हम आपको उन चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें डायबिटीज के मरीजों को खाने से बचना चाहिए।

### डायबिटीज में न करें इन चीजों का सेवन

डायबिटीज के मरीज को मीठे खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए।

इसके साथ ही चाय में चीनी, शहद और गुड़ आदि का न लें।

खाने में ज्यादा नमक नहीं खाना चाहिए।

शुगर के मरीजों को कोल्डड्रिंक्स पीने से बचना चाहिए।

साथ ही सॉफ्ट ड्रिंक, आइस्क्रीम और पैक्ड जूस के सेवन से परहेज करना चाहिए।

खाने में ज्यादा ऑयली फूड और जंक फूड नहीं शामिल करना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6921

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6920 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## दैनिक पंचांग

22 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.21 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कुंभ | 10.08 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मीन | 11.40 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 13.11 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.51 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मिथुन | 16.49 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 19.03 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 21.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.31 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 01.41 बजे से |
| 10.30 से | | वृश्चिक | 03.56 ब.से |
| 12.00 बजे तक | | धनु | 06.12 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 356 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 08.17 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 21.36 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 11.11 बजे को समाप्त।
**करण** गर 08.17 बजे तदनन्तर वणिज 19.43 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 9.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26'
**सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871835
**जूलियन दिन** 2460300.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 08
**विशेष** मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती, श्रीनिवास रामानुजन जयंती, साल का सबसे छोटा दिन।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7983

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ |
| 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

शब्द पहेली -7982 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | ग | द | ■ | स | ■ | ■ |
| ■ | द | ■ | म | ■ | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | ■ | कि | श | या | ■ | ह |
| ■ | म | र | जा | ■ | ये | ■ | रा | जी |
| प्र | ■ | स | ग | झ | दा | र | ■ | व |
| त्या | ग | ■ | क | ■ | र | स | ना | ■ |
| रो | ■ | ज | मा | त | ■ | म | म | ता |
| प | न | प | ना | ■ | चो | ■ | ची | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | अ | र | मा | न | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**वृष राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

**मिथुन राशि :** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंह राशि :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**तुला राशि :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें।

**वृश्चिक राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**धनु राशि :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर राशि :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ राशि :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गौरख जागें' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### राजस्थान सीएम ने दोनों डिप्टी सीएम के साथ की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के साथ पीएम से गुरुवार को यहां दिल्ली में मुलाकात की। तीनों नेताओं ने संसद भवन परिसर में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में पीएम से मुलाकात कर प्रदेश में सरकार चलाने को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया और उन्हें प्रदेश के हालात से भी अवगत कराया।

### केजरीवाल विपश्यना सेंटर में 10 दिन लगाएंगे ध्यान

**चंडीगढ़।** दिल्ली के आबकारी नीति घोटाले में ईडी के निशाने पर आए आम आदमी पार्टी सुप्रीमो एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर स्थित विपश्यना सेंटर में आ गए हैं। केजरीवाल को गुरुवार को ही ईडी के सामने पेश होना था। ईडी के समन को एक तरफ करते हुए केजरीवाल होशियारपुर में आ गए हैं। इससे पहले केजरीवाल मेडिटेशन के किये देश के दूसरे राज्यों में जाते रहे हैं लेकिन यह पहला मौका है जब उन्होंने मेडिटेशन के लिए पंजाब को चुना है।

### पापुआ न्यू गिनी में ज्वालामुखी विस्फोट, भारत ने भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत ने पापुआ न्यू गिनी में ज्वालामुखी में हुए विस्फोट से प्रभावित लोगों के लिए गुरुवार को 10 लाख डॉलर मूल्य की राहत सामग्री भेजी। पापुआ न्यू गिनी में माउंट उलावुन में एक ज्वालामुखी में हुए विस्फोट से देश को बड़ा नुकसान हुआ है। इससे प्रभावित इलाके से 26,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है।

### किम जोंग ने फिर दी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं।

### जैकलीन की याचिका पर ईडी को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, इसमें एजेंसी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की मांग की गई है। उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धारा 3 और 4 के तहत ईडी की शिकायत और 17 अगस्त, 2022 के दूसरे पूरक आरोप पत्र को चुनौती दी है।

### सीरिया में बारूदी सुरंग विस्फोट, 7 सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के होम्स प्रांत में गुरुवार को बारूदी सुरंग फटने से सात सैनिकों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सभी सैनिक एक बस में जा रहे थे। सरकारी शाम एफएम रेडियो के अनुसार, बारूदी सुरंग ने होम्स में पलमायरा शहर के पास टी-3 तेल क्षेत्र के पास सैन्य बस को उड़ा दिया। बस आमतौर पर सैनिकों को उनके कार्यस्थल के अंदर और बाहर ले जाती है।

## राज्यसभा से दूरसंचार विधेयक पारित

# फ्रॉड करने वालों को अब 3 साल जेल, 50 लाख जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में गुरुवार को दूरसंचार विधेयक 2023 ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। बिल में कहा गया है कि मोबाइल के जरिए फ्रॉड करने वाले शरारती तत्वों को 3 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़कर 85 करोड़ हो गई है। जबकि, पहले देश में मात्र डेढ़ करोड़ ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स थे। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो मोबाइल फोन दुरुपयोग करके फ्रॉड करते हैं। ऐसे

**देश में ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़कर 85 करोड़ हो गई है**

**अब मोबाइल टावर लगाने की अनुमति मात्र दस दिनों में मिल जाती है**



लोगों पर लगाम कसने की व्यवस्था की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति गलत दस्तावेज देकर मोबाइल सिम हासिल और इस्तेमाल करता है तो उसे 3 साल की सजा और 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। कहा, इसी तरह बहुत बड़ा फ्रॉड का एक और तरीका होता है 'सिम बॉक्स।' इसमें एक बॉक्स में बहुत सारे सिम लगा दिए जाते हैं, ऐसे शरारती तत्वों के लिए भी 3 साल की सजा और 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसी तरह सॉफ्टवेयर के माध्यम से किसी व्यक्ति के मोबाइल नंबर का उपयोग करके अन्य व्यक्तियों से फ्रॉड करने वालों के लिए 3 साल की सजा और 50 लाख रुपए तक जुर्माने की सजा रखी गई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में कहीं भी कनफ्लिक्ट होने पर पहला अटैक टेलीकॉम नेटवर्क पर होता है। टेलीकॉम नेटवर्क देश के लिए बेहद आवश्यक है, इसलिए बिल में किसी भी स्थिति में टेलीकॉम नेटवर्क को सुरक्षित बनाए रखने के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे गीता में कहा गया है कि आत्मा अजर अमर है, वैसे ही स्पेक्ट्रम एक ऐसा संसाधन है, जो कभी खत्म नहीं होता। इसलिए स्पेक्ट्रम का समाज के हित में सही इस्तेमाल हो यह जरूरी है। इसमें डिस्प्यूट या भूल को भी जुर्माने से सुलझाने की व्यवस्था की गई है। ऑपरेटर से कोई भूल होने पर वह जुर्माना अदा करेगा। इसके लिए अदालती कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पहले अप्रूवल मिलना एक बहुत बड़ी समस्या थी। अब 85 प्रतिशत मोबाइल टावर की अनुमति कंप्यूटर का बटन दबाते ही मिल जाती है। पहले 230 दिन लगते थे, अब केवल 10 दिन में प्रक्रिया पूरी हो जाती है।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

लोकसभा ने बुधवार को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और अन्य विषयों से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे पारित कर दिया था। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023 पारित किए जाने के लिए निचले सदन में पेश किया। कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा। विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया।

## इंडिया गठबंधन के सांसदों ने विजय चौक तक मार्च निकाला

# 146 सांसदों के निलंबन पर जताया विरोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में संसद से विजय चौक तक मार्च निकाला। लोकसभा से कांग्रेस के तीन सांसदों दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ को चेतावनी के बाद लोस अध्यक्ष ने गुरुवार को निलंबित कर दिया। इधर सांसदों का कहना है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का सदन के बाहर बोलना विशेषाधिकार हनन का मामला है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के 120 सांसदों के साथ राज्यसभा में खड़े रहने और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के मुद्दे पर नारे लगाने के बाद इंडिया गठबंधन के दलों ने भी सरकार की आलोचना की। इंडिया गठबंधन दलों ने अपना मार्च पुराने



संसद भवन से शुरू किया। यहां पर सभी निलंबित सांसद भी मौजूद थे। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था, '141 सांसद निलंबित, क्या यह लोकतंत्र की जननी है।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "हम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार और पीएम नहीं चाहते कि सदन चले। लेकिन मैं माफी मांगता हूं क्योंकि चेयरमैन ने जातिगत आधार पर मुद्दा उठाया है।" उन्होंने कहा कि लोकसभा में जो हुआ, हम दोनों सदनों में यह मुद्दा उठाना चाहते थे कि सुरक्षा उल्लंघन कैसे हुआ, कौन जिम्मेदार है और सदन को बताएं कि ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह सदन में नहीं आए और कारण नहीं बताया। विपक्षी गठबंधन ने 22 को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई है।

### सांसद निलंबन का अनुरोध करते हैं और बाहर आरोप लगाते हैं : बिरला

सांसदों के निलंबन के मसले पर गुरुवार को भी लोक सभा में विरोधी दलों के सांसदों का हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्न काल की कार्यवाही को पूरे समय चलाया। लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों का हंगामा बढ़ने पर प्रश्न काल के समाप्त हो जाने के बाद ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सांसदों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सांसद उन्हें आकर अनुरोध करते हैं कि उन्हें निलंबित कर दिया जाए और बाहर जाकर आरोप लगाते हैं कि उन्हें सस्पेंड कर दिया गया, यह तरीका ठीक नहीं है। ओम बिरला ने कांग्रेस के तीन सांसदों डीके सुरेश, नकुल नाथ और दीपक बैज का नाम लेते हुए कहा कि आप तीनों सांसद बार-बार सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं, प्ले कार्ड लेकर आ रहे हैं, नारेबाजी कर रहे हैं और कागज फाड़-फाड़ कर स्टाफ पर फेंक रहे हैं, यह सदन की मयार्दा के अनुकूल नहीं है, यह तरीका ठीक नहीं है।

## शराब घोटाला घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे घोटालेबाज जेल जाने के डर से एकजुट हुए हैं। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल शराब घोटाला है। घमंडिया गठबंधन शराब घोटाले और संसद का अपमान करने वालों का जमावड़ा है। चुनावों के दौरान देश ने देखा कि कैसे कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नगदी और सोना चांदी बरामद हुआ। इधर गठबंधन शामिल खुद को ईमानदार बताने वाले अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले में पूछताछ से बचने के लिए विपश्यना करने जा रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि दो नवंबर को शराब घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल को ईडी ने बुलाया था लेकिन तब त्योहारों का हवाला देकर



समय मांगा। अब फिर से ईडी के समन से बचने के लिए विपश्यना के नाम पर भाग रहे हैं। अरविंद केजरीवाल कब तक भागेंगे, कानून के हाथ लंबे होते हैं, आपने घोटाले किए हैं तो आप पकडे जाएंगे। उनके गिरोह के लोग- सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया भी जेल जा चुके हैं । अब अरविंद केजरीवाल भी जेल जाएंगे इसलिए लोगों से रेफरेंडम करवा रहे हैं। उन्होंने आईएनडीआई गठबंधन के संसद मार्च की आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह से संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया गया, उनका मखौल उड़ाया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## युद्ध विराम के कयासों के बीच नेतन्याहू का एलान

# हमास के खात्मे तक नहीं रुकेगा युद्ध



**एजेंसी। यरुशलम**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्ध विराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्ध विराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। नेतन्याहू ने आगे कहा,जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है। इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता, युद्ध बंद नहीं हो सकता।

हालांकि इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय युद्ध विराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं।

## श्रीनगर शहर में मनाया अंतरराष्ट्रीय फिरन ड़े, फैशन शो का भी हुआ आयोजन

**श्रीनगर।** लाल चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पूर्ण आकार का कट-आउट चित्र 'अंतरराष्ट्रीय फिरन दिवस' के अवसर पर कश्मीरी पारंपरिक 'फेरन' में लपेटे जाने के बाद आगंतुकों के लिए मुख्य आकर्षण बन गया और आगंतुक कटआउट के साथ तस्वीरें खींचते दिखे। कई स्थानीय लोग और पर्यटक अंतर्राष्ट्रीय फेरन दिवस मनाने के लिए ऐतिहासिक लाल चौक पर एकत्र हुए। यह दिन सर्दियों के 40 दिनों तक चलने वाले सबसे कठोर चरण 'चिल्लई कलां' की शुरूआत के साथ मेल खाता है, जिसे स्थानीय भाषा में जाना जाता है। इस अवसर पर कश्मीर घाटी के व्यस्त राजधानी व्यापार केंद्र में जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए पुरुष, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक रंगीन फेरन पहनकर ऐतिहासिक लाल चौक पर घंटा घर या क्लॉक टॉवर के पास एकत्र हुए। 'फेरन', ठंड से निपटने के लिए पहना जाने वाला एक लंबा परिधान है। 'फेरन' कश्मीरी संस्कृति की ऐतिहासिक निरंतरता को भी दशार्ता है और लोगों ने डिजाइन बदलने के अलावा परिधान में अब तक कोई बड़ा बदलाव नहीं किया।

## बढ़ता कोरोना : सबरीमाला जाने वाले यात्रियों के लिए अलर्ट जारी

# कर्नाटक में खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीजों व बुजुर्गों को मास्क लगाना जरूरी

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

कई राज्यों में कोरोना संक्रमण में उछाल आने लगा है। इसके चलते कर्नाटक सरकार ने अपने यहां खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीजों व बुजुर्गों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। जो लोग कमजोर हैं या किसी बीमारी से ग्रसित हैं उनको हर तरह से सुरक्षा का उपाय करने को कहा गया है। कर्नाटक से सटे राज्य केरल में कोविड का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री गुंडू राव ने पर्यटकों, भक्तों, विशेष रूप से राज्य से सबरीमाला की यात्रा करने वालों को कहा गया है कि वे सावधानी बरतें। बेंगलुरु मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में चिकित्सा विभाग के



प्रमुख डॉ. के रवि के नेतृत्व में समिति सुरक्षा उपायों पर आगे के दिशा-निर्देश जारी करने के लिए तैयार है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले तीन महीनों में कर्नाटक में कोविड-19 के 58 सक्रिय मामले सामने आए हैं, जिनमें से 11 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और एक की कोविड से मौत हुई है। इस बात पर जोर देते हुए कि किसी भी तत्काल चिंता की कोई आवश्यकता नहीं थी, उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण हमारी एक मौत हुई है, लेकिन व्यक्ति को अन्य बीमारियां भी थीं।स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रूप से केरल और राज्य की राजधानी बेंगलुरु की सीमा से लगे क्षेत्रों में 3 लाख मेडिकल किट, पीपीई किट और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है। संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सा बुनियादी ढांचे की तैयारियों का आकलन करने के लिए वर्तमान में सभी सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल चल रही है। अभ्यास में बिस्तरों की उपलब्धता, कर्मचारियों की तैयारी, ऑक्सीजन संयंत्र की कार्यक्षमता और आवश्यक दवा की आपूर्ति शामिल है।

## जानकारी — फ्रांस से यह डील करीब 50,000 करोड़ रुपये की हो सकती है

# 26 राफेल सौदे पर भारत को मिला जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांसीसी सरकार ने 26 राफेल मरीन जेट खरीदने के लिए भारत की निविदा पर औपचारिक प्रतिक्रिया पेश की है, जिसमें भारतीय नौसेना के विमान वाहक-आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य के लिए सौदे की नियम-शर्तें और मूल्य निर्धारण शामिल हैं। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि यह डील करीब 50,000 करोड़ रुपये की हो सकती है। भारत के स्वीकृति पत्र के जवाब में फ्रांस ने अब नई दिल्ली में अपनी बोली जमा कर दी है। अन्य देशों में सैन्य बिक्री से जुड़े फ्रांसीसी सरकारी अधिकारियों की एक टीम भारतीय निविदा पर बोली लगाने के लिए पेरिस से आई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय नौसेना के लिए 26



राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने फ्रांसीसी सरकार से भारतीय नौसेना के लिए संबंधित सहायक उपकरण, हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, दस्तावेज, चालक दल प्रशिक्षण और रसद समर्थन के साथ 26 राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट की खरीद के लिए अंतर-सरकारी समझौते (आईजीए) के जरिए स्वीकृति (एओएन) प्रदान की है। मंत्रालय ने कहा कि अन्य देशों द्वारा समान विमान की तुलनात्मक खरीद कीमत सहित सभी प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखने के बाद कीमत और खरीद की अन्य शर्तों पर फ्रांसीसी सरकार के साथ बातचीत की जाएगी। भारतीय डिजाइन किए गए उपकरणों के एकीकरण और विभिन्न प्रणालियों के लिए रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) हब की स्थापना को उचित बातचीत में अनुबंध दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा। प्रस्तावित सौदे के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय द्वारा फ्रांसीसी आयुध महानिदेशालय को एक विस्तृत अनुरोध पत्र भी जारी किया गया था। सूत्रों ने बताया कि इसमें 22 सिंगल-सीट जेट और चार ट्विन-सीट ट्रेनर के साथ-साथ हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, क्रू ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट शामिल थे। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, फ्रांस ने अब अपनी पेशकश, कीमत और अन्य विवरण के साथ जवाब दिया है।

### भारत यात्रा पर आये तंजानियाई सैन्य अधिकारी, देखे आधुनिक इन्फैंट्री हथियार

भारत की यात्रा पर आये तंजानियाई सेना के प्रमुख जनरल जैकब जॉन मकुंडा के नेतृत्व में तंजानिया के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय सेना के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान इन्फैंट्री स्कूल, महू का दौरा किया। यहां दिए जाने वाले प्रशिक्षण की पद्धतियों और नवीनतम इन्फैंट्री हथियारों के बारे में प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी गई और उनके सामने नवीनतम हथियारों की फायरिंग का प्रदर्शन भी किया गया। तंजानियाई सैन्य अधिकारियों ने नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों से मुलाकात करके सैन्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। तंजानिया के रक्षा बलों सीडीएफ के प्रमुख जनरल जैकब जॉन मकुंडा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 18 दिसंबर से भारत की यात्रा पर है। प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद वीरों को पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा की शुरूआत की। तंजानिया पीपल्स डिफेंस फोर्सेज की ओर से मकुंडा ने एक भव्य पुष्पांजलि समारोह में अमर जवान ज्योति पर अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित कर-के भारतीय शहीद सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान किया।

## फिल्म जगत

### पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज



**पॉपुलर** एक्टर पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार में पंकज त्रिपाठी के लुक और पर्सनालिटी की चर्चा हो रही है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों में इस फिल्म को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है। अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अपना किरदार बखूबी निभाया। उनके डायलॉग सुनकर ऐसा लगता है कि सचमुच अटल बिहारी वाजपेयी हैं। इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में अपनी जगह बनाई और कैसे उन्होंने देश का इतिहास बदल दिया। इसके साथ ही यह उनके बचपन के दिनों, राजनीति में करियर, कैसे उनके दिन बदले और भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए उनके समर्पण को दर्शाता है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाना आसान नहीं था, क्योंकि वह अपना किरदार निभाते समय अटल बिहारी वाजपेयी की नकल नहीं करना चाहते थे और न ही उनके किरदार की वैसी ही नकल करना चाहते थे।

## युवा महोत्सव की धूम



मारवाड़ी कॉलेज के युवा महोत्सव - 2023(इंद्रधनुष) के दूसरे दिन गुरुवार को छात्र-छात्राओं खूब लुत्फ उठाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोक-नृत्य, क्लासिकल नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता के विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य, डॉ. मनोज कुमार के साथ कार्यक्रम समन्वयक प्रो. महामनी कुमारी, डी.एस.डब्ल्यू. डॉ. तरुण चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

वहीं डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव में गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने झारखंड के लोक संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग के छात्र-छात्राओं ने मांदर की थाप पर झूमर पर सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कई शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### आज का पंचांग

22.12.2023

शुक्रवार मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि है हिन्दू कैलेंडर और पंचांग से जाने आज का शुभ मुहूर्त, अशुभ समय और राहुकाल

## एक नजर

### 1964 को भी स्थानीयता का आधार बनाए सरकार : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा है कि सरकार स्थानीयता और नियोजन नीति के मामले को सिर्फ उलझाना चाहती है। झारखण्ड में अंतिम सर्वे 1964 में हुआ है ऐसे में सिर्फ 1932 को आधार बनाना झारखंडियों के लिए ही घातक होगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में 1964 में अंतिम सर्वे हुआ है, उन क्षेत्रों के लोगों का क्या होगा। ऐसे में वहां के लोग ही इस बात को न्यायालय में ले जाएंगे फिर उसी दिन कोर्ट इस तरह का स्थानीय नीति को खारिज कर देगी।

### डॉ. लंबोदर ने पदक विजेता अमिशा केरकेट्टा को किया सम्मानित

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने आर्मेनिया में आयोजित वीमेंस जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता अमिशा केरकेट्टा को सम्मानित किया है। इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में विश्व के कई देशों ने भाग लिया। सिमडेगा की रहने वाली अमिशा केरकेट्टा वर्तमान में झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी खेल गांव में 2028 एवं 2032 ओलंपिक की तैयारी में जुटी हैं। मौके पर कोच द्रोणाचार्य अवॉर्डी कैप्टन (रिटायर्ड) ब्रज भूषण मोहंती, कौशल्या देवी एवं पर्वतारोही शशि शेखर व कई लोग मौजूद थे।

### हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति ने कृष्णमोहन को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति एवं संकट मोचन रामनवमी पूजा समिति के प्रधान कार्यालय हटिया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नंदन यादव एवं सचिव इंद्रजीत सिंह ने की। मौके पर कृष्ण मोहन सिंह के निधन के शोक में 2 मिनट का मौन रखा गया व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किये।

## कौन वसूलेगा जुर्माने के 12 करोड़

# किसका कटा चालान उसे न मैसेज न सूचना

**आरएनएम संवाददाता। रांची राजधानी रांची में ट्रैफिक चालान हवा में कट रहे हैं सुनने में आपको कुछ अटपटा सा लग सकता है लेकिन यह हकीकत है.। दिन-रात मेहनत का ट्रैफिक पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उन पर जुर्माना लगा रहा है, कैमरे के माध्यम से भी चालान काटा जा रहा है लेकिन हैरानी की बात यह है जुर्माना वसूलने में परिवहन विभाग फेल साबित हो रहा है। जुमार्ना भी एक दो लाख नही बल्कि 12 लाख वसूलना है।**

### आखिर क्यों नहीं वसूली जा रही है राशी

मिली जानकारी के अनुसार जुमार्ने की राशि वसूलने की व्यवस्था परिवहन विभाग के पास है। इसमें ट्रैफिक विभाग भी मदद करता है क्योंकि कुछ कॉस मशीन ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दी गई है जो ऑन स्पॉट जुमार्ना वसूलते हैं। लेकिन राजधानी रांची में ट्रिपल राइडिंग , बगैर हेलमेट कर साथ साथ चार तरह की फाइन ऑनलाइन काटा जाता है। जिन व्यक्तियों का फाइन कटता है उन्हें मोबाइल में मैसेज और डाक विभाग के द्वारा चालान भेजा जाता है। लेकिन यह सिस्टम फेल हो गया है क्योंकि डाक विभाग के पास परिवहन विभाग की इतनी उधारी हो गई है कि वहां से अब चालान भेजना बंद कर दिया गया है. वहीं दूसरी तरफ एक बार मैसेज भेजे जाने के बाद अगर कोई उसे मैसेज को नहीं देख पता है तो



**12,524,5700 रुपये की वसूली बाकी**

**परिवहन विभाग को साल 2023 का 14 करोड रुपए वसूलना था जिसमें से वह मात्र दो करोड रुपए ही वसूल पाई. अभी भी साल 2023 का 12,5245,700 रुपए वसूलने बाकी है।**

### साल भर में कटा 14.50 करोड़ का चालान

राजधानी रांची में साल 2023 के जनवरी महीने से लेकर नवंबर महीने तक कुल 18 लाख 17 हजार चालान ट्रैफिक पुलिस के द्वारा काटे गए. साल भर में फाइन की कुल रकम 14 करोड़ 52 लाख 45 हजार हो गई जिसमें से एक साल में परिवहन विभाग सिर्फ 2 करोड़ की ही वसूली कर पाया। बाकी पैसे की वसूली न हो पाई है और जिनपे जुमार्ना लगा है उन्हें भी यह पता नही है कि उनका ट्रैफिक चालान कटा है. क्योंकि अधिकांश ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों को यह पता ही नहीं है कि उनका चालान भी काटा है ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि उन्होंने तो डाक विभाग की तरफ चालान भेजा गया है और नहीं मैसेज भेज कर रिमांड किया गया है।

### नए साल में होगी वसूली

मामले को लेकर रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने बताया कि जुमार्ना की राशि ट्रैफिक पुलिस भी वसूल सकती है हालांकि नए साल में इसके लिए विशेष प्रयास किया जाएगा ताकि राजस्व को नुकसान ना हो।

### क्या हैं साल भर के आंकड़े

साल 2023 के जनवरी महीने में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कुल 10331 चालान काटे जिसमें से मात्र 2282 ही डिस्पोज हुए , फरवरी महीने में 9488 चालान काटे गए ,मार्च महीने में 11243 चालान, अप्रैल महीने में 7422 ,मई महीने में 11451 ,जून महीने में 25156 , जुलाई महीने में 59 135 , अगस्त महीने में 14001, सितंबर महीने में 11958 , अक्टूबर महीने में 10252 , और नवंबर महीने में 11265 चालान काटे गए। यानी की जनवरी से लेकर नवंबर महीने तक कुल 181702 चालान कटे , जिनमें से मात्र 24900 चलन को ही डिस्पोज किया गया जबकि 1568002 चालान अभी भी पेंडिंग है।

### बंद घर से चोरों ने नगदी समेत दस लाख के जेवरात उड़ाये

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हरदाग में चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगदी समेत सोना, चांदी व हीरे सहित 10 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। इस वारदात को चोरों ने सोमवार की रात उस समय अंजाम दिया। जब घर मालिक अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए गयी थी। इस संबंध में वेदांत मिश्रा ने तुपुदाना ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। हालांकि पुलिस को अब तक चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। वेदांत मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनकी मां वास्तु विहार हरदाग में रहती है। सोमवार की रात उनकी मां रीमा मिश्रा अरगोड़ा स्थित एक रिश्तेदार के घर गयी थी। मंगलवार की शाम जब वह अपने घर पहुंची तो देखा कि दरवाजे की कुंटी टूटी हुई थी।

### एनएमसी के मैनेजर अतुल सिंह से मोबाइल की लूट

**रांची।** एनएमसी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक अतुल सिंह से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल की छिनतई कर ली। इस घटना को अपराधियों ने बुधवार की शाम उस समय अंजाम दिया, जब वह इवनिंग वाक कर रहे थे। इस संबंध में वरिष्ठ प्रबंधक ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह डोरंडा सेंट्रल स्कूल के समीप रहते हैं। बुधवार की शाम सात बजे वह घर के पास ही इवनिंग वॉक कर रहे थे। उस वक्त वह अपने भाई से मोबाइल पर बात भी कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल छीना और फरार हो गए।

## कोर्ट की खबरें

### बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम के आवेदन पर पलामू डीसी 2 हफ्ता में लें निर्णय : हाईकोर्ट

**रांची।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम स्थगित करने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई में अदालत ने पलामू डीसी को निर्देश दिया है कि वे कथा आयोजन समिति के आवेदन को दो सप्ताह में निष्पादित करें, अन्यथा अदालत उनपर 25 हजार का जुमार्ना लगाएगा. साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने की छूट प्रदान की है. अब हाईकोर्ट इस मामले में 5 जनवरी को सुनवाई करेगा. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई. इस संबंध में दीना राम की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. याचिका के कहा गया है कि बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुरूआत में अनुमति दी गई थी. लेकिन बाद में यह कहकर अनुमति रद्द कर दी गई कि कार्यक्रम से अमानत नदी प्रदूषित होगी. पलामू में बाबा बागेश्वर धाम का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी के बीच निर्धारित किया गया है. अदालत से यह मांग की गई है कि कार्यक्रम के आयोजन की मंजूरी दी जाए.

### अवैध खनन मामले में विनोद हांसदा के घर पहुंची सीबीआई की टीम

**रांची।** सीबीआई की साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले की जांच तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी है। सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने भवानी चौकी स्थित विजय हांसदा के घर पहुंच कर जानकारी हासिल की है। इसके अलावा लगभग एक घंटे तक गांव के लोगों से जानकारी ली है। करोड़ों के अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में लगी ईडी के गवाह विजय हांसदा के केस की जांच करने के लिए साहिबगंज में कैंप कर रही है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई बुधवार को डीएमओ विभूति कुमार और अमीन के साथ साहिबगंज के नींबू पहाड़ पहुंची थी। वहां मौजूद दो अवैध खदानों की जांच की थी।

### हाईकोर्ट ने खारिज की प्रेम प्रकाश की याचिका

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. ईडी द्वारा लगे आरोपों के खिलाफ प्रेम प्रकाश ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया. इससे पहले निचली अदालत भी प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर चुका था, जिसे उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. बता दें कि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा पर चार जून को केस दर्ज किया था. उसपर साहिबगंज जिला के बरहरवा थाना में वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. इसके तहत उन्हें अभियुक्त बनाया गया है. इस मामले में ईडी ने शंभु नंद कुमार का बयान भी दर्ज किया था. शंभु ने ईडी को दिये अपने बयान में राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम का नाम लिया था. साहिबगंज के बरहरवा में जून 2020 के टेंडर विवाद में एक केस दर्ज किया गया था. जिसे ईडी ने टेकओवर किया है।

# उत्कर्ष कुमार बने रांची सदर एसडीओ दीपक दूबे गिरिडीह के डीडीसी बने

**झारखंड के 11 आईएएस अधिकारियों का हुआ तबादला-पदस्थापन**

**आरएनएम संवाददाता। रांची**

राज्य के कई आईएएस अफसरों का तबादला-पदस्थापन किया गया है। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। उत्कर्ष कुमार रांची सदर एसडीओ बनाये गये। पदस्थापन की प्रतीक्षारत आशीष गंगवार को अगले आदेश तक हुसैनाबाद एसडीओ (पलामू) के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। श्रीकांत यशवत को जनजाति विकास अभिकरण खूंटी के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत विस्पुते अगले आदेश तक परियोजना निदेशक, समेकित पर अपने ही वेतनमान में नियुक्त एवं पदस्थापित रहेंगे। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत ओम प्रकाश गुप्ता को अगले आदेश तक चास एसडीओ के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। रांची के सदर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार दूबे को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गिरिडीह के पद पर नियुक्त किया गया है। चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पद पर पदस्थापित किया गया है। कोडरमा के अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत शताब्दी मजूमदार को अगले आदेश तक परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, जमशेदपुर के पद पर अपने ही वेतनमान में नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

### सोशल मीडिया का लाभ लेने पर दिया प्रशिक्षण

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजना बनाई है। जिसे सोशल मीडिया के माध्यम से महिला लाभार्थियों तक किस प्रकार उपयोग किया जाए। सोशल मीडिया का प्रयोग और लाभ कैसे उठाना है। इस पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष जिला सोशल मीडिया प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ताकि वे अपने अपने क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षण दे। बैठक को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर की अध्यक्षता में बैठक की गई। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने कहा कि समय के साथ काम करने और लोगों से जुड़ने का तरीका बदलता जा रहा है।

## पृष्ठ एक के शेष

**निर्माण कार्य स्थल पर पोकलेन...**

थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कैरो थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की है। इसके अलावा एसपी हारिश बिन जमां, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की है। एसपी ने कहा है कि घटना की प्रारंभिक जांच में पीएलएफआई के उग्रवादियों का हाथ होने की बात सामने आ रही है। घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। साथ ही उग्रवादियों की धर-पकड़ को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। कहा कि घटना उग्रवादियों द्वारा की गई प्रतीत होती है। जो भी दोषी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है।

**हमारी सरकार कार्यकाल पूरा करेगी...**

झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ समय बाद झारखंड युवा हो जाएगा लेकिन क्या हम कह पाएंगे कि हमारा प्रदेश सशक्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महामारी जैसी विपत्ति में भी हमारी सरकार ने किसी नागरिक को भूखा मरने नहीं दिया। राज्य गठन के बाद सरप्लस बजट मिला, मगर आज हम हम घाटे के बजट पेश कर रहे हैं। आखिरकार सरप्लस बजट कहां गया।

**अग्निवीर योजना की पोल खोल रही है पूर्व सेनाअध्यक्ष की किताब :** सोरेन ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि हमारे हिस्से का 1.36 हाजार करोड़ रूपए दबाए बैठा है। प्रधानमंत्री आवास का पैसा नहीं दिया, मनरेगा के हिस्से का पैसा काट दिया। लाखों राशन कार्ड धारियों को राशन बंद कर दिया। अगर हमारा बकाया पैसा मिल जाता तो हमारे राज्य का पिछड़ापन दूर हो सकता था। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने 500 रूपए में गैस सिलिंडर देने का वादा किया तो भाजपा ने कहा कि हम 450 रूपए में देंगे। मगर अब जब सरकार बनी गयी तो कहते हैं कि नहीं दे सकते हैं। देश की सेना में गांव के लोग अधिक जाते थे। मगर अग्निवीर के तहत काफी कम सैलरी में 4 साल की नौकरी दी जा रही है। इस योजना की पोल खुद पूर्व सेनाध्यक्ष ने अपनी किताब में खोल दी है। मोदी गांरटी की बात करते हैं, मगर यही लोग किसानों के हित के खिलाफ नया किसान कानून लाने जा रहे थे।

**लोकसभा से निलंबित सांसदों का...**

कर्मियों पर फेंक रहे हैं। यह सदन की मयार्दा के विरुद्ध है। उन्होंने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, मैं कभी बिना कारण के किसी सदस्य को निलंबित नहीं करना चाहता। आपको जनता ने चुना है। आपको अधिकार है यहां चर्चा करने का और अपनी बात रखने का। आप लोग अपनी सीट पर जाइए, मैं आपको शून्यकाल में आपकी बात रखने का अवसर दूंगा। बिरला ने कहा, विपक्षी सदस्य अपनी सीट से उठकर आते हैं और कहते हैं कि (हमें) निलंबित कर दीजिए। उन्होंने कहा, यह तरीका सही है क्या? सदन की यही मयार्दा है क्या? (सदस्य) नियोजित तरीके से निलंबित करने की बात कर रहे हैं, यह सही नहीं है। संसद के शीतकालीन सत्र का अंतिम कार्यदिवस शुक्रवार को है। झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अरविंद लाल ने बताया कि लोकसभा के वैसे सदस्य जिन्हें महज शतकालीन सत्र के शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया था। उनकी सदस्यता सत्र की समाप्ति के साथ ही बहाल हो जाएगी, लेकिन जिन्हें पूरे लोकसभा के शैष कार्य अवधि के लिए निलंबित किया गया है उनकी सदस्यता अभी बहाल नहीं होगी। यह लोकसभा के अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र का विषय है।

**लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक...**

साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023, दूरसंचार विधेयक 2023, वस्तु एवं सेवाकर (संशोधन), 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक 2023 है। लोकसभा के इस सत्र में 55 तारांकित प्रश्न पूछे गए। 377 के तहत 265 मामले उठाए गए और शून्यकाल में 182 विषय उठाए गए। स्थाई समित के 35 प्रतिवेदन रखे गए। 33 वक्तव्य दिए गए। इस दौरान 18 दिसंबर को श्रीलंका का संसदीय प्रतिनिधिमंडल दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहा। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि सत्र के दौरान 55 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और नियम 377 के अधीन कुल 265 मामले उठाए गए।

**एससी के फैसलों से ईडी की...**

पीएमएलए कानून से जुड़े संशोधन पारित करना गलत है। गिरफ्तारी से जुड़ी ईडी की शक्तियां मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं। जमानत के आदेश में आरोपी को निर्दोष माना जाना चाहिए। हालांकि अदालतों ने सभी दलीलों को खारिज कर दिया। इसके बाद हालिया मामला पंकज बंसल का है। इसमें दो जजों की पीठ ने फैसला सुनाया। जस्टिस एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार ने तीन अक्तूबर को पारित फैसले में भी जुलाई में तीन जजों की पीठ की व्याख्या को स्वीकार नहीं किया।

## लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए हुई बैठक

# 318 सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस अधिकारियों की होगी प्रतिनियुक्ति

### आज से मोरहाबादी में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में दी जायेगी ट्रेनिंग व जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव-2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर रांची जिला के सभी 318 सेक्टर के लिए सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक का संयुक्तादेश जारी किया गया है। प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को हैंडबुक फॉर सेक्टर ऑफिसर-2023 तथा मेनुअल ऑन वूलनेराब्लिटी मैपिंग-2023 में निहित प्रावधानों के अनुसार अपने दायित्वों के निर्वहन का आदेश दिया गया है। जारी आदेश में सेक्टर पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी को अपने सेक्टर में पड़ने वाले मतदान



केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करने एवं मतदान केन्द्रों में मतदान केन्द्र का नाम, दीवार लेखन, भवन, बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प, उपस्कर, मार्गीय (रूट) सुविधा इत्यादि की स्थिति से एक सप्ताह के अन्दर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय, को उपलब्ध कराने को कहा गया है। साथ ही संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वूलनेराब्लिटी मैपिंग सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया। मतदान केन्द्रों के भौतिक निरीक्षण कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी को किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का सख्त निर्देश दिया गया है। उन्हें आज और कल 23 दिसंबर को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सारणी अनुसार आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में संयुक्त रुप से भाग लेने का भी आदेश दिया गया है।

### डीसी ने दी अभियोजन की स्वीकृति

**शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत विनोद कुमार यादव पर चलेगा केस**

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एयरपोर्ट थाना कांड सं.-49/2023 दिनांक 22 सितंबर, 2023 से सबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन के बाद शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। एयरपोर्ट थाना काण्ड संख्या 49/2023 दिनांक- 22 सितंबर, 2023 के प्राथमिकी अभियुक्त बिनोद कुमार यादव को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के सिक्युरिटी होल्ड एरिया में सिक्युरिटी चेकिंग के दौरान संदिग्ध सामान के साथ पकड़ा गया था। सामान की तलाशी लेने पर बैग से एक 5.56 एमएम गोली बरामद की गई। बरामद गोली के संबंध में पूछे जाने पर अभियुक्त द्वारा न कोई वैध कागजात प्रस्तुत किये और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। उक्त कांड के अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण के क्रम में पकड़ाये प्राथमिकी अभियुक्त के विरूद्ध घटना को सत्य पाया गया। आशा कुमारी एयरपोर्ट थाना द्वारा समर्पित प्रतिवेदनों एवं पुलिस अधीक्षक रांची नगर के द्वारा अनुशंसित इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त के विरूद्ध अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई।

## एक नजर

### सीएसके के साथ जुड़ना बेहद रोमांचकः रचिन रवींद्र

**नेल्सन।** न्यूजीलैंड के उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) जैसी अद्भुत और ऐतिहासिक फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना उनके लिए बेहद रोमांचक एहसास है। मंगलवार को दुबई में नीलामी में पंजाब किंग्स के मैदान में आने से पहले सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स ने रवींद्र को हासिल करने के लिए एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन बाजी चेन्नई ने मारी और 1.8 करोड़ रुपये में इस कीवी खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा। चेन्नई के साथ जुड़ना बेहद खास है क्योंकि मैं आईपीएल देखते हुए बड़ा हुआ हूं और अब एक अद्भुत और ऐतिहासिक फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना शानदार है। इसके अलावा, कई कीवी लोगों के साथ शामिल होने के लिए मुख्य कोच के रूप में फ्लेम (स्टीफन फ्लेमिंग), डैज (डेरिल मिचेल), डेवोन कॉनवे और मिशेल सेंटनर के साथ, यह जाने के लिए एक अद्भुत टीम है।

### पाकिस्तान को लगा झटका, शहजाद ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**मेलबर्न।** शान मसूद की अगुवाई में पहले टेस्ट मैच में अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले पाकिस्तान के खुर्रम शहजाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान टीम के लिए यह एक बड़ा झटका है। यह गेंदबाज शानदार फॉर्म में था। डेब्यू मैच में तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद चोटिल हो गए। उन्हें दर्द की शिकायत हुई जिसके बाद उन्हें एमआर आई स्कैन के लिए ले जाया गया है। खुर्रम के चोटिल होने की जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शेयर की है। किस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान में कहा, पसली में स्ट्रेस फ्रेक्चर और पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण खुर्रम शहजाद को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। जांच के बाद वो लाहौर में एनसीए लौट आएंगे, जहां वह पूरी तरह फिट होने तक रिहैब में रहेंगे।

### अर्जुन पुरस्कार चयन के बाद स्क्वैश खिलाड़ी हरिंदर संधू बेहद खुश

**चेन्नई।** भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी हरिंदर पाल सिंह संधू, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए 26 खिलाड़ियों में से एक हैं, ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं चाँद पर हूँ। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल हांगझाऊ में एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते - पुरुष टीम स्पर्धा में और दीपिका पल्लीकल के साथ मिश्रित युगल में। संधू, भुवनेश्वरी कुमारी, सौरव घोषाल, दीपिका, जोशना चिनप्पा और अनाका अलंकामोनी के बाद अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले छठे स्क्वैश खिलाड़ी बन जाएंगे। भारतीय स्क्वैश अकादमी जिसने मुझे 2003 से एक खिलाड़ी के रूप में तैयार किया है, स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और एन रामचंद्रन को उनके अटूट समर्थन के लिए, तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण, मेरी टीम के साथी और सबसे बढ़कर अकादमी में निष्पक्ष खेल संस्कृति।

# बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह बने कुश्ती संघ के अध्यक्ष

**अध्यक्ष**- संजय कुमार सिंह-यूपी
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष**- देवेन्द्र- असम

**उपाध्यक्ष**
**असित कुमार साहा-पश्चिम बंगाल**
**जय प्रकाश- दिल्ली**
**करतार सिंह-पंजाब**
**एन. फोनी-मणिपुर**

**एजेंसी। रांची/नई दिल्ली**
बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष का चुनाव जीत गए हैं. उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी अनीता श्योराण को शिकस्त दी है। बता दें कि इससे पहले बृजभूषण शरण सिंह ने दावा भी किया था कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ही बनेंगे। गुरुवार को डब्लूएफआई के कुल 15 पदों पर चुनाव हुए, जिसमें संजय सिंह अध्यक्ष चुने गये। इस चुनाव में संजय सिंह की उम्मीदवारी पर आपत्ति जताई जा रही थी, क्योंकि वो बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। अध्यक्ष पद के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष के 4 पदों, महासचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के 2 पदों और 5 कार्यकारी सदस्यों का चुनाव हुआ. झारखंड के रजनीश कुमार कार्यकारी सदस्य चुने गये है. बता दें कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद पर पिछले 12 साल से बृजभूषण शरण सिंह थे। साल 2011 से लगातार तीन बार वो कुश्ती संघ के अध्यक्ष चुने गए. चुनाव की प्रक्रिया इस साल जुलाई में शुरू हुई थी, लेकिन कोर्ट केसेज के कारण ये चुनाव टलता गया।

## साक्षी मलिक ने डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष के चुनाव से थी निराश




**साक्षी का पूरा बयान**

**अंधकार में है कुश्ती का भविष्य- विनेश फोगाट** : साक्षी के कुश्ती से संन्यास के ऐलान के बाद विनेश फोगाट भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, यह वास्तव में बहुत ही दुखद है। हमने लड़ने की कोशिश की, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। मुझे नहीं पता कि न्याय कैसे मिलेगा, हमने न्याय के लिए आवाज उठाने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश की। मैं युवा एथलीटों से कहना चाहती हूं कि अन्याय का सामना करने के लिए तैयार रहें। कुश्ती का भविष्य अंधकार में है।

**बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ किया था आंदोलन** : पहलवानों ने एक नाबालिग पहलवान समेत 7 महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसे लेकर पहलवानों ने जमकर प्रदर्शन किया था। साक्षी उस आंदोलन का हिस्सा थी। संन्यास की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा, मैंने लड़ाई पूरे दिल से लड़ी, लेकिन अगर अध्यक्ष बृजभूषण की तरह ही रहेगा तो मैं अपनी कुश्ती को त्याग रही हूं। साक्षी अपने इस बयान के बाद फूट-फूटकर रोने लगीं।

### खेलकूद के तीसरे दिन कई प्रतियोगिता आयोजित, पुरस्कृत हुए विजेता

# खेल भी शिक्षा का अभिन्न अंग : प्राचार्य



**एजेंसी। बरही**
वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन रेनबो विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि इंटर महाविद्यालय ने प्राचार्य अरुण कुमार दुबे, विशिष्ट अतिथि बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता आदि सहित कई लोग शामिल हुए. तीसरे दिन खो-खो, शाटपुट, जेबलिंग, कबड्डी, लंबी कूद, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, 50 मीटर, सौ मीटर की रेस आदि सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमे नर्सरी से कक्षा नवमी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया. वॉलीबाल, कबड्डी और जूनियर टैग ऑफ वार, लडको के खो-खो में अंबेदकर हाउस, लड़कियों के खो-खो में चंद्रशेखर हाउस विजेता रहा. सभी विजेताओं को अतिथियों के हाथो मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया. मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री दुबे ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्तव है. स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है. इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है. उन्होंने कहा कि खेल भी शिक्षा का एक अभिन्न अंग है।

## दक्षिण अफ्रीका ने समग्र रूप से बेहतर प्रदर्शन किया : मार्करम

**एजेंसी। गकेबरहा**
दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम मंगलवार रात सेंट जॉर्ज पार्क में दूसरे वनडे में भारत पर अपनी टीम की आठ विकेट की जीत से काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि उनकी टीम का समग्र प्रदर्शन काफी बेहतर है। वह जोहान्सबर्ग में श्रृंखला के शुरूआती मैच में हार गए थे। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि केशव महाराज और ब्यूरन हेंड्रिक्स ने क्रमशः 2/51 और 2/34 विकेट लेकर भारत को 211 रन पर समेट दिया, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज टोनी डी जोरजी ने 122 गेंदों पर नाबाद 119 रन की शानदार पारी खेली। उन्हीने 42.3 ओवर में लक्ष्य का सफल पीछा करने के लिए नौ चौके और छह छक्के लगाए। कुछ दिन पहले की तुलना में समग्र प्रदर्शन काफी बेहतर है. गेंद और क्षेत्ररक्षण में काफी बेहतर। जब सलामी बल्लेबाज बल्लेबाजी के लिए उतरे तो उन्होंने (जोरजी और रीजा हेंड्रिक्स) 100 रन की साझेदारी की और मैच तैयार किया - यह बहुत अच्छा था।"मैच समाप्त होने के बाद मार्करम ने कहा, वह स्वीकार्य प्रदर्शन नहीं था।

### शमी-मोहित के साथ खेलना मजेदार, जीटी में शामिल होने पर बोले उमेश यादव

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव, जिन्हें दुबई में आईपीएल 2024 की नीलामी में गुजरात टाइटंस ने 5.8 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने अपने पुराने दोस्तों (शमी और मोहित) के साथ खेलने की संभावना को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उमेश यादव ने ब्रॉडकास्टर्स जियो सिनेमा से कहा, काफी समय हो गया है जब शमी, मोहित शर्मा और मैं 2015 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। वे यादें वापस आ रही हैं। जिस तरह से शमी अब गेंदबाजी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि हमें बहुत मजा आएगा।

# क्वाटर फाइनल जीत एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज सेमीफाइनल में

**एजेंसी। लोहरदगा**
स्थानीय बीएस कॉलेज लोहरदगा में चल रही रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज क्वाटर फाइनल मुकाबले सम्पन्न हो गए। आज खेले गए मुकाबलों में एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गए। बी एस कॉलेज लोहरदगा और गोस्सनर कॉलेज पहले ही सेमीफाइनल में जा चुके हैं। आज पहला क्वाटर फाइनल मुकाबला एसएस मेमोरियल कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें डोरंडा कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.3 ओवर में 94 रन बनाए। जवाब में एसएस मेमोरियल की टीम ने 13.5 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुकाबले में शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिए एसएस मेमोरियल के अभिषेक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे क्वाटर फाइनल मुकाबले में आरएलएसवाई कॉलेज ने मारवाड़ी कॉलेज के खिलाफ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 104 रनों का स्कोर बनाया।



### वीरेंद्र भगत फुटबॉल टूर्नामेंट में मेकन जीता

**रांची।** गुरुवार को सरना रत्न दादा वीरेंद्र भगत स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहला मैच मेकन स्पोर्ट्स बनाम भगत इलेक्ट्रॉनिक परहेपाट के बीच हुई। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में मेकन स्पोर्ट्स विजय रही जबकि दूसरा मुकाबला पांच घरवा एफसी बनाम केवाइसी रांची के बीच खेला गया। इस दौरान फुटबॉल खेल प्रेमियों से मैदान खचाखच भरा रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष नारायण उरांव, मुख्य संरक्षक अमर उरांव उपाध्यक्ष झरी लिंडा, हेमंत गाड़ी, सचिव राजु तिग्गा उप सचिव पंकज टोप्पो, कोषाध्यक्ष सुधीर गाड़ी, उप कोषाध्यक्ष सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का श्री गणेश



**एजेंसी। हजारीबाग**
पीडब्ल्यूडी चौक स्थित जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि विभावी एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जॉनी रूफिना तिर्की, ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक शंभू कुमार ,महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कर्जन खेल मैदान में किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एनएसएस समन्वयक जॉनी रूफिना तिर्की ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है और युवा वर्ग इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं। मौके पर महाविद्यालय के निदेशक शंभू कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हम पीछे नही हटेंगे। वही महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा जो खिलाड़ी राज्य व राष्ट्र स्तर पर खेलेंगे उन विद्यार्थियों को महाविद्यालय निशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन आगामी 26 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता में 15सौ,4 सौ तथा 100

## व्यापार

# वित्तमंत्री निर्मला और विश्व बैंक प्रमुख बंगा ने भारत के जी20 प्रस्तावों को लेकर आगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**
विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को यहां एक बैठक में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बताया कि बहुपक्षीय वित्तीय संस्थान ने भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह द्वारा की गई सिफारिशों का अध्ययन करने के लिए एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने अगले कुछ वर्षों में ध्यान केंद्रित करने के लिए आठ अद्वितीय वैश्विक चुनौतियों की पहचान की है, क्योंकि वे कई देशों को प्रभावित करती हैं और उन पर ध्यान देने की जरूरत है। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, निर्मला ने इस बात पर भी जोर दिया कि विश्व बैंक की देश जलवायु और विकास रिपोर्ट प्रक्रिया में देश की प्राथमिकताओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में वित्त प्लस/बजट प्लस तत्वों पर विशेष जोर देने के साथ परियोजनाओं के कार्यान्वयन में एक समन्वित दृष्टिकोण की संभावना तलाशने की विश्व बैंक की जरूरत पर जोर दिया।

## धार्मिक, पर्यटन स्थलों तक पहुंच के लिए राजमार्ग पर 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने महत्वपूर्ण पर्यटक और धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 1,49,758 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की है। इसके लिए लगभग 8,544 किलोमीटर की 321 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की गई हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा को ये जानकारी दी। मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। नेशनल हाईवे का विकास सरकार के दृष्टिकोण के साथ पीएम गति शक्ति सिद्धांत पर नेटवर्क योजना के बाद किया जा रहा है। महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यटक और धार्मिक स्थलों के लिए कनेक्टीविटी में सुधार के लिए सड़क किनारे सुविधा (डब्ल्यूएसए), पर्याप्त साइनेज, सौंदर्यीकरण पर खर्च शामिल है। मंत्री ने एक लिखित उत्तर में कहा, इस तरह पर्यटन/धार्मिक स्थलों के विकास के लिए किसी डेडिकेटेड फंड की कोई जरूरत नहीं है। मंत्री द्वारा 21 राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए आवंटन प्रस्तुत किए गए, जिनमें उत्तराखंड (13,181 करोड़ रुपए), केरल (12,427 करोड़ रुपए), तमिलनाडु (10,601 करोड़ रुपए), बिहार (10,028 करोड़ रुपए), उत्तर प्रदेश (7,721 करोड़ रुपए), राजस्थान (6,274 करोड़ रुपए), गुजरात (6,902 करोड़ रुपए) और पश्चिम बंगाल (5,361 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

# कोविड के बाद दुनियाभर में कर्ज में बढ़ोतरी एक बड़ी चिंता: रिपोर्ट



**2022 में कर्ज 92 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 92 प्रतिशत है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 के बाद वैश्विक कर्ज में वृद्धि एक बड़ी चिंता का विषय है। यह 2022 में 92 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 92 प्रतिशत है। 2020 की शुरूआत से अब तक लगभग 19 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर या वैश्विक सार्वजनिक ऋण का लगभग 20 प्रतिशत ऋण जमा हो चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक ऋण साल 2028 तक 132 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि कोविड महामारी के बाद वैश्विक ऋण में वृद्धि एक बड़ी चिंता के रूप में उभर कर सामने आई है। 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद के विभिन्न ऋण चक्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि कोविड के बाद ऋण के स्तर में तेजी से वृद्धि के कारण ऋण संकट में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे कम आय वाले देशों में डिफॉल्ट जोखिम बढ़ गया है। केयरएज रेटिंग ग्रुप के प्रबंध निदेशक और सीईओ मेहुल पंड्या ने कहा, महामारी के बाद एडवांस्ड और ईएमडीई में ऋण स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं लो इंटरेस्ट रेट का फायदा उठा रही हैं। लेकिन अब, ब्याज दरें लंबी अवधि तक ऊंची रहने के साथ, उन्हें बढ़ती ऋण सेवा लागत का दर्द महसूस होगा। केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, वैश्विक ऋण में हालिया उछाल इसकी तेज वृद्धि और भारी मात्रा दोनों में उल्लेखनीय है। ऋण के स्तर में तेज वृद्धि के साथ, ऋण संकट की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।

## हृदय रोग संबंधी परीक्षण में कर सकेंगे 2500 से 12 लाख तक खर्च

# सीजीएचएस कार्डधारक कर्मियों व पेंशनर्स को तोहफा

**ब्यूरो। नई दिल्ली**
केंद्र सरकार में सीजीएचएस कार्ड होल्डर कर्मियों व पेंशनरों को अब हृदय की बीमारी से संबंधित 42 परीक्षणों के लिए रेट तय कर दिए गये हैं। यह रेट 2500 रुपये से लेकर 12 लाख रुपये तक हैं। नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त किसी अस्पताल या लैब में ये रेट कुछ ज्यादा हैं, जबकि नॉन एनएबीएच अस्पताल में इन परीक्षणों का खर्च थोड़ा कम है। सीजीएचएस में 15,75,087 कार्ड होल्डर हैं, जिनमें से 6,97,407 सेवारत्त कर्मचारी और 8,77,681 पेंशनर हैं। लाभार्थियों की संख्या 44,46,369 है। इनमें से 26,35,665 सेवारत्त कर्मचारी और 18,10,707 पेंशनर हैं। अगर किसी लाभार्थी को बैलून कोरोनरी एंजियोप्लास्टी/पीटीसीए, टैस्ट नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) अस्पताल में करानी है, तो उसके लिए 92000 रुपये देने होंगे। अगर यही टेस्ट नॉन एनएबीएच अस्पताल में कराते हैं, तो उसके लिए सीजीएचएस लाभार्थी को 78200 रुपये देने पड़ेंगे।




**एंडोवास्कुलर कॉइलिंग और सेप्टोस्टॉमी बलून भी शामिलः** सीजीएचएस के रेट में टेम्पोरेरी पेसमेकर इम्प्लांटेशन (टीपीआई), परमानेंट पेसमेकर इम्प्लांटेशन (सिंगल चेंबर), परमानेंट पेसमेकर इम्प्लांटेशन (ड्यूल चेंबर), परमानेंट पेसमेकर इम्प्लांटेशन (पीपीआई), ऑटोमैटिक इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर एआईसीडी सिंगल चेंबर, ऑटोमैटिक इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर एआईसीडी ड्यूल चेंबर, कोम्बो डिवाइस इम्प्लांटेशनरेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन कन्वेंशनल, रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन एट्रियल टैचीकार्डिया 3डी मेपिंग, एंडोवास्कुलर कॉइलिंग, सेप्टोस्टॉमी बलून, एओर्टिक वेल्यू बलून डायलेशन एबीवीडी और पल्मोनरी वेल्यू बलून डायलेशन पीवीबीडी का परीक्षण भी शामिल है।


### टीएवीआर इम्प्लांट के लिए 12,84,000रू.

ट्रांस केथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) इम्प्लांट के लिए सीजीएचएस लाभार्थी को एनएबीएच अस्पताल में 12,84,000 रुपये खर्च करने पड़ेंगे, जबकि नॉन एनएबीएच अस्पताल में भी यह रेट समान ही रहेंगे। एनएबीएच अस्पताल में ट्रांस केथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट प्रोसीजर कॉस्ट 1,00,000 रुपये होगी, जबकि नॉन एनएबीएच अस्पताल में 85,000 रुपये लगेंगे।

### पीईटी/सीटी स्कैन पर 11,500 रुपये

एफडीजी होल बॉडी पीईटी/सीटी स्कैन के लिए एनएबीएच अस्पताल में 11,500 रुपये और नॉन एनएबीएच अस्पताल में 10,000 रुपये देने होंगे। ब्रेन, हर्ट एफडीजी पीईटी/सीटी स्कैन के लिए भी इतने ही रुपये खर्च करने पड़ेंगे। गैलियम 68 पेप्टाइड पीईटी/सीटी इमेजिंग फॉर न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर, अगर यह टेस्ट एनएबीएच अस्पताल में होता है, तो उसके लिए 11,500 रुपये लगेंगे। नॉन एनएबीएच अस्पताल में यह रेट 10,000 रुपये रहेगा।

# पेटीएम लाभ में वृद्धि के लिए एआई का कर रहा इस्तेमाल




**एजेंसी। नई दिल्ली**
फिनटेक दिग्गज पेटीएम भुगतान और धन प्रबंधन जैसी वित्तीय सेवाओं में क्रांति लाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का लाभ उठा रहा है। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने ब्लूमबर्ग के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। पेटीएम की एआई-संचालित रणनीति ने भारत के लिए नवाचार जारी रखते हुए कार्यबल को कम करने में मदद की है। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि हम भारत में एआई क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं, हम दोहराए जाने वाले कार्यों को खत्म करने के लिए एआई-संचालित स्वचालन को अपना रहे हैं, जिससे लागत में काफी बचत हो रही है। विकास और लागत में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से हम अपने कार्यबल में 10 प्रतिशत की कमी कर रहे हैं और भारत में भुगतान और वित्तीय सेवाओं में नवाचार को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। पेटीएम का मानना है कि इसकी मजबूत मोबाइल-फर्स्ट नींव और प्रारंभिक एआई अपनाने से इसे प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। कंपनी को यह भी लगता है कि कर्मचारियों को एआई-सक्षम भूमिकाओं के लिए तैयार करने के लिए अपस्किलिंग और रीस्किलिंग की जरूरत है। शर्मा ने ब्लूमबर्ग के साथ अपने साक्षात्कार में कहा, हम कर्मचारी लागत पर लक्षित 10-15 प्रतिशत की बचत करने में सक्षम होंगे, जिसकी हमने योजना बनाई थी, क्योंकि एआई ने वास्तव में हमारी अपेक्षा से अधिक प्रदान किया है। शर्मा ने यह भी कहा कि कंपनी का लक्ष्य जल्द ही -स्तर की

### एक जनवरी से बढ़ेगी पियाजियो थ्री व्हीलर की कीमत

**नई दिल्ली।** इटालियन ऑटो दिग्गज, पियाजियो ग्रुप की शत-प्रतिशत सहायक कंपनी और भारत में छोटे कमर्शियल वाहन बनाने वाली कंपनी पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने अपने इंटरनल कम्बशन इंजन वाले आपे ब्रांड के 3-व्हीलर की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। यह बढ़ोतरी पियाजियो आपे के डीजल, सीएनजी, एलपीजी और पेट्रोल वेरिएंट के कार्गो और पैसेंजर दोनों तरह के वाहनों पर लागू होगी। कंपनी ने बताया है कि 1 जनवरी 2024 से पूरे भारत में कंपनी के इन वाहनों की मौजूदा एक्स-शोरूम कीमत में 6000 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। अपने विचार साझा करते हुए पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के ईवीपी, सीवी डोमेस्टिक बिजनेस (आईसीई) और रिटेल फाइनेंस, अमित सागर ने कहा, इस त्योहारी सीजन में हमारे 3-व्हीलर वाहनों की बिक्री जबरदस्त रही है।